सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.5 न्यू | 25.7 अधि |
| धर्मशाला | 22.0 न्यू | 28.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79032.73 |
| निफ्टी | 24010.60 |
| सोना 70,510 | चांदी 90,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




रोहित-कोहली के बाद जडेजा ने भी लिया संन्यास

पृष्ठ 13 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 1 जुलाई, 2024 | 18 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 194, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- खड्ड में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत -पेज 3
- पिस्टल दिखाकर जान से मारने की दी धमकी -पेज 10
- कुल्लू-काजा के लिए एचआरटीसी की नियमित बस सेवा आज से -पेज 11
- द. अफ्रीका से नहीं टूटा टीम इंडिया का तिलिस्म -पेज 13
- केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं, गिरफ्तारी अवैध : संजय-पेज 14


# देश की संस्कृति का विश्व में गौरवगान

## मोदी ने 'मन की बात' के 111वें एपिसोड में देशवासियों को किया संबोधित

एजेंसी, नई दिल्ली

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने चार महीने के लंबे अंतराल के बाद रविवार को 'मन की बात' के 111वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें हर महीने आखिरी रविवार को इसकी कमी खलती थी। मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा, और आज मैं आपके बीच फिर हाजिर हूं। 'मन की बात' भले ही कुछ महीने बंद रही हो, लेकिन, उसकी भावना के अनुरूप देश में, समाज में, हर दिन अच्छे काम, निस्वार्थ भावना से किए गए काम, समाज पर सकारात्मक असर डालने वाले काम निरंतर चलते रहे।

प्रधानमंत्री ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनियाभर में भारतीय संस्कृति का गौरवगान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं। उन्होंने कुवैत सरकार की ओर से राष्ट्रीय रेडियो पर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को शामिल करते हुए शुरू किए गए हिंदी के एक विशेष कार्यक्रम की सराहना की। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहां भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहां तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत सरकार और वहां के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने यह शानदार पहल की है। पीएम ने 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनियाभर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।



### लोगों ने संविधान, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया

**पीएम** ने कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग व इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव करार देते हुए कहा कि इसमें 65 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख

**पीएम** ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

### ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में आरंभ हो रहे पेरिस ओलंपिक (26 जुलाई से 11 अगस्त) में भारतीय खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए रविवार को भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में भारतीय खिलाड़ी 'जी-जान' से जुटे हुए हैं और आने वाले दिनों में उन्हें भी भारतीय दल से मुलाकात और उनके उत्साहवर्धन का अवसर मिलने वाला है।

### भारत के उत्पादों की विदेशों में बढ़ी मांग

**पीएम** ने भारत के उत्पादों की विदेशों में मांग का जिक्र करते हुए कहा कि देश के कई उत्पादों की दुनिया भर में बहुत मांग है। जब हम भारत के किसी लोकल प्रोडक्ट को ग्लोबल होते देखते हैं, तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। ऐसा ही एक प्रोडक्ट है अराकू कॉफी। आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में अराकू कॉफी बड़ी मात्रा में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर और खुशबू के लिए जानी जाती है। अराकू कॉफी को नई ऊंचाई देने में गिरिजां कॉपरेटिव की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसने यहां के किसान भाई-बहनों को एक साथ लाने का काम किया और उन्हें अराकू कॉफी की खेती के लिए प्रोत्साहन दिया।

### देशवासी संस्कृत को सम्मान दें और अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें

**प्रधानमंत्री** ने प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में संस्कृत की बड़ी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि देशवासी संस्कृत को सम्मान भी दें और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में संस्कृत की बड़ी भूमिका रही है। कब्बन पार्क में लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है और इसके तहत वे यहां हफ्ते में एक दिन यानी हर रविवार को बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### देश के 30वें सेनाध्यक्ष बने जनरल उपेंद्र द्विवेदी



**नई दिल्ली।** जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी को चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी को सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

### आतंकी लांडा के पांच साथी जालंधर से गिरफ्तार



**जालंधर।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने आतंकी लखबीर लांडा के पांच साथियों को सीमा पार से आए हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 विदेशी पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, 2 मैगजीन और 2 कारतूस बरामद किए हैं। सिटी पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### के. कविता की जमानत पर फैसला आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। कविता अभी तिहाड़ में बंद हैं।

### पुणे में झरने में चार बच्चों समेत पांच डूबे

**पुणे।** महाराष्ट्र के लोनावाला हिल स्टेशन के निकट एक झरने में एक महिला और चार बच्चों सहित पांच लोग बह गए और डूब गए। लोनावाला पुलिस स्टेशन के प्रभारी मयूर अग्नवे ने बताया कि रविवार दोपहर को बच्चे व अन्य लोग भूशी बांध के पास पहाड़ी जंगलों में बह रहे झरने का आनंद लेने गए थे। मरने वाले सभी पुणे के सैय्यद नगर के निवासी थे। लोगों ने कहा कि वे झरने के तल पर काई लगे पत्थरों पर फिसलकर पानी के बहाव में बह गए और डूब गए।






### हिज्ब-उत-तहरीर मामले में एनआईए का एक्शन तमिलनाडु में 10 ठिकानों पर रेड, दो आरोपी धरे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तमिलनाडु के पांच जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान एनआईए ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने यह कार्रवाई हिज्ब-उत-तहरीर मामले में की है। गिरफ्तार आरोपी हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्य हैं, जो एक अंतरराष्ट्रीय पैन-इस्लामिस्ट और कट्टरपंथी संगठन है। इनका मकसद इस्लामिक खिलाफत को फिर से स्थापित करना है।

## केदारनाथ धाम के पास हुआ हिमस्खलन

एजेंसी रुद्रप्रयाग

**केदारनाथ** से चार किलोमीटर ऊपर बर्फीले इलाके में रविवार सुबह एक तेज आवाज के साथ हिमस्खलन हुआ। यह हिमस्खलन केदारनाथ घाटी के ऊपरी छोर पर स्थित हिमाच्छादित मेरु-सुमेरु पर्वत श्रृंखला के नीचे चौराबाड़ी हिमनद में गांधी सरोवर के ऊपरी क्षेत्र में हुआ। रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि चौराबाड़ी हिमनद में सुबह हुए हिमस्खलन से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। सुबह केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं ने घटना को मोबाइल में कैद किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



## कुल्लू में आग लगने से छह गाड़ियां जलीं

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

**कुल्लू** के गांधीनगर नाला में खड़ी गाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग लगने से छह कारें पूरी तरह से जल गईं। आगजनी की घटना में करीब 20 लाख का नुकसान हुआ है, जबकि करीब 1 करोड़ की संपत्ति को जलने से बचा लिया गया।

रविवार तड़के 2:55 बजे गांधीनगर नाले के नजदीक एक पार्क में खड़ी कारों में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को दी, जिसके बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक छह कारें पूरी तरह से जलकर राख हो गई थीं। आग लगने से वाहन मालिकों को लाखों का नुकसान हुआ है।

उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद कुल्लू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अग्निशमन विभाग के सब फायर ऑफिसर प्रेम भारद्वाज ने कहा कि रविवार तड़के गाड़ियों को आग लगने की सूचना मिली। दमकल दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)



कुल्लू के गांधीनगर नाले में जली हुई कारें।

### इन लोगों की गाड़ियां जलीं

आग लगने से राजेंद्र कुमार (आई-10), मोहर सिंह (वेन्यू), कुश भारद्वाज ( इयोन), कर्म सिंह ( ऑल्टो), ओमा देवी ( क्रेटा), शोबला देवराज ( इग्निस) की गाड़ी जल गईं। इग्निस गाड़ी पूरी तरह से जल गई हैं। अन्य गाड़ियों को भी भारी नुकसान हुआ है।






## प्रदेश में तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट



रविंद्र जस्टा, शिमला

**प्रदेश** में रविवार को बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी तीन दिन तक प्रदेशभर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर में भारी बारिश की संभावना जताई है।

एक-दो स्थानों पर बहुत तेज बारिश की आशंका है। वहीं, लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है। मौसम निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि आगामी तीन प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है और उसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कई हिस्सों में तेज बारिश होने के साथ लैंडस्लाइड जैसी घटनाएं भी सामने आ सकती हैं और नदी-नाले उफान पर रहेंगे। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सात जुलाई तक मौसम खराब बना रहेगा। (अनंत ज्ञान)

**लैंडस्लाइड की संभावना, सात जुलाई तक मौसम खराब**

### बद्दी में युवक पर चलाई गोली पीजीआई रेफर

**बीबीएन।** बद्दी के थाना पंचायत के नरंगपुर में गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक ने दूसरे युवक पर गोली चला दी। गोली टांग पर लगी है। घायल युवक को बद्दी अस्पताल से पीजीआई रेफर किया है। घायल युवक की पहचान दीदार सिंह उर्फ दारा पुत्र ध्यान सिंह निवासी कडुआना बद्दी के रूप में हुई है। हमलावर युवक फरार है। आरोपी युवक गुरमीत सिंह उर्फ चिड्डू पुत्र शाम लाल भी कडुआना का रहने वाला है। गोलीकांड के पीछे स्क्रैप व खनन की पुरानी रंजिश बताई जा रही है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने पुष्टि की है।






**फैसला** तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से आपराधिक न्याय प्रणाली में आएंगे व्यापक बदलाव

# आज से खत्म हो जाएंगे अंग्रेजों के जमाने के कानून

एजेंसी, नई दिल्ली

**अंग्रेजों** के जमाने के कानून अब खत्म हो जाएंगे। मोदी सरकार तीन नए आपराधिक कानूनों को सोमवार से देशभर में लागू करने जा रही है। इससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिए समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है।

सूत्रों ने बताया कि 'ओवरलैप' धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया और उन्हें सरलीकृत किया गया है और भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी। सूत्रों ने बताया कि शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ की ओर से पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह तीनों कानून न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर आधारित हैं। नए कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गए बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा और पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।

### आपराधिक मामलों में 45 दिन के भीतर फैसला: अमित शाह



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे, जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई थी। नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है। राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी व जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों के कमरे से चिट्टा, चरस और अफीम बरामद

**आर मोहन, सोलन।** सोलन पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने धर्मपुर क्षेत्र के रामपुर गांव में एक पांच मंजिला भवन में दबिश देकर कुमारहट्टी की एक यूनिवर्सिटी के मंडी निवासी दो छात्रों के कमरे से चरस अफीम और चिट्टा बरामद किया है। दोनों छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि सोलन पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि धर्मपुर क्षेत्र के रामपुर गांव में सड़क के किनारे बनी एक पांच मंजिला बिल्डिंग में निशांत राणा किराये पर रहता है। निशांत अपने दोस्त साहिल के साथ मिलकर युवाओं को नशे का सामान उपलब्ध कराता है। दोनों एमएमयू के छात्र हैं। दोनों ही इसी यूनिवर्सिटी के छात्रों को नशे के इस सामान की आपूर्ति करते हैं। इस सूचना पर स्पेशल डिटैक्शन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त बिल्डिंग के किराये के कमरे में दबिश दी। एक कमरे में साहिल और निशांत राणा पुलिस को मिल गए। कमरे की तलाशी ली तो वहां से 129 ग्राम चरस, 54 ग्राम अफीम व 6 ग्राम से ज्यादा चिट्टा बरामद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### सुक्खू सरकार की जनता से बेरुखी : रणधीर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पर जनहित को दरकिनार कर मित्रों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और हमीरपुर के उपचुनाव प्रभारी विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। हमीरपुर के बमसन सेक्टर में बोहणी, गालियां, लगवान और कल्लर कटोचां ग्राम केंद्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान रणधीर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली का मुख्य उद्देश्य जनता के कल्याण से अधिक अपने मित्रों को लाभ पहुंचाना है, जिससे प्रदेश का विकास और जनहित प्रभावित हो



रहा है। रणधीर ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनता की भलाई और उनकी समस्याओं के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया है। मुख्यमंत्री के शपथ लेने के बाद से डेढ़ वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन उनकी चुनावी गारंटियों का कोई ठोस परिणाम देखने को नहीं मिला है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जनता ने उम्मीद की थी कि मुख्यमंत्री अपनी 10 गारंटियों को जल्द से जल्द पूरा करेंगे, लेकिन अब जनता महसूस कर रही है कि सुक्खू सरकार ने अपने वादों को निभाने के बजाय अपने करीबी मित्रों को लाभ पहुंचाने का ही काम किया है। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी, जो लोकतंत्र की दुहाई देने में अग्रणी रही है, ने हिमाचल प्रदेश में लोकतांत्रिक परंपराओं की अनदेखी करते हुए अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक का दर्जा दिया है। मुख्यमंत्री समेत हिमाचल में केवल 12 पद कैबिनेट रैंक के हो सकते हैं, लेकिन सुक्खू सरकार ने लगभग 30 ऐसे व्यक्तियों को यह दर्जा दिया है जिनमें से अधिकांश केवल मुख्यमंत्री के करीबी हैं। (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में मोटर साइकिल चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठियार में शनिवार रात्रि करीब एक बजे मोटर साइकल चालक 24 वर्षीय प्रदीप कुमार की बछड़े के साथ टकराकर बछड़े और उसकी मौत हो गई। नगरोटा बगवां पुलिस थाना के एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि शनिवार को करीब एक बजे यह दुर्घटना हुई। उक्त युवक गांव रज्जू के होड़ा गांव, तहसील धीरा का बताया गया है। जानकारी अनुसार मृतक युवा डाढ़ से मसल की ओर अपने घर की ओर जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर उसकी मृतक देह को परिजनों को सौंप दिया है।इसकी पुष्टि थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने की है। (अनंत ज्ञान)

### पुष्पेंद्र वर्मा के प्रचार में उतरे सुभाष ढटवालिया

**एसके ठाकुर, बिझडी।** हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा एवं भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के बीच में कांटे की टक्कर चली हुई है। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है प्रत्याशियों सपोर्टर जी जान मेहनत कर रहे हैं। रविवार को बड़सर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत ताल मैं लोगों से रूबरू हुए तथा कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा के पक्ष में वोट डालने की लोगों से अपील की। सुभाष ढटबालिया एक साफ छवि के व्यक्तित्त्व है कांग्रेस नेता होने के साथ-साथ एक समाज सेवी हैं। उन्होंने कहा की हमीरपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा भारी मतों से जीत हासिलकरेंगे। (अनंत ज्ञान)

## जमीन खरीद-फरोख्त मामले में दो अधिकारी और तीन नेता निशाने पर

# छापेमारी की जांच दूसरे दिन भी रही जारी

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

हमीरपुर में इनकम टैक्स की छापामारी की जांच का काम रविवार को भी जारी है। अलग-अलग नौ स्थानों पर बीते रोज पड़ी इस रेड में सराफा कारोबारी के शटर बंद करके जांच जारी। इनकी दो दुकानों और आवासों पर तो जांच पूरी करके टीम ने अपना ताम-झाम समेट लिया है, लेकिन अभी भी तीन ठिकानों पर जांच देर शाम तक जारी थी।

जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले को लेकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया जा सकता है? इस मामले में दो बड़े अधिकारी और तीन नेता निशाने पर बताई जा रहे हैं। जांच की 'धुरी' सराफा कारोबार से जुड़ी हुई तो है ही, जिन अधिकारियों की वजह से जमीन की खरीद फरोख्त हुई है, उन पर भी शिकंजा कसने की बुनियाद तैयार की जा रही है।

भाजपा के नेता पहले ही इस तरह के आरोप लगा चुके हैं। मतलब साफ है कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों पर शिकंजा मुकम्मल तौर पर कसने की तैयारी की जा रही है। चावन की ठीक और बेलापुर इस तरह की रेड का असर क्या करवट लेगा इसका पता तो अभी बाद में ही चल पाएगा, लेकिन नेताओं में निश्चित रूप में हड़कंप मचा हुआ है। (अनंत ज्ञान)





हमीरपुर में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान के बाहर ड्यूटी देता बीएसएफ का जवान।

### जमीन खरीद-फरोख्त के साक्ष्य जुटाना अहम

शराब के कारोबारियों पर इस रेट को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन उनके इस कारोबार के अलावा उनकी जमीन की खरीद फरोख्त से जुड़ी हुई गतिविधियों को जांच टीम ने निशाना बनाया हुआ है। इस मामले में जमीन की बड़ी खरीद फरोख्त को लेकर भी बड़ा विस्फोट हो सकता है। इसमें पहले जमीन खरीदी गई, उसके बाद उसे बेचा गया, इसमें गड़बड़ झाला क्या है? यही जांच की 'धुरी' बना हुआ है।

### भाजपा विधायक सुधीर के आरोप

धर्मशाला से भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने पिछले दिनों जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उसमें इन्हीं मामलों को लेकर जो सनसनी फैलाई थी, यह जांच उसी के आसपास घूमती हुई नजर आ रही है। अब इस मामले में दो बड़े अधिकारियों और तीन वरिष्ठ नेताओं पर जांच टीम का शिकंजा कब कसेगा? इसकी इंतजार शुरू हो गई है।

### 15 दिनों से थी 'रेकी'

इस रेड के मामले को लेकर पिछले तकरीबन दो सप्ताह से संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'रेकी' करके जांच के लिए तैयारी की थी। तभी एक साथ यह छापेमारी तकरीबन 9 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ हुई। अभी इस बात का संशय बरकरार है कि जांच में आखिर निकलेगा क्या? नापतोल का काम और संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लेने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। शराब कारोबारी के ठिकानों पर क्या पैसे को लेकर कुछ बड़ा मिल पाया है।

## खड्ड में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर की बनेठी पंचायत के गौंथ गांव के 18 वर्षीय युवक की साथ लगती खड्ड में डूबने से मौत हो गई है। युवक की पहचान आर्यन पुत्र सागर सिंह के तौर पर हुई है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार गौंथ गांव के दो-तीन युवक स्थानीय खड्ड में नहाने उतरे थे। इस बीच युवक खड्ड में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आर्यन को पानी से बाहर निकाला।

गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी सदर थाना नाहन को दी गई। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बता दें पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। इस घटना से इलाके में शोक की लहर है। उधर, एसएसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने हादसे की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## बरसात से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बीते वर्ष प्रदेश में मानसून ने भयंकर तबाही मचाई थी। ऐसे में इस बार प्रदेश में सरकार और प्रशासन विपरीत परिस्थितियों के लिए अधिक सतर्क है। प्रदेश में मानसून को लेकर बीते पहले ही मानसून और प्री मानसून को लेकर सभी महत्वपूर्ण विभागों की अहम बैठक हो चुकी है। अब फिर से सरकार ने सभी विभागों को डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत अलर्ट मोड में सभी परिस्थितियों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा विपरीत परिस्थितियों के लिए एनडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड के अतिरिक्त बल को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में डिप्लॉय कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है।

प्रदेश में बरसात के कारण किसी भी संभावित नुकसान को लेकर आपदा प्रबंधन की तैयारीयां पूरी कर ली है। इसको लेकर प्री मानसून के प्रदेश में आने से पहले ही सभी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई थी।बैठक में सभी विभागों को आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत अलर्ट पर रहने की निर्देश दिए गए हैं। ओंकार चंद शर्मा ने बताया कि बीते वर्ष बड़ा नुकसान प्रदेश में भारी बरसात के कारण हुआ हालांकि इस वर्ष मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश में मानसून के सामान्य और सामान्य से कम रहने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में 6549 बूथों पर सुनीं पीएम मोदी के 'मन की बात'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल में 'मन की बात' का 111वां संस्करण रविवार को प्रदेश के 6549 बूथों पर सुना गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम के प्रमुख संजीव कटवाल ने बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने देहरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में मन की बात कार्यक्रम सुना।

यह कार्यक्रम प्रदेश भर में संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, पदाधिकारियों, विधायकों और जिला मंडल यूनिट द्वारा सुना गया। यह कार्यक्रम सीधा-सीधा प्रधानमंत्री और देश को जोड़ने वाला कार्यक्रम है। कुछ समय से यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव की वजह से स्थगित था और अब फिर प्रारंभ हुआ है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए जो कि हमारे लिए गर्व की बात : जयराम ठाकुर

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए जो की हमारे लिए गर्व की बात है। तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहां के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम तथा सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को भारतीय आगमन दिवस और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहां तो हिंदी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। डॉ राजीव बिंदल ने कहा की जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। लोकल फॉर वोकल को दृष्टि से भारत के कितने ही उत्पाद हैं, जिनकी दुनिया-भर में बहुत मांग है और जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं, तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है।



## कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी से जनता में आक्रोश : अनुराग



चुनावी सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के साथ अनुराग ठाकुर।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा में हो रहे उपचुनाव को लेकर पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में मोहीं, नाल्टी, अणु व नालवीं में जनसभाएं कर भाजपा की प्रचंड जीत का आह्वान किया। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस सरकार आकंठ अहंकार में डूब गई है।

प्रदेश में अभी हो रहे तीन उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने हार के डर से इन्हें आगे खिसका दिया। तीन उपचुनाव के रूप में कांग्रेस ने प्रदेश पर अतिरिक्त बोझ डाला है। कांग्रेस को अपने निकम्मेपन और वादाखिलाफी से हार का डर सता रहा है। बार-बार आचार संहिता, ठप पड़े विकास कार्यों व अतिरिक्त बोझ से जनता आक्रोश में है। जनता कांग्रेस को उसके कुकर्मों की सजा देने के लिए तैयार बैठी है। उपचुनावों में जनता का समर्थन भाजपा के साथ है और तीनों प्रत्याशी बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे हैं।

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस ने 18 माह की सरकार में न ही प्रदेश के लिए और न ही हमीरपुर के लिए कुछ किया। सिर्फ झूठी गारंटियां और झूठे वादे करके प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। मात्र 18 महीनों के कार्यकाल में कांग्रेस ने प्रदेश पर 25000 करोड़ का कर्जा बढ़ा दिया है। हिमाचल में जब डबल इंजन की सरकार थी, तो प्रदेश में हमने खूब विकास करवाया। कांग्रेस के सत्ता में आते ही विकास कार्य ठप पड़ चुके हैं। मोदी राज में पिछले 10 साल में 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने पिछले 18 माह में सेवा भाव में कोई कमी नहीं रखी और मेरा कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि फिर एक बार हमीरपुर में कमल खिलाकर उन्हें पहले से ज्यादा मतों से पुनः विधायक बनाएं। (अनंत ज्ञान)

## मेले हमारी संस्कृति की पहचान : विक्रमादित्य सिंह

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

बालूगंज वेलफेयर सोसायटी शिमला की ओर से रविवार को दंगल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुखातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान है। दंगल की शुरुआत बालूंगज में वर्ष 1969 से लगातार हो रही है। यहां पर देश के नामी पहलवान आए थे। आज प्रदेश में नशे की गिरफ्त में आ रही युवा पीढ़ी के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है।

इस तरह के आयोजनों से जहां प्रतिभागी युवाओं को मंच मिलता है वहीं पहलवानों को प्रोत्साहन मिलता है। बालूगंज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने मुख्यथिति और अन्य अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर नगर निगम शिमला आयुक्त भूपिंदर अत्री, एस जे वी एन निदेशक पर्सनल अजय कुमार शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, बालूगंज पार्षद दलीप थापा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि शिमला में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के समय 1200 करोड़ रुपए की परियोजना बनाई गई थी। इसी के तहत पीटर हाफ में स्टोरेज टैंक बन कर तैयार हो चुका है। कुछ ही समय में यहां से प्रेशराइज्ड पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### 5 लाख देने की घोषणा

इस दौरान उन्होंने बालूंगज वार्ड और खेल मैदान में सीढ़ियों के निर्माण के लिए विधायक निधि पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही वार्ड के भीतर सड़कों की अपग्रेडेशन भी की जाएगी। दंगल मेला आयोजन समिति को 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैदान के साथ लगती भूमि के बारे में जो दिक्कतें पेश आ रही है उन्हें शीघ्र ही उनका समाधान कर लिया जाएगा। इसके साथ ही इस मैदान में हाइ मास्क लाइट लगाई जाएगी, इसके लिए जल्द ही अनुमानित लागत प्रस्ताव बनाया जाएगा ताकि रात को खिलाड़ी खेल सकें।


## जयराम ठाकुर दिन में भी देख रहे सत्ता में आने के सपने : सीएम सुक्खू

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को दूसरे दिन भी देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

उन्होंने देहरा विधानसभा क्षेत्र में धार, भटेहड़, मसरूर, धंगड़, बिलासपुर, सकरी, लोअर सुनेहत, सुनेहत, दयाल, धजाग तथा हार में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी और अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर के पक्ष में प्रचार किया और नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया। भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा नेताओं को झूठ बोलने की लत लग गई है। जयराम ठाकुर दिन में सपने देख रहे हैं लेकिन भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले जयराम ठाकुर चार जून को हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने का दावा करते रहे लेकिन उनकी ये बात झूठी साबित हुई है और अब भाजपा की सरकार बनने की नई-नई तारीख देकर जनता के बीच अपना मजाक बनवा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक होशियार सिंह देहरा की जनता को बताएं कि उन्होंने विधायक पद से इस्तीफ़ा क्यों दिया और अब दोबारा विधायक बनने के लिए उप चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



## सरकार ने 18 महीने में रिकॉर्ड कर्ज लिया : नंदा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 23 में प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में प्रचार किया।

भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की छोटा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश बुरी तरह से कर्ज के जाल में फंस गया है। इसके जिम्मेदार और कई नही बल्कि मुख्यमंत्री और उनके मित्र है। हिमाचल प्रदेश का सारा खर्च अपने मित्रों को सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री कर रहे हैं और विकास कार्य के लिए एक रुपए भी आवंटित नहीं हो पा रहा है। 18 महीने से कैग यानी कंपट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया जिस डेब्ट ट्रैप की तरफ इशारा कर रहा था, वो अब हकीकत बन चुका है। हिमाचल पर 85 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका है।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खुद स्वीकार है कि राज्य सरकार को कर्ज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)





## राजनीति

### युवाओं व लोगों में भाजपा के प्रति भारी जोश : जयराम ठाकुर

# भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के समर्थन में बाइक रैली

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भाजपा युवा मोर्चा ने भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के समर्थन में विशाल बाइक रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन किया। बाइक रैली में भारी संख्या में युवाओं ने मोटरसाइकिल पर भाजपा के झंड़े लहराकर भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के समर्थन में वोट डालने की अपील की।

रैली का आयोजन बागवानियां स्थित पैट्रोल पंप से हुआ, जिसके बाद नालागढ़ बाजार होकर चौंकीवाला, ढाना, दभोटा, भांगला, झिड़ीवाला, पंजैहरा से पार्टी कार्यालय जाकर संपन्न हुई। नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बाइक रैली को हरी झंड़ी देकर रवाना किया और खुद भी मोटरसाइकिल पर निकले।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बाइक रैली में युवाओं में भारी जोश देखने को मिला। उन्होंने कहा कि युवाओं व लोगों में भाजपा के प्रति भारी जोश है और यह जोश कांग्रेस पर भारी पड़ेगा।

इस बार भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर की जीत निश्तित होगी और कांग्रेस प्रत्याशी को एक बार फिर करारी हार मिलेगी। इस मौके पर भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन, भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, विधायक सुखराम चौधरी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सहजल, विधायक बलवीर वर्मा, पूर्व विधायक लखविंद्र राणा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक राज, प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सुदीप महाजन व कई मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



बाइक रैली के दौरान जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

### कांग्रेस को जनता नकार चुकी : केएल

भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा की आज तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक बाइक रैली हुई, जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। युवाओं व लोगों में भारी उत्साह नजर आ रहा है और जीत निश्चित होगी। कांग्रेस को जनता नकार चुकी है और उनकी झूठी गारंटियों से भलीभांति लोग अवगत हो चुके है।

नालागढ़ विधानसभा के प्रभारी सुखराम चौधरी व संयोजक डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और भारी मतों से जीत हासिल होगी।

## अनुराग ने जो पौधे लगाए, उन्होंने आज भारत को बनाया विश्व चैंपियन : सुमीत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भारतीय क्रिकेट टीम ने एक ऐतिहासिक क्षण में दुनिया के सामने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए विश्व कप का ताज अपने नाम किया। इस जीत का जश्न हमीरपुर में तब और भी खास बन गया जब भाजपा के कार्यकर्ता सांसद अनुराग ठाकुर के साथ इस ऐतिहासिक विजय का उत्सव मना रहे थे।

उनके साथ मौजूद एचपीसीए के पूर्व सचिव और पार्टी के प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, विधायक रणजीत शर्मा, रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल, दिलीप ठाकुर, इंद्र दत्त लखनपाल, लोकेंद्र और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य तेज प्रकाश चोपड़ा मैच देख रहे थे।

सुमित ने कहा, अनुराग ने बीसीसीआई के अंडर-19 सिलेक्टर कमेटी के अध्यक्ष रहते हुए रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को पहचान दिलाई। अनुराग ने बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी भारतीय टीम में खेलने का मौका। आज जब भारत ने 17 वर्षों बाद विश्व कप जीता है, तो इन सभी खिलाड़ियों का योगदान और अनुराग ठाकुर का नेतृत्व दोनों ही इस जीत के प्रमुख आधार रहे हैं। अनुराग ने जो पौधे लगाए थे, उन्होंने आज भारत को विश्व चैंपियन बनाया है। (अनंत ज्ञान)



अनुराग ठाकुर के साथ सुमित शर्मा व अन्य भाजपा नेता।

## न्यूज ब्रीफ

### रोज स्कूल में पढ़ाया सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ



**संजीव महाजन, नूरपुर।** नूरपुर के रोज पब्लिक स्कूल सुलयाली में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन बच्चों एवं उनके अभिभावकों के लिए किया गया। इसमें अध्यापकों द्वारा सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हमें नशे में वाहन न चलाना चाहिए। साथ ही तेज गति और देर रात्रि में वाहन चलाने से बचना चाहहिए। कार्यशाला के दौरान अभिभावकों को बीडीओ नूरपुर अंशुल शांदिल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित सड़क सुरक्षा मार्गदर्शिका पुस्तक प्रदान की गई। वहीं, सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया। अंत में प्रधानाचार्य संजय सौगुणी द्वारा बीडीओ कार्यालय एवम हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष सरकार का प्रकाशित पुस्तिका प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### शिव शक्ति कमेटी घेड़ ने लगाया विशाल भंडारा



**अजय पाल, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी की भुआना पंचायत के गांव घेड़ मे 24वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने शिव मंदिर व हनुमान मंदिर मं शीश नवाया व भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ प्रभु का गुणगान भी किया। शिव शक्ति कमेटी घेड़ हर वर्ष इस भंडारे का अयोजन करवाती आ रही है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि (बोडूआं दा बल्ह) घेड़ में वर्ष 2000 से लगातार इस इस भंडारे का आयोजन करवाते आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीपीएस ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगे वोट



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र से विधायक किशोरी लाल ने देहरा में ग्राम पंचायत धंगड़ में अयोजित नुक्कड़ सभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ देहरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के समर्थन में चुनाव प्रचार किया व स्थानीय लोगों से उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

# मैक्लोडगंज से लौटने लगे पर्यटक

## होटलों में ऑक्यूपेंसी घटकर 40 फीसदी तक पहुंची, पर्यटन उद्यमी चिंतित

**सीमा शर्मा, मैक्लोडगंज**

कांगड़ा जिले के मुख्यालय धर्मशाला के साथ सटी पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में छुट्टियां मनाने आए पर्यटक अब लौटने लगे हैं। इसके चलते होटलों में ऑक्यूपेंसी घटकर 40 फीसदी रह गई है। एक सप्ताह पहले यही ऑक्यूपेंसी करीब 90 फीसदी पहुंच गई थी। ऐसे में अब पर्यटन उद्यमी चिंतित नजर आने लगे हैं। बरसात का मौसम भी शुरू हो चुका है, साथ ही पंजाब के स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने के कारण पर्यटक वापस लौट रहे हैं।

मैक्लोडगंज की बात करें तो वैसे भी बरसात में पर्यटकों की आमद कम रहती है।

वहीं, तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा भी विदेश दौरे पर हैं। ऐसे में पर्यटन उद्यमियों का चिंतित होना लाजमी है। हालांकि मैक्लोडगंज में साल भर पर्यटकों की आमद लगी रहती है, लेकिन पर्यटन सीजन के दौरान काफी संख्या में पर्यटक मैक्लोडगंज, धर्मशाला पहुंचते हैं। साथ ही धर्मगुरु दलाईलामा के मैक्लोडगंज में होने के दौरान देश-विदेश के डेलीगेटस और बौद्ध अनुयायियों का आवागमन लगा रहता है। रविवार सुबह हुई बारिश के बाद धर्मशाला और मैक्लोडगंज में मौसम सुहावना हो गया है। वहीं, मैक्लोडगंज में बारिश के बाद धुंध छाई रही। ऐसे में पर्यटकों ने धुंध में घूमने का आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)



मैक्लोडगंज में छुट्टियां मनाकर वापस लौटते बाहरी राज्यों के पर्यटक।



### अब वीकेंड पर ही ऑक्यूपेंसी में वृद्धि की उम्मीद

होटल उद्यमियों की मानें तो पूरी तरह से बरसात के उतरने से पहले तो पर्यटकों की आमद रहेगी, लेकिन उसके बाद काफी कमी आ जाती है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि आगामी 8-10 दिनों तक मौसम पर्यटन की दृष्टि से मेहरबान बना रहेगा। उधर, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि बरसात शुरू हो चुकी है तथा पंजाब के स्कूलों में छुट्टियां खत्म होने से होटलों में ऑक्यूपेंसी 40 फीसदी रह गई है। अब वीकेंड पर ही ऑक्यूपेंसी में वृद्धि की उम्मीद रहेगी।

# 4 जुलाई से पहले जमा करवाएं चुनाव व्यय संबंधी ब्यौरा : व्यय पर्यवेक्षक



केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी बैठक करती हुईं।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन व्यय लेखा समायोजन के लिए केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी प्रतिभा चौधरी ने रविवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों, उनके एजेंटों और संबंधित अधिकारियों की बैठक ली तथा चार जुलाई से पहले निर्वाचन व्यय लेखा जमा करवाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशियों और उनके निवार्चन व व्यय एजेंटों के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल और कांगड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी 17 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक व्यय पर्यवेक्षक व लेखा अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में सभी 17 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले व्यय को जोड़ कर अंतिम व्यय लेखा तैयार किया गया तथा सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों व उनके एजेंटों को बताया कि तदानुसार अपने व्यय लेखा को संशोधित करके 4 जुलाई या उससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) कांगड़ा एवं रिटर्निंग अधिकारी कांगड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को समस्त औपचारिकताओं सहित जमा करवा दें।

बैठक में सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों व उनके एजेंटों ने निर्वाचन व्यय पर्यवेक्षक व उनकी टीम द्वारा तैयार किए गए निर्वाचन व्यय लेखा पर अपनी सहमति जताई तथा निर्धारित अवधि में अपना निर्वाचन व्यय लेखा जमा करवाने का आश्वासन दिया है। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में पूरे पांच साल रहेगी कांग्रेस सरकार: वीरेंद्र कटोच

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रदेश कांग्रेस सचिव वीरेंद्र कटोच ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस अपना कार्यकाल पूरा करेगी। भाजपा नेता मुंगेरी लाल के सपने देखना छोड़ दें कि किसी तरह से कांग्रेस सरकार को अपदस्थ भाजपा सत्ता पर काबिज हो पाएगी।

यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने चुनावों से पूर्व दी गई 10 गारंटियों में से पांच गारंटी है पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा से जुड़ी हुई वे महिलाएं भी लाइनों में लगकर 1500 रुपए के फॉर्म भर रही हैं जो पूर्व समय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर फब्तियां कसते हुए नाच गाने के माध्यम से मजाक उड़ाया करती थीं। कर्मचारी वर्ग के लिए ओपीएस का तोहफा भी कांग्रेस ने ही दिया है।

उन्होंने कहा कि बीते वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के समय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पहल करते हुए अपनी जमा पूंजी मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दान देकर रोल मॉडल के रूप में उभरे हैं, जबकि भाजपा के नेता ऐसी विकट परिस्थितियों में केंद्र से कोई राहत नहीं दिला पाए हैं। बीते उपचुनावों में भाजपा को बढ़त मिलना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की नीतियों को सराहा है। (अनंत ज्ञान)

### आकस्मिक निधन पर जताया शोक

**अजय पाल, पंचरुखी।** अखिल भारतीय कोली समाज की कांगड़ा इकाई के संयुक्त सचिव एडवोकेट अंकुर वर्मा के पिता कुलतार चंद का रविवार को उनके घर पर पपरोला में निधन हो गया। कोली समाज कांगड़ा इकाई के जिलाध्यक्ष काली दास ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं । (अनंत ज्ञान)

### सड़क हादसे में स्कूटी चालक हुआ घायल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दाड़ी आईटीआई पुल के पास अज्ञात स्कूटी सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में वाहन चालक घायल हो गया। पुलिस थाना में धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सीयू के प्रो. मनोज यूजीसी की स्थायी समिति के सदस्य नामित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सक्सेना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय स्तर की स्थायी समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



इस समिति को नवीन विभागों/केंद्रों की स्थापना के साथ-साथ शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों के सृजन के संबंध में केंद्रीय विश्वविद्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों को मूल्यांकन करने का कार्य सौंपा गया है। यूजीसी के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त, प्रो. सक्सेना को इस समिति में सम्मिलित करना शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान और विशेषज्ञता को रेखांकित करता है। उनकी भूमिका इस समिति के अंतर्गत विश्वविद्यालयों की विकास योजनाओं की जांच और मार्गदर्शन करना तथा इसके साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना कि वे यूजीसी के उत्कृष्टता और नवाचार के मानकों के अनुरूप हों। यह नामांकन न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को आगे बढ़ाने के लिए प्रो. सक्सेना के समर्पण को उजागर करता है, बल्कि उच्च शिक्षा में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) के बढ़ते प्रभाव को भी मान्यता देता है। (अनंत ज्ञान)

# तिब्बती महिला ने की आत्महत्या

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना धर्मशाला के तहत नौरबूलिंगा में विगत दिनों तिब्बती महिला के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त तिब्बती महिला का विवाह स्थानीय कारोबारी के साथ हुआ था तथा जिस समय उक्त महिला ने आत्महत्या की उस वक्त उसका पति किसी कार्य से कहीं बाहर गया था। उधर, पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में ले लिया तो वहीं परिजनों के पोस्टमार्टम के लिए इनकार करने के चलते पुलिस इस मामले में सीआरपीसी 174 में कार्रवाई कर रही है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ

## दूषित जल और भोजन से होता है डायरिया

**गर्मियों के अंतिम दिनों और मानसून के शुरुआती दिनों में पेट खराब होने का अंदेशा हमेशा ही बना रहता है। जब शौच पतला, बारंबार और ज्यादा हो तो उसे अतिसार ( डायारिया ) और पेट में भयंकर मरोड़ के साथ आंव युक्त हो तो उसे प्रवाहिका ( डिसेंटेरी ) कहते हैं। अतिसार और प्रवाहिका शुद्ध रूप से संक्रमण का रोग है, जो कि दूषित जल और भोजन से ही होता है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में उक्त दोनों बीमारियों का विस्तृत विवरण और चिकित्सा सूत्र उपलब्ध है।**



डॉ. रामस्वरूप चांद
स्वास्थ्य विशेषज्ञ

**अतिसार :** *नाम से ही अंदाजा लग जाता है कि जब गुदामार्ग से जल बहुल मल का बार-बार परित्याग होता है तो उस स्थिति को अतिसार (डायरिया) कहते हैं। आयुर्वेद संहिता ग्रंथों के अनुसार इसकी छह प्रकार यथा वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज, शोकज और भयज या आमज बताई गई हैं। अतिसार में इसकी पहचान कर कि कौन सी प्रकार है के पश्चात ही चिकित्सा की जाती है।*

**उपचार:** ***अतिसार में पीयूषवल्ली रस, रामबाण रस, शंख भस्म, अग्नितुंडी वटी, बृहदगंगाधर चूर्ण, तालिसदि चूर्ण, भोजन पूर्व हिंग्वादि वटि और भोजनोत्तर कुटजरिष्ट का सेवन और रात्रि जातिफ्लादि चूर्ण का सेवन अवस्थानुसार लेने पर लाभकारी होता है। इसके अतिरिक्त समंगादि क्राथ, पंचमूलादि क्राथ तथा पीयूषवल्ली रस, अमृतार्णव रस, कुटजावलेह, जातिफलादि चूर्ण आदि का प्रयोग भी लाभ देता है। अतिसार में पुराने चावल का भात, मूंग दाल, अरहर, कच्चा केला, कच्ची गूलर, टमाटर, हसुन, हींग, बेल व आंवला के मुरब्बा, जायफल, जीरा, बकरी का दूध देते हैं।***



**प्रवाहिका:** अगर मल्लयुक्त शौच बार-बार और बिलकुल ही थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पेट में मरोड़ के साथ आए तो इसे प्रवाहिका या पेचिस कहते हैं। रोगी को खुलकर शौच न होने से बेचैनी और घबराहट ज्यादा ही होती है। प्रवाहिका में वायु तथा कफ की प्रधान विकृति होती है। यह संक्रमण बहुत संक्रामक है और बर्तनों, भोजन या यहां तक कि बाथरूम का उपयोग करके भी फैल सकता है।

**उपचार:** *इस बीमारी को फैलने से रोकने का एक तरीका यह है कि आप शौचालय का उपयोग करने के बाद अपने हाथों को ठीक से धोएं। यह बीमारी इतनी संक्रामक है कि यह जानवरों में भी फैल सकती है। अगर इसका इलाज न किया जाए, तो यह सुनिश्चित करें कि इससे निर्जलीकरण हो जाएगा और उसके बाद सदमे और कोमा जैसी असंतुलन की स्थिति पैदा हो जाएगी। अगर आपको तेज बुखार और दस्त हैं, तो जल्द से जल्द डॉक्टर से मिलें। इसके अतिरिक्त लोध्रादि चूर्ण, राल का चूर्ण, बेलगिरी, मोच रस, भुना जीरा छाछ में कालानमक मिला कर सेवन करने से लाभ होता है। सिद्धयोगों में लघुगंगाधर चूर्ण, कनकसुंदर रस, शंखोदर रस, जातिफलादिवटी, सिद्धप्राणेश्वर रस, कुटजावलेह, दाडिमावलेह का सेवन लाभकारी है।*

## बरसात में लापरवाही की तो आपकी आंखें खराब कर सकता है आई फ्लू

**आईजीएमसी शिमला के डॉक्टर ने लोगों को दी सावधानी बरतने की सलाह**

प्रदेश में मानसून शुरू हो गया है। बरसात का मौसम सुहावना होता है, क्योंकि गर्मी से राहत देता है। लेकिन मानसून आते ही आंखों में संक्रमण की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए बरसात के मौसम में आंखों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अगर आपने लापरवाही बरती तो आई फ्लू आपकी आंखें खराब कर सकता है। आंखों का कैसे रखे ख्याल रखें। इसको लेकर आईजीएमसी नेत्र रोग विशेषज्ञ व एचओडी डॉ. राम लाल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में आई फ्लू होना सामान्य बीमारी है और बरसात में सबसे ज्यादा मामले आई फ्लू के सामने आते हैं। आई फ्यू को पिंक आई के रूप में भी जाना जाता है। यह एक संक्रमण है, जो कंजंक्टिवा की सूजन का कारण बनता है। बारिश के मौसम में जब आई फ्लू होता है तो आंखों में लालपन, सूजन और गंभीर दर्द बढ़ जाता है। कुछ मरीजों में आंखों में बार-बार सफेद कीचड़ आने और पानी बहने के लक्षण भी दिखाई देते हैं। इस बीमारी को पिंक आई या कंजक्टिवाइटिस के नाम से भी जाना जाता है। लोगों को यह निर्देश दिए जाते हैं। अगर आई फ्लू के लक्षण दिखाई दें तो शीघ्र अस्पताल में आकर चिकित्सक को दिखाएं।



*डॉ. राम लाल*
एचओडी, आईजीएमसी

**प्रस्तुतिः रविंद्र जस्टा, शिमला**

### आंखों में बढ़ रहा इंफेक्शन का खतरा

***डॉ. राम लाल ने बताया कि बरसात के मौसम में बैक्टीरियल संक्रमण से बचने के लिए आप अपना ध्यान रखें। बारिश में भीगने के बाद आंखों को साफ पानी से धोएं। यह इसलिए कि बारिश के पानी में धूल के कण पाए जाते हैं, जिससे आपकी आंखों में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों को धोने के बाद स्वच्छ कपड़े से जरूर साफ करें। गौरतलब है कि आई फ्लू के मामले हर राज्य में बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड में भी अस्पतालों में आई फ्लू के मरीज बढ़ने लगे हैं।***

### आईजीएमसी में 2023 में आई फ्लू के आए थे 230 मामले

***डॉ. राम लाल ने बताया कि 2023 में भी आई फ्लू ने विकराल रूप धारण कर लिया था। उन्होंने बताया कि बीते साल 230 मामले आई फ्लू के आए थे। उन्होंने बताया कि एक मरीज हमारे पास आता था और चार घर मे होते थे, क्योंकि यह ऐसा रोग है कि एक से दूसरे को फैलता है।***

### इन बातों का रखें ख्याल

आंखों को गंदे हाथों से न छुएं। बच्चों को बार-बार आंखों को मलने व छूने से रोकें। आस-पास किसी को आई फ्लू की आशंका लगे तो आंखों को साफ पानी से धोएं और ठंडे पानी से सिकाई करें। अगर किसी को घर में आई फ्लू की दवा डालते हैं तो उसके बाद अपने हाथों को साबुन से धोएं। आंखों में लाली, जलन व खुजली होने पर चिकित्सक की सलाह लें, खुद से दवा न डालें। दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे तौलिये इत्यादि अलग रखें और किसी को इस्तेमाल न करने दें। अगर आप कॉन्टेक्ट लेंस लगाते हैं तो संक्रमण के दौरान इन्हें न लगाएं और अपने चिकित्सक से सलाह लें। बरसात में बच्चों को पानी से भरे गड्ढों व पोखरों से दूर रखें। ताजा खाना खाएं और साफ पानी ही पिएं। बाहर से आने पर हमेशा हाथ साबुन से धोएं।

## बरसात के मौसम में सामने आते हैं सर्पदंश के अधिक मामले

### इंसानों के लिए जानलेवा हो सकता है सांप का जहर

*__बरसात__ के मौसम में सर्पदंश के अधिक मामले देखने को मिलते हैं। बरसात में उनके बिलों में पानी भरने के कारण वे बाहर आते हैं। इस सीजन में ही अधिकांश सर्पदंश की घटनाएं होती हैं। ऐसे में किसानों और किसी भी व्यक्ति को खेतों में घास काटते, बिजाई अथवा फसल का काम करते सावधानी रखनी चाहिए। सांप का काटना एक ऐसा घाव है जो बिना पैर वाले सरीसृप के कारण होता है। सांप विषैले और गैर विषैले दोनों होते हैं। इनका जहर इंसानों के लिए जहरीला होता है और जानलेवा भी हो सकता है। सांप शिकार को पकड़ने या खुद को बचाने के लिए काट सकता है। सांप के काटने से चोट लग सकती है और कुछ मामलों में यह जानलेवा भी हो सकता है। दुनिया भर में सांपों की लगभग 3,000 प्रजातियां हैं, जिनमें से केवल 15 फीसदी ही विषैले हैं। चूंकि सांप काटने के दौरान बहुत तेज़ होते हैं, इसलिए आपको सांप को अच्छी तरह से देखने पर यह पता नहीं चल पाता कि वह विषैला है या नहीं। जब आपका दिल तेजी से धड़क रहा हो, तो गहरी सांस लें और सांप के काटने के बाद आपातकालीन सेवाओं पर कॉल करें।*



**डॉ. एसके नंदा**
(एमडी नंदा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ऊना)

**सूखा दंश:** *यह तब होता है जब सांप अपने काटने से कोई जहर नहीं छोड़ता। आप उम्मीद कर सकते हैं कि यह ज्यादातर गैर विषैले सांपों में देखा जाता है।*

**विषैले दंश:** *यह खतरनाक और अक्सर जानलेवा होते हैं। यह तब होते हैं जब सांप काटने के दौरान आपके शरीर में जहर डाल देता है।*

**उपचार:** *अपने पहने हुए सभी आभूषण या अन्य सामान उतार दें। काटने वाले स्थान को साबुन और पानी से धीरे से धोएं। घाव को साफ कर घाव की ड्रेसिंग या पट्टी से ढकें। काटने के स्थान के आसपास की त्वचा में किसी भी प्रकार की सूजन या परिवर्तन को नोट कर लें। जब आपातकालीन सेवाएं पहुंचती हैं, तो वे सांप के जहर के प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत एंटीवेनम का प्रयोग करते हैं।* ***प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना***

## हार्ट अटैक आने पर दें सीपीआर बच सकती है मरीज की जान



**ऐसे देते हैं सीपीआर**

**जब** भी किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आये तो उसे जमीन पर सीधा लिटा दें और फिर उसके बाद अपने दोनों हाथों की हथेली को एक साथ जोड़कर पीड़ित की छाती पर जोर से दबाएं। मरीज की छाती को दबाते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह सेमी तक अंदर धंस जाए। छाती को ज़ोर से दबाने पर खून में फिर से ब्लड और ऑक्सीजन की सप्लाई चालू होने की संभावना कई गुना बढ़ा जाती है। सीपीआर देने से मरीज की सांस तो फिर से चलना शुरू हो जाएगी। लेकिन उसके बाद आप बिना देरी किए तुरंत मरीजों को डॉक्टर के पास ले जाएं।

*__देश__-दुनिया में आजकल हार्ट अटैक के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। पहले ज़्यादातर अधेड़ उम्र के लोग इस बीमारी से पीड़ित होते थे लेकिन अब हार्ट अटैक के मामले इतने आम हो चुके हैं कि युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण अधिक वजन, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लडप्रेशर हो सकता है। हार्ट अटैक आने पर लोग बेहद परेशान हो जाते हैं, उन्हें समझ में नहीं आता है कि ऐसे समय में क्या करें। हार्ट अटैक के मरीज को अगर तुरंत अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो उसकी जान भी जा सकती है। सोलन अस्पताल से सेवानिवृत्त मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि अगर किसी को हार्ट अटैक आए तो उस मरीज को आप तुरंत सीपीआर दें। सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। सीपीआर की बदौलत काफी हद तक मरीज की जान बचाई जा सकती है। यह एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा है।* ***प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन***



**हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता**

### मरीज को होश में लाने की तकनीक है सीपीआर

**सीपीआर** से ब्लड और ऑक्सीजन की सप्लाई फिर से शुरू हो जाती है। इसलिए अगर किसी मरीज की सांस रुक जाए या दिल का दौरा पड़े तो इस सीपीआर देकर आप उसकी जान बचा सकते हैं। इसलिए अगर किसी को हार्ट अटैक आए तो मरीज को तुरंत होश में लाने के लिए सीपीआर देना चाहिए। डॉ. गुप्ता का कहना है कि सीपीआर एक ऐसी तकनीक है जिससे मरीज को होश में लाया जा सकता है। हार्ट अटैक आने पर लोगों को बचाव के केवल कुछ ही मिनट मिलते हैं। ऐसे में अगर पीड़ित को तुरंत अस्पताल नहीं पहुंचाया गया तो उसकी जान भी जा सकती है। ऐसे में हार्ट अटैक आने पर आपको तुरंत सीपीआर देना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का रातभर मनाया जश्न



**अनंत ज्ञान, गगल।** टी 20 वर्ल्ड कप पर जैसे ही इंडिया ने कब्जा किया तो पूरा गगल और इलाका आसपास का खुशी के माहौल में तब्दील हो गया। बम पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया और यह जश्न पूरी रात तक चलता रहा।

### भवारना में टैलेंट का महासंग्राम के हुए ऑडिशन



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर तले टैलेंट के महासंग्राम के ऑडिशन जहां पूरे हिमाचल में लिए जा रहे हैं, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए टैलेंट का महासंग्राम के ऑडिशन भवारना में लिए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने संगीत डांस पेंटिंग और अन्य गतिविधि में अपनी छुपी हुई प्रतिभा को दिखाया। संचालक सुमित गुप्ता ने बताया कि जो प्रतिभागी यहां से सिलेक्ट होंगे उनको सेमीफाइनल के लिए और उसके बाद फाइनल के लिए भेजा जाएगा, जिसका आयोजन जिला कांगड़ा में किया जाएगा और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। संचालक समिति गुप्ता ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में छुपी हुई प्रतिभा को निखार कर आगे लाने का है और उनकी यह कोशिश लगातार जारी रहेगी। अगर कोई भी प्रतिभागी ऑनलाइन भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है तो 9736 454656 नंबर पर संपर्क कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

### तीन विद्यार्थियों ने पूरी की 30 घंटे की इंटर्नशिप



**संजीव महाजन, नूरपुर।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर के छात्र शिवम, सिद्धांत व वैष्णवी ने रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा के साथ जुड़कर, कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत, 30 घंटे की इंटर्नशिप पूर्ण की। रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा अध्यक्ष अकिल बख्शी ने बताया इन बच्चों को हर उस कामों के बारे में बारीकियों से बताया और समझाया जो इनके भविष्य में काम आ सकते हैं और इन बच्चों ने फील्ड में जाकर भी काम किया। मुझे आशा है कि इन बच्चों ने जो कुछ फील्ड में सीखा है वह इनके काम आएगा। आशा है कि ये बच्चे आने वाले समय में नूरपुर के प्रगति पथ में अपना योगदान अवश्य देंगे। (अनंत ज्ञान)

### 22 से 28 जुलाई तक मनाया जाएगा मिंजर मेला



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** मिंजर मेला कमेटी जमानाबाद की पहली बैठक रविवार को प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जमानाबाद में मिंजर मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय मंदिर मेले में विभिन्न प्रकार की खेलों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें कबड्डी सीनियर-जूनियर, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, दौड़, रस्साकशी और महिलाओं के लिए विशेष तौर से म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही इस सात दिवसीय मिंजर मेले में मिंजर नाइट का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य व बाहरी राज्यों की कलाकार भाग लेंगे। इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान सहित उपप्रधान कुलदीप कुमार, विपिन कुमार, लबली पनियारी, सुभाष, गोवर्धन, संजीव, सुनील, अक्षय, विट्ठल, ईश्वर, कीपू, सुमन, रिंपा, जिम्मी, इशांत न अशोक सहित मेला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सुनील चौहान ने कमलेश ठाकुर के लिए मांगे वोट

## कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ देहरा में किया डोर-टू-डोर प्रचार

**सालबिया शर्मा, गरली**



चुनाव प्रचार करते राजीव गांधी पंचायती राज ब्लॉक मंडल देहरा के चेयरमैन।

राजीव गांधी पंचायती राज ब्लॉक मंडल देहरा के चेयरमैन सुनील चौहान अपने अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ इन दिनों पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के समर्थन में डोर-टू-डोर प्रचार करने में लगे हुए हैं। सुनील चौहान ने कहा कि बिकाऊ विधायक अब इस्तीफा देकर भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, गलती से जीत भी गए तो भी उनके काम कैसे होंगे, क्योंकि प्रदेश में साढ़े तीन साल तक कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार है। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर को जिताकर भेजें, देहरा के विकास की कोई कमी नहीं रहेगी।

सुनील चौहान ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू गत करीब 6 महीने पहले ही कह चुके है कि देहरा मेरा है। इसका उदाहरण भी देखने को मिल रहा है। देहरा को एसपी जिला बना दिया है, एसई पीडब्ल्यूडी का दफ्तर खोला, बनखंडी में 680 करोड़ रुपये की लागत से जूलॉजिकल पार्क बन रहा है। जूलॉजिकल पार्क में 2000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। अन्य छोटे-छोटे कामों का कोई हिसाब ही नहीं है।

सुनील ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस दी, जिन कर्मचारियों को 2700 रुपये पेंशन मिल रही थी, उन्हें अब 27000 पेंशन मिल रही है। उन्होंने जनता से कहा कि दस जुलाई को आपके पास बिकाऊ विधायक को सबक सिखाने का मौका है, इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर को वोट दें। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में दहशत का माहौल बना रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : संजय शर्मा

## सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर जीत करना चाहते हैं हासिल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने एक प्रेस बयान में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपनी पत्नी को चुनाव जितवाने के लिए देहरा विधानसभा क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहे हैं और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके जीत हासिल करना चाहते हैं।



देहरा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल का पहरा बिठा दिया है और आने जाने वाले सभी लोगों की गाड़ियों को चेक किया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यहां तक की पर्यटकों के वाहनों को भी बक्शा नहीं जा रहा जिससे इस जिला में आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पर्यटक कांगड़ा जिला में आने से तौबा कर रहे हैं जिससे कि पर्यटन व्यवसायियों को भी नुकसान हो रहा है। सरकारी कर्मचारियों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धमकाया जा रहा है। चुने हुए प्रतिनिधियों को विभाग के अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। पूरा क्षेत्र इस समय दहशत के वातावरण से गुजर रहा है। इससे स्पष्ट होता है की मुख्यमंत्री पत्नी की जीत के लिए कितने आतुर हैं और जीत दिलाने के लिए ओच्छै हथकंडे अपना रहे हैं।

यदि मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र का विकास किया होता और 15 महीनों में लोगों के दर्द को समझा होता तो इस तरह के हथकंडे उनको नहीं अपनाने पड़ते। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जिस तरह का वातावरण बनाया जा रहा है वह लोकतंत्र के लिए कोई स्वस्थ परंपरा नहीं है। ऐसी हरकतें यहां के मतदाताओं के दिलों पर लिखी जा रही हैं और आने वाली 10 जुलाई को देहरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इसका जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बाहरी उम्मीदवार को स्थानीय बताने पर अपना पूरा समय लग रही है जबकि क्षेत्र की जनता जानती है की बाहरी कौन है और धरतीपुत्र कौन है। यदि ऐसा नहीं होता तो होशियार सिंह दो बार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर देहरा के विधायक नहीं बनते। भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह ने देहरा के ऊपर लगा दाग 'देहरा कोई नहीं तेरा' को मिटाया है और खुद को जनता के भीतर प्रमाणित किया है कि वही देहरा की जनता के हितैषी हैं और विकास करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहाना चाहिए : सद्गुरु सुदीक्षा



रक्तदान करती संगत।

**अनंत ज्ञान, गगल**

संत निरंकारी भवन दाढ़ी में रविवार को सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के अदेशा अनुसार आज कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर के सी धीमान क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा व संयोजक महात्मा बहन रूपा गुरंग की देखरेख में 102 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया। इस शिविर में साद संगत ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्त लेने पहुंची टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा की टीम के प्रभारी डॉक्टर पायल बिज ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में लगभग 102 लोगों ने रक्तदान किया। माता सुदीक्षा महाराज ने कहा है कि इंसान का खून नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर की सुजाता भारद्वाज बेस्ट राइटर और बेस्ट न्यूकमर अवॉर्ड से सम्मानित

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

हिलीवुड संगठन और हिलीवुड फिल्म म्यूजिक कल्चर आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा धर्मशाला में आयोजित हिमाचल म्यूजिक अवॉर्ड सीजन-2 में सुजाता भारद्वाज को बेस्ट राइटर, बेस्ट न्यूकमर और अप्रिशिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

सुजाता भारद्वाज ने बतौर लेखीकी और गायकी 11 गाने अपने यू ट्यूब चैनल में रिलीज किए हैं जो कि सब सुपरहिट रहे हैं। सुजाता भारद्वाज ने अब तक दो साल में 15 गाने लिखे हैं जिसे ईशांत भारद्वाज और नाटी किंग कुलदीप शर्मा भी उनके लिखे गाने गा चुके हैं। हाल ही में उनका नया गाना गल छेड़ लगना री गाना रिलीज हुआ है जिसको काफी लोगों द्वारा देखा




और सुना गया। अब तक ये गाना रीलस और यू ट्यूब पे ट्रेंडिंग पे बना हुआ है। इस गाने में बतौर मॉडल भूमिका आर्यन राजपूत और स्वाति शर्मा ने निभाई है। सुजाता भारद्वाज

▶ **सुजाता ने अप्रिशिएशन अवॉर्ड भी किया हासिल**

ने बताया है कि अभी आने वाले गानों पे काम कर रही है और अपनी संस्कृति से जुड़े गाने हम सब के बीच में लाने वाली है। इतनी कम उम्र में उन्होंने इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है और उनके हर गाने को उनके फैंस चाहने वाले बहुत प्यार देते हैं।

सुजाता भारद्वाज के यू-ट्यूब पर 50 हजार सब्सक्राइबर होने वाले हैं। विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के करेरी की रहने वाली और गद्दी संस्कृति से संबद्ध रखने वाली सुजाता भारद्वाज धारकंडी की स्वर कोकिला के नाम से भी जानी जाती है। उन्होंने तीन साल में ऐसे अनेक गाने। गाए हैं जो हिट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### 3381 अभ्यर्थियों ने दी एचएएस परीक्षा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** धर्मशाला के लिए एचएएस परीक्षा के लिए निर्धारित 12 केंद्रों में पहले सत्र में 2855 में से 1704 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि दूसरे सत्र में 2855 में से 1677 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। एडीसी सौरभ जस्सल ने बताया कि धर्मशाला में एचएएस परीक्षा के लिए राजकीय महाविद्यालय में दो सेंटर बनाए गए हैं जबकि जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट, आईटीआई दाड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पास्सु, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खन्यारा, डीएवी पब्लिक स्कूल कोतवाली, सेक्रड हर्ट स्कूल सिद्धवाड़ी, बीएड कालेज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला धर्मशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वायज धर्मशाला में केंद्र निर्धारित किए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### शराब सेल्समैन के साथ की मारपीट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत ठेके में मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वलधर ठेके में गाड़ी नंबर एचपी 94-3302 में आए कवी व संदीप कुमार ने ठेके में आकर गाली गलौच किया व बोतलों को गिरा दिया तथा सेल्समैन प्रेम चंद निवासी रसेहड़ डाकघर रमेहड़ के साथ मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय दंड संहिता की धारा 451, 341, 323, 504, 506, 427, 34 दर्ज किया गया है।

### कार से शराब की खेप बरामद

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** पुलिस थाना गग्गल के तहत तियारा में अल्टो कार नं. एचपी 39-4108 से 36,000 मिलीलीटर तथा 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की। इस संदर्भ में गाड़ी के चालक करतार सिंह निवासी तियारा तहसील कांगड़ा के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है।

# नैसर्गिक सुंदरता और असीम शांति का संगम है सतोवरी

## वन विभाग के ट्री हट सेट को खूब पसंद कर रहे लोग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला-मैक्लोडगंज टूरिज्म सर्किल के तहत आने वाला सतोवरी एक बेहद खुबसूरत तथा शांत पर्यटन स्थल है। भागसूनाग तथा मैक्लोडगंज में सैलानियों की भीड़ तथा जाम में वाहनों के फंसे रहने से दूर यह स्थान पहाड़ों से घिरा हुआ है तथा शांत है। यह गांव शाहपुर विधानसभा के तहत आता है तथा सर्पिली सड़कों का दृष्य इसे सुंदर रूप देता है। इस पयर्टन स्थल पर कई बड़े होटल तथा रेस्टोरेंट हैं तो वहीं यहां वन विभाग का विश्राम गृह भी स्थित है।

यहां ट्री-हट की तर्ज पर बना सेट बाहर से घूमने पहुंचने वाले यायावरों को खूब आकर्षित करता है। भले ही सतोवरी में वन विभाग का ये विश्राग गृह पहले से बना है लेकिन यहां ईको टूरिज्म के तहत ट्री-हट्स की कृति में देवदार की लकड़ी से बना बेहद खुबसूरत है तथा ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम




से यहां रुकने के लिए सैलानी पहुंचते हैं। नड्डी तथा डल लेक से नीचली ऊंचाई पर स्थित इस टूरिस्ट स्पॉट का अपने नैसर्गिक सौंदर्य तथा शांति के कारण अलग ही महत्व है।

पर्यटन स्थलों के शोर-शराबे से दूर इस पर्यटन स्थल से पहाड़ियों का सुंदर तानाबान दिखाई देता है तो वहीं ऊंचे चीड़ के दरख्तों के बीच से गुजरती सड़कें किसी चित्रकार की तरह इसकी सुंदरता में एक रंग भरती हैं। उधर, विभाग के रेंज अफसर सुमित शर्मा ने बताया कि ट्री हट की तर्ज पर लकड़ी से बना विश्राम गृह का सेट सैलानियों को काफी पसंद आता है तथा ऑनलाइन बुकिंग के करके दूर दराज के सैलानी यां पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे सेट के मुकाबले ट्री हट सेट का किराया ज्यादा होने के बावजूद लोग यहां ठहरना पसंद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा फुटबॉल एसोसिएशन ने तैयार किया खेलों का शेड्यूल



बैठक में भाग लेते जिला कांगड़ा फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य।

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

चंबी के रजत पैलेस में जिला कांगड़ा फुटबॉल एसोसिएशन की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कांगड़ा फुटबॉल के पदाधिकारियों और कांगड़ा फुटबॉल कोचों ने आगामी वर्ष के अलग-अलग वर्ग की होने वाली खेल गतिविधियों का रोड मैप तैयार किया। बैठक के उपरांत शाहपुर फुटबॉल अकादमी के निर्देशक अश्विनी कुमार बिला ने चंबी फुटबॉल ग्राउंड में पहुंच कर खिलाड़ियों से परिचय किया। बैठक मैं निर्णय लिया कि सितंबर से पहले अंडर-14 वर्ग के खिलाड़ियों के टूर्नामेंट करवाए जाएंगे। उसके बाद अक्टूबर में अंडर-17 वर्ग और दिसंबर तक अंडर-20 वर्ग के टूर्नामेंट कंप्लीट कर लिए जाएंगे। बैठक में जिला कांगड़ा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान के साथ कांगड़ा साई अकादमी के अध्यक्ष व एचपीएफए के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चेछा, जिला महामंत्री विजय शमशेर भंडारी, जिला पीआरओ अजय पंकज, शाहपुर फुटबॉल अकादमी के निर्देशक जिला एग्जीक्यूटिव अश्विनी शर्मा बिल्ला, शाहपुर के पूर्व फुटबॉल अकादमी के पूर्व अध्यक्ष व जिला एग्जीक्यूटिव विजय लगवाल व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बाथू दी लड़ी में वन्य प्राणी विभाग पर्ची तो काट रहा, पर पर्यटकों को सुविधा नहीं दे रहा

## हिमाचल और बाहरी राज्यों के पर्यटकों ने पर्ची काटने पर जताया एतराज

**अनिल छांगू , जवाली**



पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान स्वर्ग को जाने के लिए निर्मित बाथू दी लड़ी में पर्यटकों से पर्ची काटने का विरोध किया जा रहा है। हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों ने पर्ची काटने पर एतराज जताया है। वन्य प्राणी विभाग द्वारा बाथू दी लड़ी में जाने वाली बस की 200 रुपए, जबकि बस में बैठी हरेक सवारी की 10रूपए पर्ची काटी जा रही है जबकि प्रत्येक कार की 110 रुपए व मोटरसाइकिल की 80रुपए की पर्ची काटी जा रही है।

रोजाना हजारों रुपए का शुल्क एकत्रित हो रहा है। वन्य प्राणी विभाग द्वारा पर्ची तो पर्यटकों की काटी जा रही है, जबकि बाथू दी लड़ी में पर्यटकों के लिए वन्य प्राणी विभाग द्वारा बैठने, पीने के पानी व शौचालय जैसी कोई भी सुविधा नहीं दी जा रही है। बाहरी राज्यों से वाहनों में आने वाले पर्यटकों ने कहा कि वाहनों पर फास्टटैग लगे हुए हैं लेकिन ऑनलाइन शुल्क काटने की बजाए नकदी लेकर पर्ची काटी जा रही है। ऐतिहासिक स्थल बाथू दी लड़ी में पर्यटकों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ता है। रोजाना सैकड़ों की तादाद में पर्यटक आ रहे हैं जिनको मूलभूत सुविधाओं की कमी खल रही है। पर्यटकों ने कहा कि बाथू दी लड़ी के मंदिर गिर रहे हैं, जिनको रिपेयर करवाया जाना समय की मांग है। स्थानीय लोग भी अगर झील की तरफ जाते हैं तो उनकी भी पर्ची काट दी जा रही है। पर्यटकों ने सरकार, प्रशासन व वन्य प्राणी विभाग से मांग की है कि पर्यटकों से पर्ची काटना बंद किया जाए। (अनंत ज्ञान)

**धार्मिक** | पॉलिटेक्निक कॉलेज कांगड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन सुनाया सुंदर कांड प्रसंग

# युवा अपनी शक्ति सृजन कार्य में लगाएं : डॉ. सर्वेश्वर

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



श्री राम कथा श्रवण करते श्रद्धालु और कथा सुनाते कथा वाचक।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडियोटोरियम कांगड़ा में आयोजित सप्त दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिवस दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्व आशुतोष महाराज के परम शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने सुंदर कांड प्रसंग को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सुंदर कांड प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास ने भक्त हनुमान की गाथा का वर्णन किया है। इस प्रसंग में हनुमान जी की एक यात्रा का वर्णन आता है, जिसमें उन्होंने मां सीता की खोज की।

इस यात्रा के दौरान उन्होंने अनेक बाधाओं का सामना किया लेकिन प्रभु की कृपा से वे प्रत्येक बाधा को पार कर जाते हैं। मैनाक पर्वत नामक बाधा ने उन्हें विश्राम करने के लिए कहा लेकिन हनुमंत जी ने कहा मैं प्रभु श्री राम का कार्य किए बिना विश्राम नहीं कर सकता। जब तक हमे मंजिल नहीं मिल जाती हमे रुकना नहीं है।

आज लक्ष्य बोध न होने के कारण युवा वर्ग नशे की दलदल में में फंसता जा रहा है। युवाओं में तरह-तरह की कुरीतियों ने जन्म ले लिया है। आज समय की पुकार है कि श्री हनुमान जी की तरह अपनी शक्ति की पहचान कर अपनी ऊजा को सृजन कार्य में लगाएं।

उन्होंने कहा कि हमें भी ईश्वर ने महान कार्य करने के लिए इस धरा पर भेजा है और वह है प्रभु की भक्ति। जब तक हमारा यह लक्ष्य पूर्ण न हो, तब तक हमें भी विश्राम भाव आलस्य का त्याग करना चाहिए। हमारा यह लक्ष्य तभी पूर्ण होगा जब हमारे जीवन में वीर हनुमान जैसे संत आएगें। जिनके जीवन में हनुमान जी आते हैं, वह उन्हें ईश्वर से मिला देते हैं।

सुग्रीव, विभिषण और सीता जी को हनुमान जी ने ही श्री राम से मिलाया। भक्तों के दुख हरने वाले संकट मोचन वीर हनुमान एक जीवात्मा और परमात्मा के मध्य संत की भूमिका निभाते हैं।

आज की सभा में पंचायत प्रधान नीतू धमीर, कमल शर्मा, डिंपल शर्मा, राजेश कथूरिया, मंजू कथूरिया, राकेश कथूरिया, मोनिका कथूरिया, योगिता कथूरिया, नीलम शर्मा, शुभाष चंद्र, गोपी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 32 बार रक्तदान करने पर डॉक्टर डोगरा सम्मानित





**अतुल, सुजानपुर।** डॉक्टर राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर के ब्लड डोनर केंद्र में रक्तदानियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान निस्वार्थ भाव संगठन के कार्यकर्ता डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा, जिनका ब्लड ग्रुप एबी नेगेटिव है, जिन्होंने जरूरत पड़ने पर हमेशा रक्तदान किया है, को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। 32 बार रक्तदान कर चूके डॉक्टर डोगरा ने कहा रक्तदान से आप किसी की जिंदगी को बचा सकते हैं और इससे बड़ा महान कार्य कोई भी नहीं हो सकता। ईश्वर आपको मौका देता है कि आप उसकी की हुई संरचना में अपनी भागीदारी निभा सकें तो इससे बड़ा पुण्य कोई भी नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम के दौरान 50 से 60 लोगों को रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं ने सीखा पेपर कवर व लिफाफे बनाना




**अनि कुमार, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर ने गांव मती टीहरा की महिलाओं के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान गांव की महिलाओं को पेपर कवर, फाइल, लिफाफे और अन्य संबंधित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर अग्रणी बैंक अधिकारी निखिल कुमार ने प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें उद्यमिता के संबंध में कई महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। (अनंत ज्ञान)

### पांचवीं कक्षा तक इंग्लिश माध्यम लागू करने का स्वागत

**राजेश शर्मा, ऊना।** सरकारी स्कूलों में अगले साल से पांचवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम लागू होगा। इस सूचना के वायरल होते ही कई संगठनों ने सरकार का स्वागत किया है। खबर के मुताबिक प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। हिमाचल के सरकारी स्कूलों में अगले साल से पांचवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम लागू होने का ऊना की एक समाजसेवी संस्था के प्रबंधक बलराम महे ने स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। नए सत्र के लिए अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों की छपाई शुरू हो गई है। बताया गया है कि वर्ष 2024-25 से पहली-दूसरी कक्षा में अंग्रेजी माध्यम शुरू हो गया है। अब तीसरी से पांचवीं कक्षा में इसे लागू किया जा रहा है। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक अंग्रेजी भाषा में गणित और पर्यावरण विषय पढ़ाए जाएंगे। प्रदेश के 10,300 प्राथमिक स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से नई व्यवस्था के लागू होने के बाद हिंदी माध्यम में पढ़ाई बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों का मुकाबला करने और सरकारी स्कूलों से विद्यार्थियों का पलायन रोकने को सरकार ने पहली से पांचवीं कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करवाने का फैसला सराहनीय है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों के माध्यम से कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से करवाए गए सर्वेक्षण से पता चला कि सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई न होने के चलते ही अभिभावक निजी स्कूलों को अधिक तवज्जो दे रहे हैं। महे ने कहा कि इससे सभी स्कूलों में प्रतिस्पर्धा और बढ़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### संत निरंकारी मिशन की सेवाओं को मिला सम्मान



संत निरंकारी संस्था द्वारा कई सालों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्राचार्य डॉ. रमेश भारती मानवता के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर राजेश ठाकुर को सम्मानित करते हुए।



ऊना शहर और उसके आसपास के गांवों में पर्याप्त बरसात न होने से मक्का की बिजाई में देरी हो रही है। ऑर्गेनिक मक्का की फसल के लिए खेतों में लगे गोबर की खाद के ढेर।

# पुरली-कक्कड़ सड़क बनी आफत

## जल शक्ति विभाग की सप्लाई लाइन दुर्घटनाओं को दे रही न्योता

**संजीव चौहान, टौणीदेवी**

पुरली कस्बे में मुख्य चौक पर करीब 300 मीटर सड़क को विभाग पक्का करना भूल गया है। गड्डों के साथ-साथ जल शक्ति विभाग की सप्लाई लाइन उसी तीखे मोड़ पर बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रही है। जगह-जगह गड्ढे और सप्लाई लाइन होने के कारण राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। मगर विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

गर्भवती महिलाओं सहित मरीजों का सफर गाड़ी में जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों पूर्व प्रधान विजय पाल, उपप्रधान अश्विनी रांगड़ा, भूपिंद्र आदि ने बताया कि जल शक्ति व लोक निर्माण विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन समस्या वैसी की वैसी ही बनी हुई है। आए दिन बाइक सवार पाइप और टूटी सड़क की वजह से घायल हो रहे हैं। मजबूरन जनता इस



बदहाल सड़क पर जान जोखिम में डाल यात्रा कर रही है। इसी हफ्ते बजरोल में एक बाइक सवार की मौत भी हो चुकी है, पर विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। पुरली के उपप्रधान अश्विनी रांगड़ा व अन्य व्यापार मंडल ने विभाग के घेराव की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सहायक अभियंता

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संसार चंद का कहना है कि जल शक्ति विभाग को पिछले तीन महीने पहले सप्लाई लाइन भूमिगत करने को कहा गया है, परंतु जल शक्ति विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

> **पाइप** लाइन को बंद करके निकाल दिया जाएगा ,विभागों की लापरवाही का खमियाजा जनता भुगत रही है और विभाग बड़ी दुर्घटना के इंतजार में है।
>
> -राकेश, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग

# आशीष शर्मा ने पूछा-कांग्रेस प्रत्याशी नौकरी छोड़ क्यों आए राजनीति में?



चुनावी जनसभा में पहुंचे आशीष शर्मा, साथ हैं सांसद अनुराग ठाकुर।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा पर जोरदार हमला बोला है।

उन्होंने रविवार को इलाके में कई जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी से पूछा कि उन्होंने चिकित्सा पद से सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आने की क्यों सोची? क्या चिकित्सक के पद पर समाज सेवा या जनसेवा नहीं हो सकती थी?

दूसरों पर आरोप लगाने वाले खुद क्यों नहीं बताते कि वे सरकारी नौकरी क्यों छोड़ कर आए हैं? चिकित्स्क से बेहतर जनसेवा और कौन कर सकता है, लेकिन वह सेवा के लिए नहीं, बल्कि नेता पुत्र होने के नाते सत्ता के लोभ में ही राजनीति में उतरे हैं। (अनंत ज्ञान)

# हेडमास्टर ऑफिसर कैडर एसो. ने प्रधानाचार्य के खाली चल रहे पदों पर जताई चिंता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल हेडमास्टर ऑफिसर कैडर संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रतन वर्मा और महासचिव केवल ठाकुर ने कहा है कि इस समय स्कूल प्रधानाचार्य के कुल 2000 पदों में से 400 से अधिक पदक चल रहे हैं। इनमें से 200 से अधिक पद पिछले शैक्षणिक सत्र से खाली चल रहे हैं, अगर कोटा वाइज बात की जाए जाए, तो इसमें से 300 से अधिक पद हेड मास्टर काडर के रिक्त हैं।

प्रदेश में पिछले 4 माह से जारी आदर्श आचार संहिता के कारण इन पदों को भरा नहीं जा रहा है। यद्यपि न्यायालय के निर्णय के अनुसार पदोन्नति प्रक्रिया आदर्श आचार संहिता से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। हालांकि, इस अवधि में सरकार ने विभिन्न विभागों में चुनाव आयोग की अनुमति से पदोन्नतियां

### शीघ्र भरे जाएं पद, सरकार से की मांग

की हैं, लेकिन शिक्षा विभाग में ऐसा नहीं किया गया। संघ उक्त पदोन्नति सूची को छात्र हित में शैक्षणिक सत्र के शुरू में आदर्श आचार संहिता के दौरान निकलने की मांग पहले भी कर चुका है। इस अवधि में 50 से अधिक मुख्याध्यापक 30 से अधिक वर्ष तक शिक्षा विभाग में सेवाएं देने के बाद बिना प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इससे जहां 26000 के टीजीटी कैडर की पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित हुई है, वहीं पाठशालाओं में मुखिया न होने के कारण प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

संघ सरकार से मांग करता है कि आदर्श आचार संहिता हटते ही स्कूल प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची जारी की जाए, वर्ष 2016 के बाद पदोन्नत सभी स्कूल प्रधानाचार्यों को एकमुस्त नियमित किया जाए तथा आगामी स्कूल प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची नियमित आधार पर जारी की जाए।

इसके साथ मुख्यध्यापकों के पे प्रोटेक्शन से संबंधित सभी मामलों को जो पिछले एक वर्ष से शिक्षा निदेशालय में लंबित हैं उनका निपटारा किया जाए।

संघ के नेताओं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप धीमान, प्रवीण चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवीर जम्वाल, दिलबाग राणा, रत्नेश्वर सालरिया, प्रदेश वित्त सचिव बहादुर सिंह मेहता, प्रधान कांगड़ा हरवंत सिंह, प्रधान मंडी नरेश महाजन, प्रधान ऊना नरेश शर्मा, प्रधान सोलन देशराज शारदा, प्रधान शिमला संजीव, कार्यकारी प्रधान हमीरपुर रविदास का कहना है कि संघ अपनी मांगों को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# पहली ही बारिश ने खोली लोक निर्माण विभाग की पोल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज के तहत भरेड़ी कस्बे में हल्की-सी बारिश ने लोक निर्माण विभाग की पोल खोलकर रख दी है। जिससे शुरुआती बरसात में बारिश का पानी सड़क पर बह रहा है और सड़क खड्डु प्रतीत हो रही है।

बताते चलें कि हाल ही में भरेड़ी कस्बे में हनुमान चौक से लेकर बस स्टॉप तक नई फुटपाथ व नालियों का निर्माण हुआ है, लेकिन पानी नालियों से न जाकर सड़क पर बह रहा है। जिससे वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर वाहनों की



भरेड़ी में बारिश में सड़क पर पहुंचा पार्नी।

### भरेड़ी में बारिश से बनी खड्डु

आवाजाही से पानी उनकी दुकानों के अंदर पंहुच रहा है। मनोहर लाल, निर्मल सिंह, हुक्म चन्द, अरुण कुमार, प्रताप चंद, राजेश, राज कुमार, दिनेश इत्यादि का कहना है कि सड़क के पानी का शीघ्र लोक निर्माण विभाग हल निकाले, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

# अनुराग ने टी-20 विश्व कप में जीत पर टीम को दी बधाई

## कहा- टीम ने 140 करोड़ भारतीयों को दिया तोहफा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि टीम ने 140 करोड़ भारतीयों को यादगार तोहफा दिया है। वह रविवार को हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बल्ह, मोहीं, अणु, रोपा, नाल्टी और नाहलवीं में नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। उन्होंने जनता से अपील की कि वह आशीष शर्मा के पक्ष में वोट डालें।



इस मौके पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदर्शकांत शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीप बजाज, सेक्टर प्रभारी उषा बिरला, जिला उपाध्यक्ष विजय पाल सोहारु, जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अनुराग ने कहा कि 13 वर्षों का लंबा अंतराल काफी चुभ रहा था। इस बार भारतीय क्रिकेट टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं। (अनंत ज्ञान)

### विपक्षी दलों पर बोला जुबानी हमला

**दिल्ली** में सदन न चलने के सवाल पर अनुराग ने विपक्षी दलों पर जमकर जुबानी हमला भी बोला। ठाकुर ने कहा कि जनता ने उन्हें मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संसद में भेजा है। लेकिन अपनी पुरानी आदतों की वजह से संसद में हो हल्ला कर रहे हैं। ठाकुर ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि अभी कांग्रेस ने मात्र 99 सीटों पर जीत हासिल की है और पूरे विपक्ष को भी इकट्ठा कर ले, तो इससे अधिक सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस किस बात का अहंकार कर रही है, यह समझ से परे है। कांग्रेस को 10 वर्ष बाद विपक्ष का नेता मिला है। विपक्ष का नेता अपनी भूमिका से ही ढंग से निभाएं। उन्होंने कहा कि दीपक मुद्दों पर चर्चा करे ना कि मुद्दों को छोड़कर संसद से बाहर न जाएं।

# 1640 अभ्यर्थियों ने दी एचएएस परीक्षा

**रवि ठाकुर हमीरपुर**

एचएएस की लिखित परीक्षा हमीरपुर जिला के 10 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। सुबह के सत्र में 1653 अयार्थियों ने और शाम के सत्र में 1640 अभ्यर्थियों ने एचएएस की परीक्षा दी है। इस परीक्षा के लिए 2983 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। यह परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर, गौतम कॉलेज हमीरपुर, हमीरपुर पब्लिक स्कूल हमीरपुर, न्यू गुरुकल पब्लिक स्कूल हमीरपुर, सुपर मैगनेट स्कूल हमीरपुर और ब्लू स्टार पब्लिक स्कूल हमीरपुर में हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और शाम के सत्र में दो से चार बजे तक आयोजित की गई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में परीक्षा से एक घंटा पूर्व पहुंचने के निर्देश थे, ताकि वह परीक्षा से बंचित न हो सके। (अनंत ज्ञान)



एचएएस की लिखित परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।

# काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती : कैप्टन रणजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा है कि अपनी हार के बाद पूर्व विधायक अनाप-शनाप टिप्पणियां कर रहे हैं, जो बयान पूर्व विधायक के द्वारा दिया गया है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, इस बात का मुंह तोड़ जवाब सुजानपुर की जनता ने पूर्व विधायक को दे दिया है।



> पूर्व विधायक को इस बात का जवाब दे चुकी है सुजानपुर की जनता

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पहले देश के प्रधानमंत्री को भी गालियां दिया करते थे, लेकिन आज उनके भक्त बन चुके हैं। इन जैसे लोग वरिष्ठ नेताओं के या बड़े नेताओं के नाम इसलिए अपने साथ जोड़ते हैं, ताकि इन्हें सहानुभूति मिलती रहे। पूर्व विधायक के बताया कि मुख्यमंत्री की पत्नी देहरा से नहीं बल्कि जसवां प्रागपुर से है, पर बोलते हुए कहा कि जसवां प्रागपुर भी देहरा से ज्यादा दूर नहीं। मुख्यमंत्री का ससुराल देहरा में ही हैं।

अभी जो तीन उपचुनाव देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में होने जा रहे हैं उनकी पूर्व विधायक को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह तीनों के तीनों चुनाव कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीत रही है। जैसे काठ की हांडी सुजानपुर में बार-बार नहीं चढ़ी, वैसे ही इन तीनों चुनाव में भी बार-बार नहीं चढ़ेगी।

# इंस्पायर मानिक अवार्ड योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में छात्र एक जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसमें सरकारी व निजी स्कूलों के छठी से दसवीं कक्षा के साइंस छात्र इसके लिए पात्र होंगे। छात्र 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर तक कर सकेंगे। इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में सिलेक्ट छात्रों को 10-10 हजार रुपए मॉडल बनाने के लिए दिए जाएंगे। ऐसे में साइंस छात्र इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में जल्द से जल्द आवेदन करना सुनिश्चित करें।

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वकांक्षी इंस्पायर मानक योजना में छात्र एक जुलाई से आवेदन कर सकते हैं। छात्र ई-एमआईएएस पोर्टल या इंस्पायर मानक मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। स्कूली छात्रों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए यह अवार्ड योजना शुरू की गई है। प्रतिवर्ष इस योजना के तहत देश सहित प्रदेश भर के सरकारी व निजी स्कूलों के छठी से दसवीं कक्षा तक के छात्रों के मॉडल आवेदन के रूप में प्राप्त होते हैं। इसे मंत्रालय को भेजा जाता है।

प्रदेश में इस योजना को संचालित करने का जिम्मा एससीईआरटी सोलन के पास है। इंस्पायर मानक योजना के तहत स्कूली छात्रों को मॉडल व अन्य वैज्ञानिक अविष्कारों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत छठी से 10वीं कक्षा के छात्रों को विज्ञान मॉडल बनाने के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मंत्रालय की ओर से प्रदान की जाती है।

स्कूल प्रबंधकों व छात्रों को ई-एमआईएएस पोर्टल पर जाकर या फिर इंस्पायर मानक मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसमें प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूल जो कि इस योजना में रजिस्टर्ड हैं, को अपने पांच सर्वश्रेष्ठ आइडिया को समबिट करना होगा। (अनंत ज्ञान)

> **इंस्पायर** मानक अवार्ड योजना में छात्र एक जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकारी व निजी स्कूलों के छठी से दसवीं,कक्षा के साइंस छात्र इसमें आवेदन कर सकते हैं। स्कूल प्रबंधक छात्रों से 15 सितंबर से पहले ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र आवेदन करने से वंचित न रह सके।
>
> -राजेश गौत्तम
> पर्यवेक्षक, जिला विज्ञान हमीरपुर



**राजनीति** पूर्व विधायक आशीष शर्मा पर वोट मांगने को लेकर तंज कसा

# निर्दलीय रहे विधायक बताएं जनता के वोटों की क्या कीमत लगाई : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने भाजपा उम्मीदवार और पूर्व विधायक आशीष शर्मा पर वोट मांगने को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले चुनावों में मिले जनता के वोटों की क्या कीमत लगाई है। वह नुक्कड़ सभाओं के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह खुद तो बिके, साथ में हमीरपुर की जनता की भावनाओं को भी बेच डाला। अब जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिस जनता ने उन्हें अपना कीमती वोट देकर विधायक बनने का सम्मान देकर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने की आस लगाई थी, उसी जनता की उम्मीदों को निर्दलीय रहे विधायक ने पंद्रह माह में ही कुचल दिया। उन्होंने कहा कि यही नहीं जिला से मुख्यमंत्री होना भी इन्हें रास नहीं आया। मुख्यमंत्री से अपने अवैध कामों को करवाने की कोशिश करते रहे। जब मुख्यमंत्री ने इनके




नुक्कड़ जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा।

### खुद तो बिके ही, जनता की भावनाओं को भी बेच डाला

अवैध धंधों पर काम नहीं किया तो उनके भी खिलाफ हो गए। पुष्पेंद्र ने कहा कि इस तरह न वह हमीरपुर की जनता के हो पाए और न ही जिले के मुख्यमंत्री के बन पाए।

उन्होंने कहा कि इस तरह हमीरपुर की जनता के काम तक भी नहीं करवा पाए। केवल अपने स्वार्थ की राजनीति करने में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह हमीरपुर की जनता अपने कामों से वंचित चलती रही, जबकि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसमें सालों से लंबित पड़े बस अड्डे के काम को 60 करोड़ रुपए के बजट से शुरू करवाना सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह अन्य कई विकासत्मक कार्य शुरू करवा चुके है।

उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने मुख्यमंत्री के साथ चलने का मन बना लिया है, जिसका नतीजा दस जुलाई को जनता देने वाली है। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# अधिकारियों व कर्मियों के सहयोग ने मजबूत की भू-माफिया की जड़ें

**एमएम डैनियल, चंबा**

एनएच व राज्य हाईवे मार्गों संबंधी नियमों की भनक समूचे जिला प्रशासन व कई जिम्मेदार विभागों को हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि भू-माफिया ने अधिकांश स्थलों पर सरकारी जमीनों को ही अपना निशाना बनाया हैं। जिसकी भनक लगते ही सरकार ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों व संबंधी विभागों द्वारा कब्जे छुड़वाने के निर्देशों से अधिकारियों सहित भू-माफियों में हड़कंप मच गया है।

प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों में इस दिशा में हड़कंप मचने की मुख्य वजह जाने-अंजाने व भावनाओं में बह कर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने ही भू-माफियों की अवैध कब्जों में जड़े एक समय मजबूत की हैं। जिसका उदाहरण भू माफिया एन एच व राज्य मार्गों के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा करने के साथ ही वहां बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर चुके है, तो वहीं निर्मित इमारतों में बिजली-पानी तक के कनेक्शन लग चुके हैं। इन कनेक्शनों की फाइल टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग/नगर नियोजन कार्यालय से होते हुए नगर परिषद और बिजली बोर्ड परिषद तक पहुंची हैं। अब इस दिशा में सरकार समक्ष पोल खुलते ही जिला प्रशासन से लेकर संबंधित विभाग तक सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कर अपना बचाव करने में जुट गए है। हैरानी की बात यह है कि भू माफिया सरकारी हुकमरानों से बिजली के मीटर तक लगाने में कामयाब हो गए हैं। वहीं एनएच व लोक निर्माण विभाग ने सीधी कार्रवाई की बात कही है। वहीं दूसरी ओर नगर नियोजन व नगर परिषद शिकायतें मिलने का इंतजार कर रहे है। वहीं एन एच व लोक निर्माण विभाग के पास इस संबंध में कई शिकायतें पहुंची हैं और विभाग ने अब राजस्व विभाग के साथ मिलकर इन मामलों को खंगालने का फैसला किया है।

> पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर कब्जे की इजाजत नहीं दी जाएगी और यदि किसी ने कानून तोड़कर अवैध निर्माण किया है तो विभाग उसे नोटिस जारी करने सहित उन निर्माणों को उद्धवस्त कर रहा है। जबकि एनएच निर्माण कार्य राजस्व विभाग रिकॉर्ड एवं तय रूट मुताबिक करवाया जा रहा है। एनएच मार्ग पर किसी तरह के निर्माण से पूर्व विभागीय एन ओ सी लेना अनिवार्य है।
> **-राजीव कुमार, अधिशाषी अभियंता एन एच 154ए जिला चंबा।**

# ट्राइबल कर्मियों को मिलेगी राहत : नेगी

## कहा-तबादले व यात्रा भत्ते के लिए 30 किमी की सीमा घटाने पर होगा विचार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर दौरे पर आए जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के मांग-पत्र के जवाब में कहा कि क्षेत्र के कर्मचारियों की समस्याओं को विधानसभा में उठाया जाएगा।

नेगी ने कहा कि ट्राइबल कर्मियोंके तबादले व यात्रा भत्ते के लिए 30 किलो मीटर की सीमा को घटाने पर पर विचार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एसएमसी अध्यापकों को अनुबंध में लाने की प्रक्रिया जारी है।

अध्यापक संघ के प्रधान विजय शर्मा ने बताया कि सरकार से स्कूलों में चल रहे खाली पदों को भरने, खाली पदों के चलते परीक्षा परिणाम 25 प्रतिशत से कम आने पर अध्यापकों को राहत देने, जन जातीय भत्ता, सीए व विंटर एलाउंस बढ़ाने की भी मांग की है।

इस अवसर पर नेगी ने स्कूल व छात्रावास का भी औचक निरीक्षण किया जिसमें सब कुछ संतोषजनक पाया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा चाडक, संघ के प्रधान विजय शर्मा सचिव गोवर्धन चौहान, स्टेट डेलीगेट कृष्ण पाखरेटीया, सलाहकार मोहिंद्र सिंह, सदस्य विजय चारक, करनैल सिंह, गणेश कुमार, ओमिंदर सिंह नीलम ठाकुर, विवेक शर्मा, इंद्र कुमार, जगदीश चंद, मंजीत सिंह, अशोक कुमार इत्यादि उपस्थित थे



जगत सिंह नेगी को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

## हरिराय मंदिर में भक्तों ने किया भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय स्थित हरिराय मंदिर में महिला श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को भंजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाएं सुबह ही मंदिर में एकत्रित हो गईं तथा उन्होंने एक से बढ़कर एक भजन गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। उक्त महिलाओं द्वारा हर रविवार को हरिराय मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। महिलाओं का कहना है कि उन्हें मंदिर में आकर जो शांति मिलती है, वह अन्य किसी भी स्थान पर नहीं मिलती। प्रभु की भक्ति में जितनी खुशी मिलती है, उसे शब्दों में ब्यान नहीं किया जा सकता है।

## चंबा-जुम्महार मार्ग पर पैरापिट लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-जुम्महार मार्ग पर तकरीबन पांच किलोमीटर तक पैरापिट का नामोनिशान नहीं है। ऐसे में वाहन चालकों को हर समय हादसा होने का भय बना रहता है। हालात यह हैं कि इस सड़क मार्ग पर लुडडू से जुम्महार तक लोक निर्माण विभाग पैरापिट लगाना ही भूल गया है। हैरत की बात यह है कि स्थानीय लोगों की ओर से इस मार्ग पर पैरापिट लगाने के बावत कई मर्तबा गुहार लगाने के बाद भी विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। ऐसे में लोगों की मांगों को अनसुना करने के कारण लोगों में लोक निर्माण विभाग के प्रति रोष व्याप्त हो गया है।

# अंजुमन इस्लामिया चंबा-राजपुरा में लगाया स्वास्थ्य शिविर





कैंप के दौरान मौजूद गणमान्य व लोगों का चेकअप करती डॉक्टर।

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा जिला के राजपुरा में एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का आयोजन जिला अंजुमन इस्लामिया के बैनर तले सदर डाक्टर इसरार अलि शाह की अगुवाई में किया गया, जहां फोर्टिस अस्पताल के चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. जाफर अहमद इकबाल ने अपनी टीम सदस्यों सहित लोगों का स्वास्थ्य जांचा।

गौर हो कि अंजुमन इस्लामिया पिछले काफी सालों से लगातार लोगों के लिए अलग-अलग तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाती आ रही है ताकि लोगों को घर द्वार स्वास्थ जांच मिल सके।रविवार को भी राजपुरा दरगाह में आयोजित अंजुमन इस्लामिया चंबा द्वारा आयोजित चेस्ट जांच शिविर में करीब 300 के आसपास लोगों का स्वास्थ्य जांच गया, जिसमें 130 रोगियों में हृदय सहित अन्य रोगों के लक्षण पाएं गए। अंजुमन इस्लामिया जिला के सदर डॉ. इसरार अली शाह ने सर्वप्रथम फॉर्टिस हॉस्पिटल चंडीगढ़ चेस्ट विशेषज्ञ डॉ. जाफर अहमद इकबाल व उनकी टीम का चंबा का आवाम व अंजुमन इस्लामिया चंबा शुक्रिया अदा करते हैं कि व्यस्त शेड्यूल में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी।

यंग मुस्लिम अध्यक्ष शाकिर अली शाह ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया चंबा व यंग मुस्लिम का प्रयास रहता है कि समाज के उत्थान के कुछ न कुछ किया जाएं। अंजुमन इस्लामिया द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाता है। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया चंबा पदाधिकारियों, सदस्यों सहित फॉर्टिस हॉस्पिटल चंडीगढ़ दल ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।(अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल का चुनाव आज

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में पहली जुलाई को जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल को आगामी तीन वर्षों के लिए व्यापार मंडल का नया अध्यक्ष मिलेगा जबकि 4 जुलाई को नगर परिषद के 7 पार्षद हाउस में नगर परिषद की नई महिला अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

सोमवार को व्यापार मंडल के चुनाव सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक सनातन धर्म सभा मंदिर जोगिंद्रनगर में होंगे, जिसमें सात सौ अधिक व्यापारी बैलेट पेपर से अपना नया प्रधान चुनेंगे जिनकी सभी तैयारियां व्यापार मंडल ने पूरी कर ली है जिसकी जानकारी चुनाव संयोजक ओम मरवाह ने दी।

**▶ चार जुलाई को नगर परिषद के अध्यक्ष पद के होंगे चुनाव**

इस बार व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद के चुनावों में चार कारोबारी चुनावी मैदान में है जिनमें भास्कर गुप्ता, गुरूशरण परमार, मोहित लटावा तथा विनोद कुमार शामिल में है। मतों की गिनती पूर्व उपमंडल अधिकारी नागरिक ओम प्रकाश ठाकुर तथा सुखबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अविनाश धवन की देखरेख में शाम चार बजे शुरू होगी। शाम को ही चुनावी नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। उधर नगर परिषद को भी चार जुलाई को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। हालांकि नगर परिषद में अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित है इस समय सात पार्षदों के हाउस में चार महिलाएं ममता कपूर, प्रेरणा ज्योति, शीखा तथा शीला विजय हो कर आयी है।

इस समय हाउस में भाजपा समर्थित 5 तथा कांग्रेस समर्थित दो पार्षद है। पूर्व अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पास होने पर नप अध्यक्ष पद को लेकर के यह चुनाव करवाए जा रहे है। इस समय भाजपा समर्थित पार्षद ममता कपूर अध्यक्ष पद पर दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। अब यह पता चार जुलाई को ही लगेगा कि किसके सिर पर अध्यक्ष का ताज सजेगा।(अनंत ज्ञान)

# कुलदीप सिंह पठानिया एक जुलाई को रहेंगे सिहुंता

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 1 जुलाई को सिहुंता रहेंगे व लोगों की समस्याएं सुनेंगे। जबकि 2 व 3 जुलाई को प्रात: 11:30 बजे विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया खंड विकास अधिकारी कार्यालय चुवाड़ी के बैठक कक्ष में विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 4 जुलाई को प्रात: 10:00 बजे सिहुंता से शिमला के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है। (अनंत ज्ञान)

# पंचतत्व यात्रा जहां से शुरू होती है वहीं खत्म : महात्मा वर्धन

**एमएम डैनियल, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा भीमराज वर्धन की अगुवाई में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैंकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। राख, जांघी, मैहला,धरवाला, जडेरा, साहो, मंगला आदि गांवों से आए संतों महात्माओं ने अपने विचारों व भजनों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की।

अंत में मंच पर विराज़मान महात्मा भीमराज वर्धन ने अपने सार गर्भित प्रवचनों द्वारा साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि जैसा कि हम समय -समय से पढ़ते सुनते चले आ रहे हैं कि हमारा शरीर पांच तत्वों से बना हुआ है-भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर इन पांच तत्वों की यात्रा जहां से प्रारंभ होती है वहीं समाप्त हो जाती है। जब यह पांच तत्वों का बना शरीर इस छठे परम तत्व की प्राप्ति के लिए अग्रसर होता है तब जीवन की यात्रा सफलता हो सकती है।



इनसेट में महात्मा वर्धन प्रवचन करते हुए और मौजूद संगत।

आत्मा इस परमात्मा का अंश है, जिस प्रकार जल की एक बूंद सागर का अंश होती है। अब प्रश्न जहन में उठता है कि इस आत्म ज्ञान को प्राप्त से किया जा सकता है। मनुष्य जीवन भर इस परमात्मा को ढूंढने का प्रयास करता रहता है कि इसे कैसे प्राप्त किया जाए। जब पूर्ण सद्गुरु की प्राप्ती होती है तभी उसे आत्म ज्ञान प्राप्त होता है। किंतु अब भी यह यात्रा समाप्त नहीं होती, आत्म ज्ञान अर्थात आत्मा का ज्ञान तो हो गया, किंतु इसकी प्राप्ति अभी भी नहीं हुई, इस एक को जान तो लिया अब इसे मानना और मान कर जीवन में अपनाना जरूरी है।

जिस प्रकार किसी को तैरना तो सिखाया जा सकता है, किंतु उसे तैरना स्वयं ही होगा। ठीक उसी प्रकार सदगुरु की कृपा से प्रभु का ज्ञान प्राप्त तो हुआ किंतु उस पर चलना स्वयं ही होगा।

इस मौके पर निरंकारी मिशन शाखा चंबा सहित पंचायत करियां , रजेरा, भडियांकोठी, गागला, वार्ड हरदासपुरा मुगला, जुलाकड़ी, धड़ोग सहित कई स्थलों से श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।(अनंत ज्ञान)

# महिला साहित्यकार संस्था ने करवाई लघु कथा वाचन

**एमएम डैनियल, चंबा**

महिला साहित्यकार संस्था जिला चंबा इकाई द्वारा राज्य स्तरीय लघु कथा वाचन शृंखला भाग -9 का आभासी माध्यम से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदु परासर सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय ऊना उपस्थित रहीं। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रीता सिंह प्रांत अध्यक्षा महिला साहित्यकार संस्था द्वारा की गई।

कार्यक्रम में चार जिलों से चयनित महिला लघु कथाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वालों में राका कौल कांगड़ा, संतोष शर्मा ऊना, कविता सिसोदिया बिलासपुर व डॉ. सरोज भारद्वाज शिमला शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी संयोजन जिला चंबा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला चंबा महिला साहित्यकार संस्था अध्यक्ष डॉ. कविता बिजलवान द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति पूर्व प्रशिक्षु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा मोवीना द्वारा दी गई।

सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट व बेहतरीन लघु कथाएं प्रस्तुत की गई जिनकी आभासी माध्यम द्वारा उपस्थित सभी श्रोताओं व दर्शकों द्वारा काफी प्रशंसा की गई।(अनंत ज्ञान)

# पावर लिफ्टिंग में राजेश ने जीते 2 गोल्ड मेडल

**आजम डार, तीसा**




मेडल दिखाते हुए राजेश व साथ हैं अन्य।

चुराह के गांव जसोरगढ़ से सम्बन्ध रखने वाले राजेश ठाकुर ने 110 किलोग्राम भार केटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया है। स्टेट प्रतियोगिता पालमपुर में आयोजित हुई जिसमें इन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और दो गोल्ड मेडल झटके।

पावर लिफ्टिंग में दो गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि इनका बचपन काफी संघर्ष में बीता और होटल में 10 से 12 घंटे काम करके इन्होंने अपने सपने साकार करने की कोशिश की। अब सोचने का विषय है कि इन्होंने अपनी फिजिक पर कैसे काम किया होगा कितना संघर्ष किया होगा ये राजेश ठाकुर ही जानते हैं और उनकी मेहनत। परिवार की आर्थिक स्थिति उस समय उतनी अच्छी नहीं थी कि ये अपने सपने को पूरा कर पाएं। इनके मन में एक जिद्द थी अपने सपनों को साकार करने की इन्होंने दिन-रात मेहनत की और अपने शरीर को स्वस्थ और सुडौल बनाया। इनकी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आप इनकी पुरानी फोटो देखेंगे तो आप इन्हें नहीं पहचान पाएंगे क्योंकि कभी ये भी बहुत दुबले पतले हुए करते थे, लेकिन कड़ी मेहनत और परिश्रम के दम पर आज लगातार ये गोल्ड मेडल ला रहे हैं। उन्होंने कि युवा नशे को त्याग कर अपने शरीर पर ध्यान दें क्योंकि अगर शरीर स्वस्थ है तो सभी काम आसानी से हो पाएंगे इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

राजेश ठाकुर आज युवाओं के लिए दिन प्रतिदिन प्रेरणा के स्त्रोत बनते जा रहे हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि इनकी पत्नी का भी इनकी सफलता में बड़ा श्रेय है।वो हमेशा वर्कआउट करने के लिए प्रेरित करती हैं और हमेशा इन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।(अनंत ज्ञान)

# मां तूना काली रथयात्रा आरंभ

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

काफी लंबे समय बाद मां तूना काली क्षेत्र के कल्याण के लिए 200 वर्ष से भी पुरानी प्रथा को निभाते हुए रविवार सुबह 8ः00 बजे अपने मंदिर से यात्रा पर निकली । लगभग 5 से 6 वर्ष बाद मां तूना काली कोटखाई क्षेत्र के भ्रमण पर निकली है। जिससे क्षेत्र मे रुके देव यज्ञ अब पूर्ण होंगे । मां तूना काली के साथ चलने वाले लोग के लिए यह यात्रा काफी मुश्किल भरी रहती है । लगभग 21, 22 लोग इस रथ यात्रा में शामिल होते हैं। मां तूना काली का रथ दो-तीन दिन चेवर गांव में ही रहेगी उसके बाद 4 तारीख को शवाल नामक स्थान से सभी यात्री गण के साथ क्षेत्र के भ्रमण पर निकलेगी ।



रथयात्रा के दौरान मौजूद स्थानीय लोग।

कोई भी व्यक्ति माता के रथ को नहीं छू सकता । माता का रथ सिर्फ पुजारी वह माता के गुरु ही उठा सकते हैं । लोगों को माता के रथ से लगभग 20 से 30 मीटर की दूरी पर रहना पड़ता है। नजदीक आने की किसी भी व्यक्ति को इजाजत नहीं होती ।

मां तूना काली के यज्ञ करने के लिए आज से ही लोग बुकिंग करवाने लग गए हैं क्योंकि माता 3 वर्ष बाद भ्रमण पर निकलती है जबकि इस वर्ष लगभग 5 से 6 वर्ष बाद भ्रमण पर निकल रही है जिससे काफी लोगों के देव कार्य रुके हुए थे जो कि इस वर्ष पूर्ण होंगे । रविवार को सैकड़ों लोगों ने माता के दर्शन किए वह भंडारा भी ग्रहण किया । क्षेत्र के लोगों द्वारा माता को चुनरी व बली के रूप में गरी गोला अर्पण किया जाता है ।

## सूडोकु 00112 ✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# फेगड़े के फूल कहानी का होगा नाट्य मंचन

**अनिल शर्मा, मंडी**

कथाकार मुरारी शर्मा की कहानी फेगड़े का फूल का नाट्य मंचन होने वाला है। हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल की ओर से इसको लेकर सामुदायिक भवन कोटली में एक बाल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इस कहानी को लेकर नाट्य प्रस्तुति की जा रही है। हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान एवं रंगमंडल की संचालिका एवं रंगकर्मी सीमा शर्मा द्वारा इस कहानी का नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन किया जा रहा है। सीमा शर्मा ने बताया कि बाल रंगमंच को बढ़ावा देने के लिए कोटली में यह बाल रंगमंच कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 12 जुलाई को हिमाचल के मशहूर कहानीकार मुरारी शर्मा की कहानी फेगड़े का फूल बच्चों के बीच पढ़वा कर उपर नाटकीय प्रस्तुति तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि मुरारी शर्मा के कहानी संग्रह बाणमूठ से ली गई यह कहानी बाल मनोविज्ञान की अदभुत रचना है, जिसमें एक बच्चा फेगड़े के फूल की तलाश में भटकता रहता है। उसकी दादी ने उसे बताया था कि फेगड़े का फूल बहुत ही चमत्कारी फूल होता है। जिसके भी पास यह फूल होता है, उसे मुंहमांगी मुराद मिल जाती है। कहानी का यह बच्चा फेगड़े के फूल के माध्यम से बड़ों की बिगाड़ी हुई दुनिया को फेगड़े के फूल के माध्यम से सुधारना चाहता है।

मुरारी शर्मा की यह कहानी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर्गत बीए तृतीय वर्ष के अंग्रेजी पाठ्यक्रम में शामिल की गई है। इस कहानी का अंग्रेजी अनुवाद प्रोफेसर मीनाक्षी ई पॉल द्वारा किया गया है।



कार्यशाला में भाग लेते बच्चे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

## आज का पंचांग

**1 जुलाई, 2024, सोमवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** दशमी: (10:28) **: नक्षत्र :** अश्विनी (6:26), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** सुकर्मा (1:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:52), **राहुकाल** (7:11 -8:55 ।

**विशेष दिन**

- 1 जुलाई, 2024 : डॉक्टर्स डे आज।
- 21 जुलाई, 2024 : वन महोत्सव सप्ताह आज से होगा शुरू।

**मेष:** कामयाबी में वृद्धि होगी। कुछ नए संपर्क स्थापित होंगे और कुछ प्रभावशाली लोगों से भी मिलेंगे। आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

**वृषभ:** वित्तीय स्थिति में सुधार होगा लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। सतर्क रहें, हर किसी की बातों में आना बंद करें। अपनों के द्वारा धोखा मिलने से मन दुखी होगा।

**मिथुन:** आज आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। परिवार के कार्यों में व्यय वृद्धि होगी। आपको कई वित्तीय फायदे हो सकते हैं ।

**कर्क:** किसी भी प्रकार के व्यापारिक निर्णय जिसमें आर्थिक जोखिम शामिल हो, उसके लिए समय उपयुक्त नहीं है। आप की मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से सफल होंगे।

**सिंह:** आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है, अतः अत्यधिक सावधानी बरतें। किसी के बहकावे में न आएं। लंबित कार्य पूरे होंगे।

**कन्या:** आपकी वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। सही समय पर सही निर्णय लेना आप के हित में रहेगा।

**तुला:** आप लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कारोबार विस्तार के लिए बैंक से कर्ज लेना पड़ सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। गुम हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक:** आपके काम सफ़ल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। माता-पिता द्वारा आप के किए कार्यों की अवहेलना होगी। कोर्ट व कचहरी में प्रतिकूलता मिलेगी।

**धनु :** आज का दिन शुभ है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिलेगी। कुछ के वांछित स्थानांतरण भी हो सकता है। व्यवसायिक लाभ बढ़ेगा।

**मकर:** वित्तीय व्यवहार और निवेश के साथ अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है।

**कुंभ :** आर्थिक रूप से आप ठीक रहेंगे। आप के इष्टबल को मजबूत करें। मेहनत करें दूसरों पर विश्वास न करें। शत्रु बुरी तरह परास्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे। नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।

**लापरवाही** किरायेदार पंजीकरण घोषणा का मकान मालिकों पर नहीं दिख रहा असर

# पुलिस बिना पंजीकरण रह रहे किरायेदारों पर कसेगी शिकंजा


**एमएम डैनियल, चंबा**

पड़ोसी राच्यों की सीमाओं में घटित आतंकवादी वारदातों को देखते हुए जिला चंबा को संवेदनशील जिलों में शुमार है। जिसके चलते पुलिस विभाग ने जिला में बाहरी राच्यों से अस्थायी तौर पर रहने वाले लोगों के लिए पुलिस थाना व चौकियों में पंजीकरण का नियम अनिवार्य किया गया है। लेकिन अफसोस की बात है कि पुलिस की इस दिशा में लाख कोशिश के बावजूद भी जिला में चंद ही मालिक व किरायेदार पुलिस में अपना पंजीकरण करवा रहे है। जिससे जिला की सुरक्षा व्यवस्था पर कहीं न कहीं सवालियां निशान उठ रहे है। जिसमें पुलिस तंत्र सहित जिला वासी भी नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगभग बराबरी के हकदार है।

गौर हो कि चंबा जिला में कई लघु एवं बड़ी जलविद्युत परियोजना निर्माण कार्यो व कई अन्य निजी कंपनियों के कार्यालय खुलने के कारण गत दस वर्षो में पडोसी राच्यों के लोगों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है, जिसमें विभागीय, कंपनी ठेकेदार लेबर वर्ग से लेकर कई अधिकारी व कर्मी तक शामिल है। शहर परिसर से लेकर भरमौर, भटियात, चुराह, सलूणी, तीसा, डल्हौजी व बनीखेत से जुड़े क्षेत्रों में दिहाड़ी, अनुबंध व नियमित कार्य पर यह बाहरी राच्य के लोग कार्यरत है। जोकि इन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के आवासों पर बतौर किरायेदार जीवन जिला में निर्वाह कर रहे है।

इन बाहरी राच्यों के लोगों में करीब दो तिहाई लोग ही रिहायशी क्षेत्रों अधीन पुलिस थानों-चौकियों में अपना पंजीकरण करवा रहे है। वहीं हैरानी की बात है कि कई मकान मालिक भी किरायेदार रखने से पूर्व पुलिस द्वारा दी गई हिदायतों का अनुसरण तक नहीं कर रहे है। जिसमें मकान मालिक न स्वयं किरायेदार की छानबीन कर रहे है न ही उन्हें पुलिस पंजीकरण के लिए सुझाव देना गवारा समझ रहे है।

जबकि चंबा जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में कुछ वर्ष पूर्व आतंकवादी घटनाएं हो चुकी है। ऐसे में जिला में बिना पंजीकरण के किरायेदार रखना मकान मालिक सहित पुलिस विभाग के लिए भी निकट भविष्य में कोई न कोई मुश्किल खड़ी कर सकती है। (अनंत ज्ञान)



> विभाग द्वारा जिला के समस्त पुलिस थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रह रहे बाहरी राच्यों के लोगों का पंजीकरण करने के निर्देश दिए है। इस दिशा में जल्द पंजीकरण निरीक्षण व नए लोगों का पंजीकरण करने का एक अभियान छेड़ा जाएगा। लोगों को भी किरायेदार रखने से पूर्व व्यक्ति की पुलिस जांच करवाने के लिए पुलिस का सहयोग करे। **-अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक जिला चंबा।**

> कोई भी अत्याचारी साधारण व्यक्तियों को कुचल कर उनके विचारों को नहीं मार सकते। –भगत सिंह

## संपादकीय

# इंग्लिश से करियर के अवसर

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अगले साल से पांचवीं कक्षा तक इंग्लिश मीडियम लागू होने जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला काबिलेतारीफ है, क्योंकि स्टूडेंट्स की ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए यह बेहद जरूरी है। और वैसे भी अंग्रेजी आजकल स्टेटस सिंबल बन चुका है। अंग्रेजी के बिना किसी कंपटीशन को क्वालीफाई करना आसान नहीं होता है।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने इसके लिए सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था जिसे अब सरकार ने मंजूरी दे दी है। खुशी की बात यह है कि नए सत्र के लिए इंग्लिश मीडियम की पुस्तकों की छपाई शुरू हो गई है यानी तैयारी पूरी है। वर्ष 2024-25 से पहली-दूसरी कक्षा में इंग्लिश मीडियम शुरू हो गया है। अब तीसरी से पांचवीं कक्षा में इसे लागू किया जा रहा है। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक अंग्रेजी भाषा में गणित और पर्यावरण विषय पढ़ाए जाएंगे। प्रदेश के 10,300 प्राइमरी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से नई व्यवस्था के लागू होने के बाद हिंदी माध्यम में पढ़ाई बंद हो जाएगी। सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी में पढ़ाई होने से जहां निजी स्कूलों का वर्चस्व खत्म होगा और उनकी लूट खसोट बंद होगी तो वहीं, सरकारी स्कूलों में बच्चों की तादाद भी बढ़ेगी। मां-बाप अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों से इसलिए निकाल लेते हैं, क्योंकि उनके मन में एक ही भावना रहती है कि उनका बच्चा कंपटीशन के लिहाज से कहीं पिछड़ न जाए। चाहे इसके लिए उनका खर्चा दोगुना या तिगुना हो जाता था, लेकिन वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाना चाहते थे। अब अभिभावकों को इंग्लिश मीडियम की सुविधा जब सरकारी स्कूलों में ही मिल जाएगी तो वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही पढ़ाना चाहेंगे, क्योंकि इससे उनका खर्चा भी बचता है। अभी हिमाचल में कई जगह ऐसे स्कूल हैं जहां दस से कम बच्चे हैं और सरकार ऐसे स्कूलों को बंद कर रही है, क्योंकि जब स्कूलों में पर्याप्त बच्चों की संख्या ही नहीं होगी तो ऐसे में जगह-जगह स्कूल खोलने का औचित्य भी क्या रह जाएगा? इससे सरकार पर उलटा आर्थिक बोझ ही पड़ रहा है, लेकिन अब सरकार ने इस अहम समस्या का तोड़ निकाल लिया है और प्राइमरी स्कूलों में अंग्रेजी अनिवार्य होने जा रही है। अंग्रेजी से बेहतर भाषा कौशल बढ़ता है।

अंग्रेजी का प्रारंभिक ज्ञान छात्रों को बेहतर भाषा कौशल विकसित करने में मदद कर सकता है, जिससे वे वैश्विक भाषा में प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम हो सकते हैं। इंग्लिश से करियर के बेहतर अवसर भी मिलते हैं। इंग्लिश में दक्षता अधिक करियर के अवसर खोल सकती है, खासकर प्रौद्योगिकी, व्यवसाय और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में तो नौकरियां ही नौकरियां हैं। अन्य विषयों की बेहतर समझ अंग्रेजी के जानकार को हो जाती है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे कई विषयों के लिए अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम है। मजबूत अंग्रेजी कौशल छात्रों को इन विषयों को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है। जानकारी तक पहुंच में वृद्धि भी अंग्रेजी ही बनाती है। अंग्रेजी इंटरनेट की प्राथमिक भाषा है और अंग्रेजी जानने से छात्रों को बड़ी मात्रा में जानकारी और संसाधनों तक पहुंच मिल सकती है। आजकल प्रतिस्पर्धा का जमाना है। हर जगह कंपटीशन है। अंग्रेजी पढ़ने से प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है। प्रतिस्पर्धी दुनिया में, अंग्रेजी जानने से हिमाचल प्रदेश के छात्रों को अन्य राज्यों के अपने साथियों से बढ़त मिल सकती है। अंग्रेजी जैसी नई भाषा सीखने से स्मृति, समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच जैसे संज्ञानात्मक कौशल में सुधार हो सकता है। उच्च शिक्षा के लिए बेहतर तैयारी अंग्रेजी के माध्यम से की जा सकती है। अधिकांश उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है, इसलिए इसे पांचवीं कक्षा तक अनिवार्य करने से छात्रों को भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए तैयार किया जा सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हिमाचल प्रदेश में पांचवीं कक्षा तक इंग्लिश मीडियम की एजुकेशन शुरू करने से छात्रों के शैक्षणिक, व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव अवश्य पड़ेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्र भारत के प्रथम मतदाता

**श्याम सरन नेगी** हिमाचल प्रदेश के एक सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक थे। स्वतंत्र भारत के पहले आम चुनाव में उन्होंने सबसे पहला मतदान किया था। दरअसल, भारत का पहला चुनाव फरवरी 1952 में हुआ, लेकिन हिमाचल प्रदेश में सुदूर आदिवासी इलाकों में खराब मौसम के कारण सर्दियों के दौरान मतदान कराना असंभव था। ऐसे में वहां मतदान 23 अक्तूबर, 1951 को पांच महीने पहले हो गया। तब श्याम शरण नेगी स्कूल अध्यापक थे और चुनावी ड्यूटी पर थे। इसके कारण वह अपना वोट डालने सुबह सात बजे किन्नौर में कल्पा प्राथमिक स्कूल में अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गए। श्याम शरण नेगी वहां पहुंच कर मतदान करने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके बाद उन्हें बताया गया कि इलाके में कहीं भी सबसे पहले वोट डालने वाले व्यक्ति वह ही हैं। श्याम सरन नेगी ने पहली बार 1951-52 के चुनाव में हिस्सा लिया था, जो देश का पहला चुनाव था। जीवन के 106 बसंत देखने वाले श्याम सरन नेगी ने वर्ष 2022 में 34वीं बार मतदान किया था। 106 साल की उम्र में निधन से पहले उन्होंने हिमाचल चुनाव में वोट डाला। उन्होंने पहली बार जब वोट किया था, तब वह 33 साल के थे। तब से लेकर अपनी मृत्यु से पहले तक उन्होंने कभी भी अपना वोट बेकार नहीं किया। किन्नौर के कलपा कस्बे के रहने वाले श्याम शरण नेगी स्कूल से शिक्षक के पद से 51 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। 2010 में तब के मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन चावला नेगी से मिलने भी गए थे। चावला ने नेगी को सम्मानित किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले गूगल ने नेगी पर एक फिल्म 'प्लेज टू वोट' भी बनाई थी। 2015 में आई बॉलीवुड फिल्म 'सनम रे' में भी नेगी नजर आए थे। ■



**श्याम सरन नेगी**
**जन्म :** 1 जुलाई, 1917
**मृत्यु :** 5 नवंबर, 2022

## अपनी बात

**आजकल** बच्चों सहित आम जनमानस स्मार्टफोन को गले का हार बना चुका है। कोरोना कॉल के दौरान छात्रों की कलासें ऑनलाइन लगने के कारण उनमें स्मार्टफोन का सदैव इस्तेमाल किए जाने की बुरी लत लग चुकी है। फेसबुक पर बढ़ती अश्लीलता युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा खतरा है, वहीं आम जनमानस भी इस लत का शिकार बनता जा रहा है। फेसबुक पर लड़कियों के नाम से बनाई गई फेक आईडी से किसी व्यक्ति को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जाती है। नासमझ व्यक्ति बिना कोई जांच किए रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लेता है। फेक आईडी से उस व्यक्ति से अश्लील चैट किए जाने का प्रस्ताव रखा जाता है। फेक आईडी द्वारा मैसेजर, व्हाट्सऐप पर अश्लील वीडियो चलाकर सामने वाले व्यक्ति को कपड़े उतारने पर मजबूर किया जाता है। ठीक इसी गलती कारण उस व्यक्ति को ब्लैकमेल किए जाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। युवा इस गोरखधंधे का शिकार होकर आत्महत्याएं तक कर रहे हैं। इस कारण अब सजग होने की जरूरत है। –रविंद्र शर्मा, कुल्लू

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# सांसों से बंधी होती है जीवन की डोर

जीवन की डोर सांसों से बंधी होती है, इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अंदर लेना और बाहर निकालना एक स्वत:चालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है, जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं है। वह आध्यात्मिक विकास की राह भी है और तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गई है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है।

प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति। हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है, जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति नियंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है, जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है। वस्तुत: प्राण की ऊर्जा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं, जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान। उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है। यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है। अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है, जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वांसों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया जाता है। वस्तुत: कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है।



**लेखक : गिरीश्वर मिश्र**
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अंदर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेते हुए तनाव में कमी और अंदर से ऊर्जावान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीर्घायु पा सकते हैं। रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं, पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परंपरा मौजूद रही है। श्रीमद् भगवद् गीता में सांस लेना (पूरक), सांस को छोड़ना (रेचक) और सांस को रोकना (कुंभक) इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिब्बती परंपरा में भी इस पर बल दिया गया है।

अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्व पाया गया है। वस्तुत: सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है। योग की ज्ञान-परंपरा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वास लेने और निकालने के दर (रेट) का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा (अस्थमा) वस्तुत: श्वास की कमी से जुड़ा है। उच्च रक्त चाप की चिकित्सा में भी यह बड़ा लाभप्रद पाया गया है। अब इसे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकृति मिल रही है।

तंत्रिका तंत्र के आधुनिक अध्ययन योग की श्वास-विधियों के प्रभावों की पुष्टि कर रहे हैं। खेल में तो खिलाड़ी युद्ध की सी चुनौती का अनुभव करता है। तब एक-एक पल का मूल्य होता है, इसलिए खिलाड़ियों की भी रुचि इस दिशा में बढ़ रही है और इस पर विचार हो रहा है कि प्राचीन योग की श्वास-नियंत्रण की तरकीबें शरीर को साधने और श्वसन तंत्र को सुदृढ़ करने में कैसे मददगार होंगीं। इस पर भी शोध हो रहा है कि शरीर किस तरह अच्छी तरह ऑक्सीजन का उपयोग करे और कार्बन डाईआक्साइड को सहने की क्षमता को बढ़ाए। श्वास के महत्व की लोकप्रियता के बावजूद अभी भी ज्यादातर लोग जीवन के इस आधारभूत पक्ष पर उचित ध्यान नहीं देते हैं। यदि यह स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की बात न होती तो बहुत से लोग इस कारण अकाल ही कालकवलित हो जाते कि वे काम के वक्त सांस लेना भूल गए थे। सांस सभी लेते हैं, इसलिए अच्छी तरह सांस लेना एक जरूरी बात होते हुए भी उस पर ध्यान नहीं जाता। सांस का व्यायाम सबके लिए बेहद जरूरी है। काम ज्यादा हो, समयाभाव हो और आप श्वसन पर पर ध्यान देना चाहते हैं ताकि स्वास्थ्य सुधरे तो इस स्थिति में सबसे पहली बात है मुंह के बदले नाक से सांस लेने का अभ्यास करना चाहिए। इसमें ऑक्सीजन को रक्त में फैलाने के लिए अधिक मौका मिलता है, इससे 10-20 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन मिलती है।

धीमी और आराम की सांस लेना लाभप्रद होता है। तीव्र और छिछली सांस ठीक विपरीत प्रभाव वाली होती है। जब आप नाक से सांस बाहर निकालते हैं तो मुंह से निकालने की अपेक्षा अधिक कार्बन रखते हैं, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नाक से सांस लेना का अभ्यास करना चाहिए। इससे होमोग्लोबीन से कोशिका में ऑक्सीजन का प्रवेश बढ़ जाता है। रक्त प्रवाह भी सुधर जाता है। ठीक तरह से सांस लेना स्वास्थ्य की कुंजी है। सचेत रूप से सांस लेना एक प्राचीन विषय है और आज की ताजी शब्दावली में स्वसन-अभ्यास (ब्रीद वर्क) एक स्वतंत्र अध्ययन विषय बन चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अनियोजित विकास बन रहे आपदा का कारण

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर बड़ी घटना हो गई। अचानक छत का ऊपरी हिस्सा गिर गया। इसके चलते गाड़ियां चपेट में आ गईं। इस हादसे में अब तक 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं, तो वहीं एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आखिर इसका जिम्मेदारी किसकी है। जरूर घटिया सामग्री और जल्दबाजी के कारण क्वालिटी पर ध्यान नहीं दिया गया। दिल्ली शहर में शहरीकरण विकास के लिए, शहरी नियोजन तंत्र भी उसी गति से विकसित नहीं हुआ है, जिस गति से शहरीकरण और तकनीकी प्रगति का विकास हो रहा है।

अनियोजित विकास और जलवायु परिवर्तन शहरी बाढ़ सहित कई आपदाकारी घटनाओं का कारण बन रहे हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। हैदराबाद में आई बाढ़ में हजारों घर जलमग्न हो गए थे। चेन्नई की बाढ़ इस बात की याद दिलाती है कि शहरीकरण किस तेजी से शहरों को शहरी बाढ़ के लिए प्रवण बनाता जा रहा है। वर्ष 2022 में बेंगलुरु में मानसून मौसम में आई ऐसी ही बाढ़ कई घटनाओं की साक्षी बनी है। शहरी बाढ़ एक निर्मित परिवेश में विशेष रूप से शहरों जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में, भूमि या संपत्ति के जलमग्न होने की स्थिति है, जो प्राय: तब उत्पन्न होती है, जब वर्षा के कारण जलभराव वहां की जल निकासी प्रणालियों की क्षमता पर भारी पड़ता है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शहरी बाढ़ न केवल उच्च वर्षा के कारण बल्कि ऐसे अनियोजित शहरीकरण के कारण उत्पन्न होती है, जो बाढ़ की चरमता को 1.8 से बढ़ाकर 8 गुना कर देता है। बाढ़ की मात्रा को 6 गुना तक बढ़ा देता है। निकासी चैनलों का पुन: साफ करना जरूरी है, जो शहरों और कस्बों में भूमि के बढ़ते मूल्यों और मुख्य शहर में भूमि की कमी के कारण नए विकास कार्य निचले इलाकों में हो रहे हैं, जिनके लिए आमतौर पर झीलों, आर्द्रभूमि तथा नदी के तटवर्ती इलाकों आदि का अतिक्रमण किया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि प्राकृतिक अपवाहिकाओं को चौड़ा किया जाता, जैसे बढ़ते हुए यातायात के साथ सड़क चौड़ीकरण किया जाता है, ताकि तूफानी जल के उच्च प्रवाह को समायोजित किया जा सके, लेकिन वस्तु स्थिति इसके विपरीत है, जहां इन प्राकृतिक अपवाह तंत्रों को चौड़ा करने के बजाय बड़े पैमाने पर इनका अतिक्रमण कर लिया गया है। परिणामस्वरूप उनकी अपवाह क्षमता कम हो गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति बनती है।

शहर और ग्राम के स्तर पर सभी जल निकायों और आर्द्रभूमि का रिकॉर्ड बनाए रखना बाढ़ से बचने, उसका सामना कर सकने और लचीलापन पाने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण होगा। फ्लड वॉल का निर्माण, बाढ़ प्रवण नदी घाटियों के किनारे ऊंचे प्लेटफॉर्म बनाना, जल निकासी चैनलों की समय-समय पर सफाई और उन्हें गहरा करना आदि कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें केवल शहरी क्षेत्रों के बजाय समग्र नदी बेसिन में अपनाया जाना चाहिए। सड़कों के किनारे बायोस्वाल्स बनाए जा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### आंखों को देखा झूठ

हरिराम धीमान
फ्रेंड्स कॉलोनी नालागढ़

*एक निरपराध कैदी सा बंद रहता हूं,*
*सारा दिन कांच के पिंजरे में।*
*चेहरे पर छा जाते हैं खुशी के बादल,*
*नोटों की मोटी-मोटी गड्डियां देखकर।*
*गौरव अनुभव करता हूं,*
*लखपति होने का।*
*पांच बजते हैं चेहरे पर उदासी की,*
*हल्की सी चपत लगाकर।*
*बॉक्स तिजोरी में रखकर,*
*एहसास होता है,*
*आंखों देखा सब झूठ है,*
*मैं तो एक मामूली कैशियर हूं।*

# उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली की आस

कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों की बेला पर हिमाचल प्रदेश की जनता को तीन सौ बिजली यूनिट मुफ्त दिए जाने की घोषणा की थी। प्रदेश में सत्तासीन होने के 15 महीने गुजर जाने के बावजूद जनता को इस घोषणा का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। सुख की सरकार ने तीन सौ बिजली यूनिट मुफ्त दिए जाने की वजाए बिजली की दरें बढ़ाने का फैसला लिया है। यह कोई पहला मौका नहीं कि बिजली दरों में बृद्धि किए जाने की सुर्खियां न छपी हों।

पूर्व भाजपा सरकार समय में भी ठीक ऐसी सुर्खियां छपकर जनता की धड़कन बढ़ाती रही हैं। हिमाचल प्रदेश में उपभोक्ताओं के घरों में लगे बिजली मीटर कंप्यूटर युक्त लगाए जाने की सरकारें सिर्फ बातें करती हैं। सच बात यह है कि उपभोक्ताओं ने घरेलू बिजली मीटर लगाने के लिए बिजली बोर्ड के पास आवेदन किए हैं। बिजली बोर्ड कब उपभोक्ताओं के घरों में नए मीटर लगाकर उन्हें सुविधा पहुंचाएगा, कोई नहीं जानता है। हिमाचल प्रदेश बिजली उत्पादन राज्य होने के बावजूद वर्तमान समय में करीब सात हजार पद बिजली बोर्ड में रिक्त होना उसकी मालिया हालत को बयान करते हैं। सुख की सरकार ने बिजली दरों में मामूली बढ़ोतरी करके करोड़ों रुपए के कर्ज को कम करने की पहल की है। हिमाचल प्रदेश में तूफान आने से अगर बिजली गुल हो जाए तो उपभोक्ताओं को घंटों अंधेरे में रहने की आदत डाल लेनी चाहिए। प्रदेश बिजली बोर्ड की मालिया हालत की वजह से ऐसी किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई खास योजना बनाई गई फिलहाल नजर नहीं आती है। जनसंख्या अनुसार बिजली कर्मचारियों की नियुक्ति किया जाना अब समय की मांग है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

आलम यह कि अगर रात के समय बिजली गुल हो जाए तो उपभोक्ताओं को बिजली विभागीय कार्यालयों में सिवाए दरवाजे पर लटके तालों के सिबा कुछ नहीं मिलता है। कार्यालय के बाहर किसी शिकायत लागबुक का भी मौजूद न होना उसकी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। पूर्व सरकार भी जनमंचों के माध्यम से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर समाधान करवा नहीं पाई। बिजली बोर्ड की सेवाएं पहाड़ की जनता को चौबीस घंटे मिलें, इसके लिए खास योजना बनाने की अब जरूरत है। बिजली बोर्ड खंभों में बिछाई जाने बाली बिजली की तारों को अधिकतर बिना स्पेसर डाले ही लटका देता आ रहा है। लकड़ी के पोल, हरे-भरे आमों के पेड़ों पर विभाग द्वारा तारें लटकाई देखी जा सकती हैं। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की लापरवाही कारण गर्मियों के दिनों में किसानों की कीमती गेहूं की फसलें जलकर राख का ढेर बन जाती हैं।

बिजली की तारें सूखी गेहूं की टहनियों से टकराकर अग्निकांड में बदल जाती हैं। बिजली तारों का समय पर न कसने की बजह से बह अक्सर नीचे लटककर रह जाती हैं, ऐसी सूरत में अगर मामूली तूफान भी आए तो यह बिजली की तारें आपस में टकराकर स्पार्किंग पैदा करते ही बिजली ट्रांसफार्मर से फ्यूज को उड़ा देती हैं और बिजली गुल हो जाती है। बिजली बोर्ड के कुछ कर्मचारी इसे प्राकृतिक समस्या का नाम देकर अपनी जनता के प्रति जिम्मेदारियां सही नहीं निभा पा रहे हैं। मामूली बारिश और तूफान आते ही बिजली बोर्ड कट लगाकर बैठ जाता है, नतीजतन रात भर लोग अंधेरे में ही रहने को मजबूर होते जा रहे हैं।

बिजली तारों की मरम्मत समय पर न होने की बजह से भी वे कहीं से भी टूट कर अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे सकती हैं। बिजली के ट्रांसफार्मरों पर भी सुरक्षा के प्रबंध कोई खास नहीं दिखते, जिसके चलते कोई भी अनहोनी घटना घटित कर सकता है। बिजली बोर्ड सप्ताह में एक दिन कभी-कभार बिजली तारों की मरम्मत कर रहा है। स्टाफ की कमी के चलते लोगों को खासकर गर्मियों में चौबीस घंटे बिजली की सुविधा पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाती है। अगर बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाए तो उसकी रिपेयर करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस बीच विभाग के पास कोई स्थायी तौर पर विकल्प नहीं होता ताकि बिजली सप्लाई चलाई जा सके। बिजली बिलों का समय पर उपभोक्ताओं को न मिलना उनके घरेलू आर्थिक बजट को डगमगा कर रख देता है। बिजली बोर्ड के कर्मचारी अब तो मीटर रीडिंग का आकलन किए बगैर ही अनुमान से बिजली बिल काटना अपनी आदत बना चुके हैं। पहाड़ में प्राकृतिक जल स्रोत बिलकुल खत्म होने की कगार पर चल रहे हैं। जनता सिर्फ बिजली से चलने बाली जल शक्ति विभाग की स्कीमों पर ही आश्रित है, ऐसे में बिजली का बाधित हो जाना आमजनमानस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनकर रह जाता है।

बिजली बाधित रहने से यहां लोग समस्याएं उठाते हैं, वहीं, इंडस्ट्रीज मालिकों का कामकाज भी ठप होकर रह जाता है। बिजली बोर्ड के उपभोक्ता जिसके चलते सरकार को राजस्व मिलता है, सरकारी विभागों की अहम जिम्मेदारी बनती है कि वह पहाड़ की भोली-भाली जनता को अपनी कुशल कार्यप्रणाली से अवगत करवाए। पहाड़ की जनता को चौबीस घंटे बिजली की सप्लाई मिले। आज सरकार को जरूरत है एक खास योजना बनाए जाने की। बिजली बोर्ड को सभी सुविधाओं से लैस बनाकर ही जनता को राहत मिल सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देश के आर्थिक विकास में चालकों-परिचालकों का योगदान

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि अगर देश व प्रदेश के विकास और उत्थान में सहयोग एवं भूमिका की चर्चा एवं आंकड़ा जुटाएं तो हरेक क्षेत्र की भूमिका देखने को मिलती हैं। इसमें अगर गहराई से चिंतन करें तो देशभर के चालकों-परिचालकों की भी अहम भूमिका देखने को मिलती है। जिन चालकों के कंधों पर कहीं पर सवारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित और समय से पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है, तो वहीं दूसरी ओर दिन-रात बसों, गाड़ियों इत्यादि को चलाने में कहीं न कहीं जान का खतरा भी बना रहता है। इसी प्रकार परिचालकों की भूमिका भी देखने को मिलती है, जो हमेशा चौकसी और मुस्तैदी के साथ चालक और सवारियों के बीच सेतु का काम करते हैं।

देशभर के चालक और परिचालक कदाचित कभी हड़ताल पर या फिर किसी मांग को लेकर धरने पर बैठ जाते हैं तो संभवत: देशभर में हाहाकार जैसा माहौल बन जाता है, तो वहीं देश की आर्थिक स्थिति भी डगमगाने लगती है, क्योंकि चालकों के माध्यम से ही अनेक प्रदेशों से मालवाहक वाहनों में रॉ-मेटेरियल अर्थात कच्चा माल सरकारी कारखानों और निजी कारखानों तक पहुंचता है, तो वहीं देशभर में लोगों का एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में आना जाना लगा रहता है तो ऐसी स्थिति में चालकों की एक अहम भूमिका देखने को मिलती है, जबकि चालकों एवं परिचालकों को वेतन भी बहुत कम मिलता है, परंतु फिर भी वे अपने जीवन और परिवार को पालने के लिए देश एवं प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने का प्रयास करते हैं, तो वहीं शहरों से लेकर गांव-गांव तक फल, सब्जियां, कच्चा माल, अनेक प्रकार का सामान रेत-बजरी, सीमेंट, लकड़ियां इत्यादि अनेक प्रकार के सामान पहुंचाते हैं।

दुर्गम क्षेत्रों में जहां रेलगाड़ी, मालगाड़ी एवं अन्य वाहनों का आवागमन नहीं हो पाता, वहां पर इन तमाम वाहनों के द्वारा चालक ही अहम भूमिका में नजर आते हैं। इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि कुछ चालक ड्यूटी के दौरान भी शराब पीकर या अन्य प्रकार के नशे का प्रयोग करते हैं, जिनकी वजह से अनेक बार सड़क दुर्घटनाएं एवं सवारियों को भी खामियाजा भुगतना पड़ता है, इसलिए आज कोई भी चालक क्यों न हो, उन तमाम चालकों की भी देश एवं प्रदेश के विकास में अहम भूमिका रहती है, जबकि चालकों की आर्थिक स्थिति भी कुछ बेहतर नहीं होती है परंतु अगर उनके कार्यक्षेत्र और दिनचर्या पर चिंतन और विश्लेषण किया जाए तो चालक को हमेशा सुबह से शाम तक बड़े ही संजीदगी और मुस्तैदी का साथ कार्य करना पड़ता है, जिसमें अनेक बार विभिन्न प्रकार के खतरे भी बने रहते हैं, इसलिए आज आम आदमी और समाज को भी चालक एवं परिचालकों के कार्यक्षेत्र और दिनचर्या की भूमिका को मान-सम्मान और आदर भाव के साथ देखने एवं समझने की आवश्यकता है, ताकि चालकों एवं परिचालकों को भी इस बात का अहसास हो कि जनता एवं समाज में भी उनकी अहम भूमिका रहती है, क्योंकि जैसे कहा भी जाता है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि हमारी सोच और इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है कि हम अपने क्षेत्र में अपने कार्य के प्रति कितनी सक्रिय एवं वफादारी के साथ कार्य को बेहतर और बड़ा बनाते हैं तथा देश व प्रदेश में अपनी अलग पहचान स्थापित करते हैं। जैसा कि अनेक बार हिमाचल प्रदेश और देशभर के अलग-अलग राज्यों में देखने को मिलता है, जब चालाक एवं परिचालकों द्वारा किसी भी गाड़ी एवं बसों में आई तकनीकी खराबी आने पर अनेक बार चालकों द्वारा सूझबूझ का परिचय दिया जाता है और वे सवारियों को अन्य वाहनों से सही सलामत और सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने में सफल होते हैं।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

वहीं, दूसरी ओर चालक-परिचालक सर्दी, गर्मी, बर्फबारी के दौरान दिन-रात कभी-कभी तो उन्हें छुट्टियां भी नसीब नहीं होती हैं। इस प्रकार चालक एवं परिचालकों की भूमिका अहम मानी जाती है। वर्तमान में महिला चालक भी इस क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं और अनेक प्रदेशों में गाड़ियों, बसों को चला रही हैं, वहीं उन्हें हवाई जहाज तक उड़ाते देखा जा सकता है।

इससे बढ़कर क्या खुशी एवं गर्व हो सकता है कि बेटियां और महिलाएं भी इस क्षेत्र में आने के लिए इच्छुक नजर आती हैं। इस प्रकार जैसे अन्य क्षेत्रों की हमारे देश व प्रदेश के विकास में अहम भूमिका मानी जाती है, इसी प्रकार चालक एवं परिचालकों की भी हमारे देश एवं प्रदेश के विकास में अहम भूमिका रहती है, तो वहीं हमें अपनी मानसिकता को बदलने की भी आवश्यकता है, क्योंकि अनेक क्षेत्रों और लोगों में चालकों एवं परिचालकों के संदर्भ में गलत धारणा रहती है, जबकि सभी चालक एवं परिचालक एक जैसे नहीं होते। अनेक क्षेत्रों में चालकों एवं परिचालकों ने समय-समय पर ईमानदारी, निष्पक्षता और सिद्धांतों का भी बखूबी परिचय दिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सरकार से सिलाई कटाई अध्यापिकाएं खफा



**पुष्पराज, मंडी।** हिमाचल प्रदेश मजदूर संघ और हिमाचल प्रदेश सिलाई कटाई कर्मचारी संघ के द्वारा त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन आईएसबीटी मंडी के कैंटीन सभागार में किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जिसमें मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष पवन गुलेरिया भी उपस्थित रहे। इस दौरान हिमाचल प्रदेश मजदूर संघ की उपाध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश सिलाई कटाई कर्मचारी संघ की प्रभारी सुषमा शर्मा ने बताया कि मांग पत्र तैयार किया गया है जिसे भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पंचायती राज विभाग के निदेशक और हिमाचल सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संघ की बैठक तीन को

**पुष्पराज, मंडी।** केंद्रीय भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संघ मंडी की मासिक बैठक पुलिस लाइन मंडी के सभागार में तीन जुलाई को सुबह 11 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के संचालक सेवानिवत्त उप महानिरीक्षक आरके शर्मा करेंगे। बैठक में सेवानिवृत्त अर्द्धसैनिक और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े कल्याणकारी मुद्दों, मोबाइल कैंटीन की बहाली और मोबाइल कैंटीन के माध्यम से सामग्री की सप्लाई, प्रदेश में अर्द्धसैनिक बोर्ड का गठन करने, केंद्र सरकार द्वारा अर्द्धसैनिकों को प्रदत एक्स सर्विसमैन का दर्जा प्रदेश में भी लागू करने, राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्द्धसैनिकों को सेना की तर्ज पर शहीद का दर्जा प्रदान करने और सदस्यों द्वारा प्रस्तुत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### खरड़ और अर्की से दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस की विशेष पीओ सेल टीम ने एक साथ दो उदघोषित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 सरकाघाट के न्यायालय से धोखाधड़ी मामले में वांछित आरोपी अमरनाथ पुत्र तेगू राम निवासी धटोली डाकघर खुडला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पीओ सेल टीम ने दो मामलों में उदघोषित आरोपी विजय कुमार पुत्र अमरनाथ निवासी धटोली डाकघर खुडला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी को जिला सोलन के अर्की से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपीयों को एसीजेएम न्यायालय सरकाघाट ने 8 मई 2024 को उदघोषित आरोपी घोषित किया था। वहीं आरोपी विजय कुमार को सुंदरनगर न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में भी उदघोषित अपराधी घोषित किया है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना हटली के सुपुर्द कर दिया है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मंडी पुलिस की विशेष टीम पीओ सेल ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में मंडी बनी उपविजेता



**पुष्पराज, मंडी।** 13 वर्ष से कम आयु वर्ग के फुटबॉल लीग में मंडी, खेलो इंडिया क्लब उपविजेता रही। यह लिग प्रतियोगिता नादौन में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया 27 जून से 30 जून तक चली इस प्रतियोगिता की विजेता टीम मदर प्राइड अकादमी नादान रही जिला फुटबॉल संघ मंडी के अध्यक्ष लीला विलास वह अन्य पदाधिकारी पंकज शर्मा, प्रवीन शर्मा, भूपेंद्र काऊ, वीरेंद्र से, जगदीश राजा सभी ने विजेता टीम को बधाई दी। लीला विलास ने इस जीत का श्रेय मंडी के फुटबॉल कोच हैप्पी व बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया। (अनंत ज्ञान)

### सांख्यिकी विभाग ने पराशर में चलाया सफाई अभियान

**पुष्पराज, मंडी।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के खलियार स्थित मंडी कार्यालय ने पराशर मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में अपने कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों व ग्राम पंचायत शेगली के पंचायत सदस्यों के साथ मिल कर स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय मंडी कार्यालय के प्रभारी बलदेव वर्मा ने बताया कि कार्यालय के करीब 20-25 लोगों ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। बलदेव वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भारत सरकार द्वारा दिनांक 16 जून से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### रेयांश फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**विनोद, नेरचौक।** विश्व रक्तदाता जागरूकता अभियान के तहत रेयांश फाउंडेशन द्वारा श्री लाल बहादुर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. ऋचा गुप्ता एनआर बताया कि शिविर में 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक स्टाफ सदस्य, पवन, डिंपल ठाकुर, किरण, नरेंद्र तथा रेयांश फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश व सचिव राकेश उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बरसात शुरू पर फोरलेन निर्माण कंपनी ने नहीं हटाया मलबा, हादसे का इंतजार

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

बरसात का मौसम शुरू हो गया है और प्रदेश में इससे नुकसान भी होने लग गया है। पिछली बरसात में चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर मंडी से पंडोह के बीच 6 और 9 मील ने जो कहर बरपाया था उसे याद करके हर किसी की रूह कांप जाती है। मंडी से पंडोह के बीच 4 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था जिसमें एक मासूम भी शामिल था, लेकिन यहां पर फोरलेन के निर्माण कार्य में जुटी केएमसी कंपनी इस बार और बड़े हादसे और अनहोनी का इंतजार कर रही है। 6 और 9 मील के पास कंपनी ने पिछली बरसात में गिरे

**6 और 9 मील के पास खानापूर्ति के लिए हटाया मलबा, बाकी मलबा वैसे ही**

मलबे के कुछ हिस्से को अभी तक सिर्फ खानापूर्ति के लिए हटाया है और बाकी मलवा वैसे ही पड़े रहने दिया है जो इस बार कहर बनकर गिरने वाला है।

कंपनी प्रबंधन को एनएचएआई और जिला प्रशासन की कई बार फटकार के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा। सड़क को बहाल करने के सिवाय कंपनी प्रबंधन ने और कोई भी काम नहीं किया है। आलम यह है कि पहाड़ी पर लटकते पत्थर और उसके साथ वाला मलबा बरसात के पानी के साथ सीधा हाईवे पर आकर गिरने वाला है। इससे जहां हाईवे यातायात के लिए बंद हो जाएगा वहीं किसी बड़े हादसे का अंदेशा जताने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कंपनी प्रबंधन के इस ढुलमुल रवैये का खामियाजा इस हाईवे पर सफर करने वालों को भुगतना होगा। (अनंत ज्ञान)




### लैंडस्लाइड होने पर कौन होगा जिम्मेदार?

**लैंडस्लाइड** से यदि मलबा गिरता है तो उसे हटाने के लिए भी कंपनी की तरफ से कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं किए गए हैं। जहां पर लोक निर्माण विभाग और निर्माण कार्य कर रही अन्य कंपनियों ने सेंसटिव एरिया में अपनी मशीनरी पहले से ही तैनात कर दी है वहीं केएमसी कंपनी को इसकी भी कोई परवाह ही नहीं है। ग्राम पंचायत जागर के प्रधान भूषण कुमार ने प्रशासन से मांग उठाई है कि केएमसी कंपनी को इस मलबे को जल्द हटाने के सख्त निर्देश दिए जाएं।

### कंपनी जुटी है प्रबंधन में: राज शेखर

**जब** इस बारे में केएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर राज शेखर से बात की गई तो उन्होंने फिर वहीं घिसा-पिटा जबाव देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि कंपनी सारी व्यवस्थाओं के प्रबंधन में जुटी हुई है। सड़क यातायात के लिए पूरी तरह से बहाल है। यदि मलबा गिरता है तो उसे तुरंत हटाने के लिए मशीनरी भेज दी जाएगी।

### एमबीबीएस का दाखिला दिलाने के नाम पर 19 लाख रुपए की ठगी का मामला

# पैसों के लेनदेन में कश्मीर कनेक्शन शामिल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर में एमबीबीएस में बेटी को दाखिला के दिलाने के नाम पर पिता से हुई 19 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में जम्मू और कश्मीर के वकार मंजूर वानी की संलिप्तता भी पाई है। इस बात की जानकारी पुलिस को दिल्ली से गिरफ्तार कर सुंदरनगर लाई गई आरोपी महिला पारूल शर्मा से जांच के दौरान चली है।

वकार मूलत जम्मू और कश्मीर का रहने वाला है और वर्तमान में कर्नाटक के बेंगलुरु में रहता है। पुलिस द्वारा आरोपी महिला और वकार मंजूर वानी के मोबाइल फोन की सीडीआर और बैंक रिकॉर्ड खंगालने पर कई चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें आरोपी महिला और वकार में काफी समय से आपस में बातचीत और पैसों के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस आरोपी महिला के मोबाइल को जांच के लिए आरएफएसएल भेजने जा रही है। वहीं आरोपी महिला का 5 दिनों का पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद एक बार फिर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-दो सुंदरनगर के समक्ष पेश किया गया। अदालत

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**आरोपियों की नीट मामले में संलिप्ता पर जताया अंदेशा**

द्वारा आरोपी पारूल शर्मा को 4 दिन के अतिरिक्त पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी को 2 जुलाई को अदालत में पेश किया जाएगा, लेकिन मामले में खुलासे से किसी बड़े मेडिकल एडमिशन गिरोह की संलिप्तता होने का शक जताया जा रहा है, जिसका आने वाले दिनों में पुलिस द्वारा खुलासा किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

**क्या है मामला**

**उपमंडल** सुंदरनगर के सुनील कुमार पुत्र स्व. खयाली राम निवासी गांव नौलखा ने 21 अगस्त 2023 को पुलिस थाना धनोटू में एक शिकायत पत्र दिया था। शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता ने बेटी को एमबीबीएस में दाखिले के लिए 19 लाख रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए थे। मामले में पैसों के लेनदेन को लेकर सुनील कुमार और उसके दोस्त विनोद कुमार ने सभी ट्रांजेक्शन बैंक के माध्यम से आरोपियों को किए थे, लेकिन इसके बावजूद उसकी बेटी का दाखिला किसी भी मेडिकल कॉलेज में नहीं हुआ और शिकायतकर्ता आरोपियों द्वारा की गई 19 लाख रुपए की ठगी का शिकार बन गया।

### क्या कहते हैं डीएसपी



**डीएसपी** सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि आरोपी महिला को एक बार फिर अदालत ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अन्य आरोपियों की संलिप्तता भी पाई गई है। आरोपी से पूछताछ अमल में लाई जाएगी। पुलिस द्वारा मामले से जुड़ा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और जांच जारी है। आरोपी का मोबाइल जांच के लिए आरएफएसएल भेजा जा रहा है।

### 19 लाख रुपए के लेनदेन में भी सामने आया कश्मीर कनेक्शन

**एमबीबीएस** में दाखिला दिलाने को लेकर शिकायतकर्ता ने 18-12-2021 को आरोपी पारूल शर्मा द्वारा संचालित स्टडी सेवन सीज के खाते में अपने दोस्त विनोद कुमार के खाते से 2 लाख रुपए जमा कराए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके उपरांत पारूल शर्मा के कहने पर शिकायतकर्ता ने अपने खाते से 23 मार्च 2022 को एक लाख, 5 अप्रैल 2022 को विनोद कुमार के खाते से श्रीनगर के किसी अनदान शाह के खाते में 2 लाख, 8 अप्रैल 2022 को स्टडी सेवन सीज के खाते 9 लाख और 10 अप्रैल 2022 को विनोद कुमार ने 5 लाख रुपए श्रीनगर के वकार मंजूर वानी के खाते में ट्रांसफर किए थे।

### आरोपी पारुल ने वकार के खाते में करवाए थे 12 लाख ट्रांसफर

**दिल्ली** से गिरफ्तार आरोपी महिला पारूल शर्मा ने पुलिस रिमांड वकार के खाते में 12 लाख रुपए जमा करवाए और बाकी शेष बचे हुए 7 लाख रुपए उसने खर्च कर दिए। पारूल शर्मा की वकार से बात हुई थी जिसमें बताया था कि वह यूएसए में है। आरोपी महिला अभी भी मामले से जुड़े कई रहस्यों और अन्य लोगों की संलिप्ता को लेकर जानकारी छुपा रही है, इनका खुलासा पुलिस द्वारा किया जाएगा। आरोपी महिला द्वारा छात्रों को एमबीबीएस करने के लिए भेजने को लेकर संख्या की भी जांच अमल में लाई जा रही है।

# जिला प्रशासन और फिल्म जगत से आए कलाकारों ने किया पौधरोपण

**पुष्पराज, मंडी**

**फिल्म फेस्टिवल 2024 के दौरान कार्यक्रम आयोजित**

हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 के दौरान जिला प्रशासन, वन विभाग और फिल्म जगत से आए कलाकारों ने रविवार को मंडी के सांस्कृतिक सदन परिसर में पौधरोपण किया। अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने देवदार जबकि मुख्य वन संरक्षक मंडी अजीत ठाकुर ने जामुन का पेड़ लगाया।

इस दौरान फिल्म जगत से आए बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा, यशपाल शर्मा व राजेश जैश व अन्य कलाकारों ने भी बान, अनार, भेड़ा, पाजा और जामुन के पौधे लगाए। पौधरोपण कार्यक्रम में लगाए गए पौधों का नामकरण हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई फिल्मों दरमियान, दि रैबिट हाऊस, वनरक्षक, ब्रीणा, कथाकार, दादा लखमी, प्रवास आदि के नाम पर किया गया।

इस दौरान रोहित राठौर ने वनों के महत्व, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका एवं सहयोग की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया। फिल्म जगत से आए कलाकार संजय मिश्रा, राजेश जैश, यशपाल शर्मा व नीरज सूद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विविधता और प्राकृतिक सुंदरता के कारण एक शानदार पर्यटन स्थल है, यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक यहां घूमने आते हैं। इस अवसर पर एडीसी मंडी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सहयोग व पौधरोपण के लिए वन विभाग व विभिन्न कलाकारों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)




संजय मिश्रा और राजेश जैस तथा (दाएं) एडीसी रोहित राठौर पौधरोपण करते हुए।

## विशेष बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा चलाए जा रहे स्पोर्ट्स सेंटर सहयोग स्कूल नागचला में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्पेशल बच्चों महिलाओं तथा पुरुषों के स्वास्थ्य जांच की गई प्रोफेसर अनुपमा सिंह प्रो. वाइस चांसलर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्पेशल ओलंपिक भारत चैप्टर मंडी के अध्यक्ष जगदीश राणा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस शिविर में लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर अमन, डॉ. सौरभ, डॉ. भारत शर्मा, डॉ. नेहा चौहान, डॉ. कृति, डॉ. पारस राम चौहान आदि उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त टीम ने उपस्थित जनों के दांतों की जांच करते हुए 25 लोगों का इलाज किया।

## भाजपा के खिलाफ प्रचार करेगी भाकपा

**गुलेरिया, मंडी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश की तीन सीटों पर 10 जुलाई को होने वाले उपचुनावों में भाजपा उम्मीदवारों के विरोध में प्रचार करने का ऐलान किया है। पार्टी के राज्य सचिव कामरेड भाग सिंह चौधरी, सह सचिव कामरेड प्रशांत मोहन तथा नरेश घई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बेरोजगारी तथा महंगाई जैसे मुद्दों से ध्यान हटाकर की राजनीति करती आई है, जिसे प्रदेश की जनता ने सिरे से नकार दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने नालागढ़, देहरा तथा हमीरपुर से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के उम्मीदवारों को समर्थन देने की बात कही है।

## हेल्थ इलेवन मंडी ने नामधारी स्पोर्ट्स टीम को किया पराजित



हेल्थ इलेवन मंडी टीम सामूहिक चित्र में।

**पुष्पराज, मंडी**

पडुल मैदान मंडी में हेल्थ इलेवन टीम और नामधारी स्पोर्ट टीम मंडी के बीच 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ।

टॉस नामधारी टीम ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नामधारी स्पोर्ट्स टीम के 13 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हेल्थ इलेवन की तरफ से दिनेश ने 20 रन व नरेश ने 15 रन बनाएं, एक विकेट से हेल्थ इलेवन टीम विजेता बनी।

नामधारी स्पोर्ट्स टीम की तरफ से गुजन ने तीन विकेट गुरदास ने 2 विकेट, टीलू ने एक विकेट लिया। दोनो टीमो का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। (अनंत ज्ञान)

## थूनाग गौशाला में तीन गौ की मृत्यु पर कि जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पशु अत्याचार निवारण समिति मंडी ने सराज की थूनाग गौशाला में तीन गाय की भूख से हुई मृत्यु पर कड़ा संज्ञान लिया है।

सीताराम वर्मा जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि भारत सरकार ने एसडीएम थुनाग ललित कुमार से मांग की है कि गौशाला में मृत्यु पाई गई तीन गौ की जांच करें और पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत नियम अनुसार कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना घटित न हो और जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि भारत सरकार ने कहा कि पशुओं को आजादी प्राप्त है।

## लीला मेमोरियल एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट सकोह हुआ पंजीकृत

**रितेश, सरकाघाट**

धर्मपुर किसान उत्पादक संघ-एफपीओ द्वारा सिद्धपुर ग्राम पंचायत के सकोह गांव में स्थापित किए गए लीला मेमोरियल एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट खाद्य सरंक्षा एवं मानक एक्ट 2006 के तहत 24 जून को पंजीकरण हो गया है, जिससे अब एफपीओ धर्मपुर द्वारा स्थापित इस प्रोसेसिंग यूनिट के उत्पाद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बिक्री होगी। ये जानकारी एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने दी।



लीला मेमोरियल एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट सकोह की महिलाएं।

उन्होंने बताया कि सकोह में स्थापित इस यूनिट के संचालन की जिम्मेदारी रजनी सकलानी और 9 अन्य महिला शेयर होल्डरों को दी गई है और खड्य पदार्थ विशेषज्ञ डॉक्टर हरदयाल सिंह गुलेरिया इसके ट्रेनर और गुणवत्ता नियंत्रक का कार्य देख रहे हैं जो पिछले चालीस वर्ष से खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए प्रशिक्षक का काम कर रहे हैं।

प्रोसेसिंग यूनिट की प्रभारी रजनी सकलानी ने बताया कि यहां पर सभी प्रकार के मौसमी फलों का आचार बनाने और मोटे अनाज के लड्डू और मिठाइयां बनाने का कार्य किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अलसू में सड़क किनारे खड़ा मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

गांव अलसू से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में चोरी का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दलीप कुमार(38) पुत्र जीत राम निवासी गांव असलू डाकघर डैहर ने थाना में एक शिकायत पत्र दिया है कि बीते 19 जून को उसने अपनी मोटरसाइकिल एचपी-31 डी-5289 को असलू गांव में सड़क के किनारे खड़ा किया हुआ था जो चोरी हो गया।

पीड़ित ने पुलिस थाना सुंदरनगर में शिकायत पत्र देकर मोटरसाइकिल चोरी होने को लेकर एफआईआर दर्ज करवाया है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पुलिस को गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अब सभी मामले नए आपराधिक कानूनों के तहत होंगे दर्ज

**पुष्पराज, मंडी।** हिमाचल में एक जुलाई से सभी मामले नए आपराधिक कानूनों के तहत दर्ज किए जाएंगे। इस परिवर्तन को लेकर मंडी जिला पुलिस पूरी तरह से तैयार हैं। यह जानकारी एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने दी है। जिले में विभाग के अधिकारियों को कानून के नए प्रावधानों और धाराओं के बारे में जागरूक किया गया है। इसके अलावा आमजन के लिए 1 जुलाई को जिले के हर पुलिस स्टेशन में नए आपराधिक कानूनों के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा।

## व्यय पर्यवेक्षक ने निर्वाचन व्यय लेखा समायोजन को लेकर की बैठक

**पुष्पराज, मंडी**

लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन व्यय लेखा समायोजन के लिए केंद्रीय व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेश झा ने उम्मीदवारों, उनके एजेंटों और संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रत्याशियों और उनके निर्वाचन व व्यय एजेंटों के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, तहसीलदार निर्वाचन राजेश शर्मा और मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी 17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक व्यय पर्यवेक्षक व लेखा अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में सभी 17 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले व्यय को जोड़कर अंतिम व्यय लेखा तैयार किया गया। एजेंटों को बताया कि तदनुसार अपने व्यय लेखा को संशोधित कर 3 जुलाई, 2024 या उससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी 2-मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को समस्त औपचारिकताओं सहित जमा करवा दें। (अनंत ज्ञान)

**सावधान** बस अड्डा मंडी में खुले में कूड़ा फेंकते हुए पाए गए तो होगा 500 रुपए का जुर्माना

# बस स्टैंड में तीन बार सफाई के बाद भी बिखरा कूड़ा

**पुष्पराज, मंडी**

शहर का बस अड्डा एक ऐसी जगह होती है जहां लोगों का लगातार आना जाना रहता है। साथ ही बहुत से बाहरी पर्यटक भी बस अड्डे से ही गुजरते है, लेकिन मंडी आईएसबीटी में आजकल सफाई व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही हैं। हर जगह डस्टबिन होने के बाद भी कई स्थानों में बहुत ही बुरे हालात है।

कूड़ा इस कदर बिखरा पड़ा है कि जैसे यहां पर सफाई ही नहीं की गई हो, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी की मंडी बस स्टैंड में तीन मर्तबा सफाई की जाती है जो कि सुबह, दोपहर और शाम को रूटीन में की जाती है और हर हफ्ते बस स्टैंड की फर्श को पानी से धोया भी जाता है। बावजूद इसके मंडी बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल हुआ पड़ा है। जिसमें बस स्टैंड में आने वाले यात्री कूड़ेदान का प्रयोग नही करते है और कूड़ा खुले में ही फेंक देते है जिससे बस स्टैंड साफ होने के बाद भी गंदगी से भर जाता है।

वहीं जब मामला अड्डा प्रभारी पवन गुलेरिया के ध्यान में लाया तो उन्होंने बताया कि बस स्टैंड में रोजाना 3 मर्तबा सफाई की जाती है लेकिन लोग इसके प्रति जागरूक नहीं है और हर जगह कूड़े दान की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा की बस अड्डे के कैमरों को अब दुरूस्त कर दिया गया है और इसकी अब लगातार पैरवी की जाएगी। जो भी खूले में कूड़ा फेंकते हुआ नजर आया उसे 500 रुपए का जुर्माना किया जाएगा।




बस स्टैंड में बिखरा कूड़ा और (इनसेट में) दीवार पर रखी शराब की बोतलें।

**बस अड्डे में सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी**

### बस स्टैंड के कोनों में और बस की आड़ में पीते हैं लोग शराब

**बस** स्टैंड के कोनों और बस बस और दीवार की आड़ में कईयों ने बस अड्डे को बार ही बना डाला है और बस स्टैंड में कोनो और दिवारों के पास दारू की बोतले पड़ी हुई पाई गई जोकि बहुत ही शर्मनाक बात है। कूड़ा नालियों में ही फेंक दिया गया है जिसके कारण नालियां लगातार ब्लॉक भी हो रही है।

# हिमाचल डेंटल कॉलेज में मनाया वार्षिकोत्सव

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह कॉलेज परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के वाइस चांसलर प्रो. ललित अवस्थी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने मेधावी छात्रों तथा खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल भी मौजूद रहे।

प्रिंसिपल डॉ. बलजीत सिंह ने कालेज की गतिविधियों व उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कालेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अशोक शर्मा, वाइस प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. साहिल ठक्कर सहित अन्य भी मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव के दौरान प्रस्तुति देते हुए छात्र व नीचे मौजूद मुख्यातिथि और अन्य।

वहीं कार्यक्रम में अविनाश तिवारी, अक्षिता शर्मा, इशिता राणा, हरमेहर मल्होत्रा, स्वाति चौधरी, विशाखा, निधि, अरुषी, इशिता, रितिका, सिद्धार्थ, रीता, कृतिका, अर्पण, पिंकी, गगन अजीत कौर, पल्लवी, अंकिता पटियाल, आदि को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. इंदू ठाकुर, डा. ऐश्वर्या, डा. मिश्चेल कौर, डा. विदुषी, डॉ. शाखा पठानिया, डा. महापारा, डॉ. आयुषी सिंगला, डा. बालकरण आदि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सीढ़ियों से गिरकर व्यक्ति की मौत

**अभिषेक कुमार, ऊना।** सदर थाना के तहत सनोली में 40 वर्षीय व्यक्ति की सीढ़ियों से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरमेश चंद पुत्र रामलोक निवासी सनोली के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि को हरमेश चंद निवासी सनोली मकान की सीढ़ियों से गिर गया। हादसे में घायल हरमेश चंद को परिजनों द्वारा बीबीएमबी अस्पताल नंगल में उपचार के लिए लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### मां ने लापता बेटे को ढूंढने की पुलिस से लगाई गुहार

**अभिषेक, कुमार ऊना।** जिला ऊना के नगर परिषद मैहतपुर के तहत वार्ड नंबर-4 का संजय कुमार (42) पिछले 5 दिनों से लापता है। संजय की मां ने मैहतपुर पुलिस के पास इसकी शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लापता की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका बेटा 26 जून को घर से बिना बताए कहीं चला गया था, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटा। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर ने सिरमौर को 9 विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** अंतर जिला टी|20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत हमीरपुर का मुकाबला सिरमौर के साथ बिलासपुर के ग्राउंड में खेला गया। सिरमौर की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 107 रन बनाए। रोहित कोलीश ने चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। अक्षीत कंवर ने 21 रन बनाए, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। साहिल कपलेश ने तीन, विनय गुलेटिया ने दो, रोहित और प्रिंस ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया, जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। हमीरपुर की टीम ने 10.2 ओवर में मैच जीत लिया। एकांत सेन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद अर्द्धशतक लगाया, और अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए, शुभम अरोड़ा ने 48 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### सोलन ने कांगड़ा को 17 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** अंतर जिला टी-20 प्रतियोगिता के तहत सोलन का मुकाबला कांगड़ा के साथ बिलासपुर के मैदान में खेला गया। सोलन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 167 रन बनाए। सोलन के बल्लेबाज शुभम नेगी ने 75 रन बनाए, अपनी पारी में 8 चौके और चार छक्के लगाए। प्रशांत चोपड़ा ने 33, प्रवीण ठाकुर ने 31 रन बनाए। कांगड़ा के गेंदबाज प्रबल प्रताप ने दो, साहिल कुमार, अपूर्व बलिया ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा की टीम 19.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 150 रन बना सकी, ऋत्विक ने 60 रन बनाए, अपनी पारी में 5 चौके और दो छक्के लगाए, शौर्य शरण ने 39, उज्जवल शर्मा ने 15, प्रबल प्रताप ने 10 रन बनाए। सोलन के गेंदबाज मोहम्मद सोहराब ने तीन, जोगिंद्र शर्मा ने दो, आशीष कुमार, पारस धार्मिक, राहुल और पवन कुमार ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। सोलन ने कांगड़ा को 17 रन से हराया। (अनंत ज्ञान)

### जीडीएच इंडस्ट्रीज में भरे जाएंगे हेल्पर के पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल द्वारा हेल्पर के 10 पद अधिूसचित किए गए है। इन पदों के साक्षात्कार 2 जुलाई को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं पास तथा आयु 18 से 30 वर्ष होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त हेल्पर पद के लिए प्रतिमाह 11 हज़ार रुपए वेतन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# पिस्टल दिखाकर जान से मारने की दी धमकी

## लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को करवाया शांत

**राजेश शर्मा, ऊना**



थाना टाहलीवाल के तहत दुलैहड़ में एक व्यक्ति को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरोली क्षेत्र में इससे पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

पुलिस को दी शिकायत में विशाल सिंह राणा निवासी दुलैहड़ ने बताया कि शनिवार रात्रि दुलैहड़ अस्पताल से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ दूरी पर दो गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी थी। जब गाड़ी चालक से पूछताछ की गई तो सुखजिंद्र उर्फ सुक्ख निवासी बडियारा ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं थोड़ी देर में गाड़ी से पिस्टल निकाल जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाया। इसी बीच सुखजिंद्र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बताना जरूरी है कि हरोली क्षेत्र ऐसे आपराधिक मामलों को लेकर चर्चित रहा है। एक युवा कांग्रेस नेता की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे पहले भी करीब 2 से 3 सालों में यहां गोलीकांड और ऐसे कई संगीन मामले सामने आते रहे हैं। अधिकांश मामले आपसी रंजिश के निकले हैं। इन मामलों में छानबीन भी हुई है और अधिकांश का हल भी निकला है। हरोली क्षेत्र पंजाब की सीमा के साथ सटा हुआ है, इसके चलते यहां आपराधिक गतिविधियां चली रहती हैं। हालांकि क्षेत्र में इन गतिविधियों को रोकने के लिए टाहलीवाल में अलग से पुलिस स्टेशन खोला गया है।

डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की असली वजह क्या है यह पता किया जा रहा है। आरोपी को काबू करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# बंगाणा की ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों ने की सफाई



स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा एकत्रित करते हुए जनप्रतिनिधि।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

विकास खंड अधिकारी बंगाणा सुभाष अत्री की अध्यक्षता में अलग-अलग ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान व अन्य पदाधिकारी ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, युवक मंडल, महिला मंडल और समस्त ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के सहयोग से ग्राम पंचायतों में एक व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जमा कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक आदि को हटाना है, ताकि आगामी मानसून के दौरान नालियों में रुकावट न हो और जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

खंड विकास अधिकारी का कहना है कि 15 जून को उपायुक्त की अध्यक्षता में जो बैठक हुई थी, उसकी अनुपालना करते हुए आज अलग-अलग ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया गया और कूड़े को एकत्रित दूर फेंका गया। इसके अलावा कुएं-बावड़ियों की महिलाओं ने सफाई की और गांव पड़े प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# शारीरिक शिक्षक को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित



शिक्षक बीरबल सिंह को सम्मानित करते प्रधानाचार्य तथा स्कूल स्टाफ।

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर**

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर से बतौर 30 वर्ष शारीरिक शिक्षा की बेहतरीन सेवाएं देने के लिए स्कूल प्रबंधन ने शारीरिक शिक्षक बीरबल सिंह को सम्मानित किया। हाल ही में बीरबल मुबारिकपुर स्कूल से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा व स्टाफ ने बीरबल को समृद्धि चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बीरबल बच्चों को पूरी मेहनत और लगन से खेलों के प्रति प्रेरित करते थे जिस कारण स्कूली बच्चों ने विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं में गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भुट्टो ने कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

## बोले-प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम समाज में अच्छा करने के लिए करता है प्रेरित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुनते पूर्व विधायक भुट्टो, साथ हैं अन्य।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यालय बंगाणा में पूर्व विधायक एवं कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता दविंद्र कुमार भुट्टो ने दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात सुनने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त भी इन्होंने मंडल के सभी मोर्चों और बूथ के कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम करने का आह्वान किया था।

उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम से ऐसा लगता है कि हम सभी प्रधानमंत्री के परिवार के एक सदस्य हैं, क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपने लोगों से ही अपने मन की बात करता है। हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले है जो पूरे देश को अपना परिवार समझते हैं और काम के इतने बोझ और व्यस्तता के बीच भी पूरे देश से जुड़ते हैं और अपनी बात साझा करते हैं।

भुट्टो ने कहा कि मोदी कि मन की बात दिल को छू लेने वाले वाक्यों को प्रेरित करती है।

भुट्टो ने कार्यक्रम के बाद भुट्टो ने कुटलैहड़ की राजनीति पर चर्चा भी की। इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, राज्य भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, पूर्व उपप्रधान सुशील रिंकू, राजेंद्र ठाकुर श्याम डोगरा, भूषण शर्मा, विशन, सुभाष, अशोक कुमार, राजेश, चंद्र प्रधान, दीपू, महेंद्र सिंह, अभय राणा, प्रविंद्र कुमार, अजय राणा, अमनदीप, अरुण मनकोटिया, पंडित सुरेश, सुरेश ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# वॉलीबाल में राजकीय कन्या स्कूल की छात्राओं का दबदबा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



अंडर-19 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

आनी के श्बाड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला श्वाड़ में आयोजित छात्रा वर्ग तीन दिवसीय अंडर-19 खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं मुंडदल पंचायत के प्रधान हेतराम भारती ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ पंचायत सदस्या तारा देवी विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहीं।

इस मौके पर प्रधानाचार्य खेमचंद जंबाल ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को टोपी, बैच व मफलर पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अपने स्वागत भाषण में खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए. स्कूल स्टाफ व एसएमसी सहित सभी स्कूलों के अधिकारियों व अन्य सहयोगियों का आभार जताया।

खेलकूद प्रतियोगिता के खंड प्रभारी डीपीई सुशील कुमार ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिताओं में खंड आनी के 17 स्कूलों की 251 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्राओं ने अपनी अपनी टीम से वॉलीबाल. खो-खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा मार्च पास्ट आदि प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया और खेल का उम्दा प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता रही टीमों को बधाई दी।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थी का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें परस्पर आगे बढ़ने की भावना जागृत होती है। उन्होंने इस खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पंचायत की ओर से 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता में विजेता रहीं टीमों को पुरस्कार से नवाजा।

अध्यापक राकेश शर्मा ने बताया कि तीन दिनों तक चली इस खेल प्रतियोगिता में जो खेलें करवाई गईं, उनमें बॉलीबाल के मुकाबले में राजकीय कन्या जमा दो स्कूल की टीम ने जमा दो स्कूल शिल्ही जांजा टीम को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि कबड्डी के रोचक मुकाबले में भी राजकीय कन्या जमा दो स्कूल आनी की छात्राओं ने पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट जमा दो विद्यालय आनी की टीम को हराकर जीत दर्ज की।

वहीं खो-खो में जमा दो स्कूल खनाग प्रथम और कन्या जमा दो विद्यालय आनी द्वितीय रहा। इसी प्रकार बैडमिंटन मुकाबले में जमा दो स्कूल तांदी ने बाजी मारी, जबकि इस खेल में जमा दो स्कूल दलाश द्वितीय रहा। वहीं, मार्च पास्ट प्रतियोगिता में भी कन्या जमा दो स्कूल आनी ने बाजी मारी, जबकि प्रतियोगिता में बेहतर अनुशासन के लिए मेजबान विद्यालय श्बाड को नबाजा गया। इस खेल प्रतियोगिता में राजकीय कन्या जमा दो विद्यालय आनी ओवरऑल विजेता रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्थानीय स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर लोक संस्कृति की खूब अनुपम छटा बिखेरी। खेल प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रीय गान और खेल ध्वज उतारकर हुआ।

इस मौके पर मुख्यातिथि प्रधान हेत राम भारती, पंचायत सदस्या तारा देवी, प्रधानाचार्य खेम चंद जम्वाल, एसएमसी अध्यक्ष तिलक गौतम, खेल प्रभारी सुशील आजाद, पीईटी प्रारंभिक चमन लाल, शिक्षक राकेश शर्मा, संजय कुमार, महेश ठाकुर. सीमा. सुभाष कायथ. सूबे राम शर्मा. देवी सिंह.हेम राज.संजय कुमार तथा प्रेमचंद सहित विभिन्न स्कूलों के ओएसडी शिक्षक और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

# वाटिका में पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



नंगल जरियालां में पौधरोपण के बाद उपस्थित लोग।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

गर्मी से घबराकर चिंतित होने से अच्छा है कि ऐसी परिस्थितियों से निकलने के लिए कुछ धरातल पहल की जाए, जिससे आमजनमानस पर्यावरण बचाव को लेकर संवेदनशील बन सके। उसे करने के लिए मिलकर आगे आना चाहिए। ऐसा ही निरंतर प्रयास गगरेट क्षेत्र में कुछ बुद्धिजीवियों ने मैदान में उतरकर विगत 7 जून से 'एक स्कूल एक पौधा, एक गांव एक पौधा' के रूप में अभियान शुरू किया है।

बता दें कि इस संयुक्त अभियान में प्रेस क्लब दौलतपुर, सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गोंदपुर बनेहड़ा दिव्यांशी शिक्षा समिति सामाजिक संस्था, सागर ब्लड वेलफेयर संस्था के संयुक्त अभियान से तेजी पकड़ता जा रहा है। रविवार को नंगल जरियालां की वाटिका में पंचायत प्रधान सीमा भारद्वाज व उपप्रधान कैप्टन सुशील कुमार जरियाल द्वारा अभियान में शामिल होकर एक पौधा नीम, अर्जुन व वोटल ब्रश लगाकर पर्यावरण सरंक्षण में अभियान को आगे बढाया। इस अवसर पर प्रेस क्लब व सहयोगी संस्थाओं के सुखविंद्र सिंह, सूर्यांश पंडित, राजेंद्र पंडित आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




**मेहनत** खेतीबाड़ी व पशुपालन को बनाया आर्थिकी का अहम जरिया, प्रतिवर्ष कमा रहे हैं 6 से 8 लाख रुपए

# कृषि व पशुपालन से आर्थिकी को सुदृढ़ बना रहे लोअर बढ़ेड़ा के रघुवीर

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले के लोअर बढ़ेड़ा निवासी 50 वर्षीय रघुवीर सिंह के लिए कृषि व पशुपालन आर्थिकी का अहम जरिया बना है। सीआरपीएफ में लगभग 22 वर्षों तक देश सेवा करने के उपरांत उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन को संभाला तथा कृषि के साथ-साथ पशुपालन को भी आर्थिकी का आधार बनाया है। वर्ष 2016 में सीआरपीएफ से सेवानिवृत्ति लेने के उपरांत पिछले लगभग 6 से 7 वर्षों के दौरान वह समय-समय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि व पशुपालन विकास योजनाओं के साथ जुड़ते हुए आज वह एक प्रगतिशील किसान की दिशा में आगे बढ़े हैं।

जब इस संबंध में रघुवीर से बात की तो उन्होंने बताया कि सबसे पहले वे कृषि विभाग की जाइका परियोजना से जुड़े तथा कृषि की नई तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही मिश्रित खेती की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाए। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में मिश्रित खेती कर रहे हैं, जिसमें मक्की, गेहूं, आलू, गन्ना के साथ-साथ विभिन्न तरह की सब्जियों का भी उत्पादन शामिल है।

उन्होंने बताया कि अन्य किसानों के साथ मक्की की अग्रिम तैयार होने वाली फसल को बीजा है। अग्रिम मक्की का बीजारोपण तीन चरणों में किया है, जिसमें पहला चरण मार्च, दूसरा अप्रैल तथा तीसरा मई में शामिल है। उन्होंने बताया कि पहले चरण की कटाई जून माह में की जा रही है, जबकि दूसरे चरण की कटाई जुलाई तथा तीसरा चरण अगस्त माह में पूरा होगा। उनका कहना है कि समय पूर्व मक्की तैयार होने से जहां बाजार में अच्छा दाम मिल रहा है तो वहीं उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि हुई है। (अनंत ज्ञान)



रघुवीर सिंह अपने खेत में फसल को देखते हुए।

### खेती की आधुनिक तकनीकों का कर रहे इस्तेमाल

**रघुवीर** का कहना है कि खेतीबाड़ी से उन्हें प्रति वर्ष औसतन लगभग 5 से 6 लाख रुपए की आय प्राप्त हो रही है। कृषि विभाग के माध्यम से उन्हें उन्नत खेती बारे प्रशिक्षण भी मिला है। इसके अलावा जाइका परियोजना के माध्यम से भी मिश्रित खेती बारे आवश्यक प्रशिक्षण हासिल किया है। साथ ही विभागीय अधिकारियों का भी समय-समय पर मार्गदर्शन मिलता रहता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**उपनिदेशक** कृषि ऊना कुलभूषण धीमान ने बताया कि जिला ऊना में मक्की की अग्रिम फसल के प्रति रुझान बढ़ रहा है तथा विभाग भी ऐसे किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर उन्हें तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि अग्रिम मक्की फसल के किसानों को होशियारपुर मंडी में विक्रय करके अच्छे दाम प्राप्त हो रहे हैं। ऊना के लोअर बढ़ेड़ा निवासी रघुवीर सिंह मक्की की अग्रिम फसल से अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

### पशुपालन भी आर्थिकी को दे रहा मजबूती

**उन्होंने** बताया कि वे कृषि के साथ-साथ पशुपालन भी कर रहे हैं। उन्होंने गाय व भैंसें भी पाल रखी हैं। जिनसे प्राप्त होने वाले दुग्ध उत्पादों से भी उन्हें औसतन प्रतिवर्ष 2 से अढ़ाई लाख रुपए की आमदन हो रही है। इसके अलावा पशुओं के गोबर से वह प्राकृतिक खाद भी तैयार कर रहे हैं। रासायनिक खाद ज्यादा प्राकृतिक खाद फसलों के लिए अच्छी है। उन्होंने जिला व प्रदेश के शिक्षित युवाओं से भी कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए इससे जुड़ने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विजय बने लॉयन क्लब सोलन वैली के प्रधान



**आर मोहन चौहान, सोलन।** लॉयन क्लब सोलन वैली लिवेस्टिक ईयर 2023-24 का जनरल हाउस धर्मपुर में आयोजित किया गया। इसमें नए वर्ष 2024-25 लिवेस्टिक ईयर की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें विजय वर्मा को प्रधान, एडवोकेट कुंदन चंदेल को सचिव और साहिल सूरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### चौगान मैदान आज से 31 अगस्त तक रहेगा बंद

**एसपी जैरथ, नाहन।** नगर परिषद नाहन के प्रवक्ता ने जनाकरी दी नाहन स्थित चौगान मैदान को आज से 31 अगस्त तक पूर्णतया बंद किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि बरसात के कारण चौगान मैदान को नुकसान से बचाने के लिए दो माह के लिए खेलकूद व अन्य गतिविधियों के लिए पूर्णतया बंद किया जाएगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैदान खुला रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल में मनाया अभिभावक दिवस

**शीला कौल, बंजार।** नगर पंचायत बंजार के अंतर्गत आने वाला ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल बंजार के प्रांगण में अभिभावक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अध्यापक अभिभावक तथा बच्चों ने बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि भोपाल सिंह टाइगर, अधीक्षक नेशनल डायरेक्टर ऑफ ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया, एक्टर डायरेक्टर प्रोड्यूसर ऑफ हिमाचल फिल्म गेस्ट ऑफ ऑनर टीआर जोशी और विशेषातिथि खूब राम कुल्लवी, अध्यक्ष राजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज वंदे मातरम तथा सरस्वती वंदना सरस्वती पूजन करने के पश्चात आरंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पहली बार इस तरह से मनाया जा रहा है कि जिसमें अभिभावक अध्यापक और छात्र एक मंच पर आकर कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित सभी अध्यापकों और अभिभावकों को कहा कि सभी अभिभावक अपने अपने बच्चों की सही तरीके से समीक्षा करते रहे कि बच्चा क्या कर रहा है। (अनंत ज्ञान)


# पानी की समस्या : सोलन आने से कतराने लगे मेहमान

## शौचालय में साफ-सफाई नहीं होने से बीमारियों का खतरा, प्रशासन से कई बार किया आग्रह, समाधन नहीं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सिस्टम की खामियों के चलते सोलन शहर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है, अब तो पानी आवंटन में भी भेदभाव होने लगा है। शहर में लोगों को छह दिन बाद भी पानी नसीब नहीं हो रहा है और घरों में पीने का पानी नहीं है।

शौचालय में साफ-सफाई न होने और गंदगी फैलने से शहर में भयंकर बीमारियां, महामारी फैल सकती है। सोलन के वरिष्ठ नागरिक भी अब पानी की समस्या से तंग आ चुके हैं। सीनियर सिटीजन फोरम के मुताबिक पेयजल समस्या को लेकर नगर प्रशासन से कई बार आग्रह करते रहे हैं, पर कोई समाधान नहीं और पानी वितरण की कोई मॉनीटरिंग नहीं हो रहीं है। इतना ही नहीं अब इस समस्या के कारण मेहमान सोलन आने से इंकार करने लगे हैं, जो कि अति शर्मनाक और सोलन शहर की सुंदर छवि दिन पर दिन खराब होती जा रही है। शहर वासियों को इस ग्रस्त गंभीर समस्या से कब निजात मिलेगी, सबके मन में यह प्रश्न चिन्ह है। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

### शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल

जानकारी के मुताबिक जल शक्ति विभाग की गिरि और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी नहीं मिलने से नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पानी की राशनिंग की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन पानी की आपूर्ति जा रही है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरा करना मुश्किल हो चुका है। लोगों को वाटर टैंकर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### लोगों में विभाग के खिलाफ रोष

नगर निगम सोलन और जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली के चलते लोगों में हाहाकार मची है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को 6 से 7 दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इससे लोगों में दोनों विभाग के खिलाफ रोष है। उपभोक्ताओं की शिकायतों से तंग आकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने फोन उठाना बंद कर दिया है। ऐसे में शहर की करीब एक लाख आबादी को प्यास बुझाने में पसीने छूट रहे हैं। वहीं लोग अब स्थानीय विधायक कर्नल धनीराम शांडिल की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाने लगे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि जब विधायक मेयर चुनाव में अपना वोट डाल सकते हैं, तो उन्हें भी जनप्रतिनिधि होने के नाते नगर निगम और जल शक्ति विभाग की जवाबदेही तय करनी चाहिए। बता दें की शांडिल के मार्गदर्शन में कांग्रेस ने निगम चुनाव में लोगों को सस्ता पानी देने का वादा किया था। लोगों को सस्ता पानी तो दूर पीने योग्य पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है।

## अर्की कॉलेज में ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रघुवंशी, अर्की।** सत्र 2024-25 के लिए राजकीय महाविद्यालय अर्की में बीए , बीएससी, बीकॉम, बीसीए, पीजीडीसीए एवं एमए इतिहास एवं अंग्रेजी प्रथम, तृतीय एवं पांचवें सत्र के लिए ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज यानी एक जुलाई से आरंभ हो रही है।

कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता शर्मा ने अभिभावकों एवं छात्रों को सूचित करते हुए कहा है कि ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया में तकनीकी खराबी होने के कारण विद्यार्थी सुगमता से फॉर्म नहीं भर पा रहे थे इसलिए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी ऑफलाइन मोड में प्रवेश प्राप्त करने के लिए अर्की कॉलेज के कार्यालय से आज से प्रातः दस से सायं पांच बजे तक एडमिशन फॉर्म प्राप्त करके भरें तथा अन्य विद्यार्थियों को भी सूचित करें। वर्तमान समय में कॉलेज के सभी संकायों में पर्याप्त टीचिंग स्टाफ उपलब्ध है, जो सदैव विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए कार्य करने के लिए तत्पर रहता है। (अनंत ज्ञान)

# राज्यपाल ने पारिस्थितिकी तंत्र के विकास संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर दिया बल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने समाज के सभी वर्गों से वृक्षरोपण अभियान का हिस्सा बनने और पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने में अपना सहयोग देने की अपील की है।

वह सोलन के निकट शमलेच में सभ्या रि-फोरेस्टर्स सोसायटी द्वारा आयोजित नौवें वार्षिक वृक्षरोपण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि वन हमारे ग्रह के फेफड़े हैं जो हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और विविध पारिस्थितिकी तंत्र को सहारा प्रदान करते हैं। वृक्षरोपण पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षरोपण अभियान शुरू करना समय की मांग है। शास्त्रों के अनुसार एक



सोलन में पौधरोपण के दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

पेड़ दस पुत्रों के समान होता है। शुक्ल ने कहा कि समाज को वृक्षरोपण के लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करने की जरूरत है, जिसके लिए जागरूकता पैदा करना और सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने की जिम्मेदारी साझा करनी चाहिए और पर्यावरण संरक्षण और वृक्षरोपण अभियान का हिस्सा बनना चाहिए।

पहाड़ी राज्य होने के बावजूद हिमाचल में जलवायु परिस्थितियों में तेजी से हो रहे बदलावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने राज्य के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में वनों की कटाई इसका एक मुख्य कारण है। शुक्ल ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों, विशेषकर विभिन्न विश्वविद्यालयों और स्कूलों के विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सोसायटी की ओर से इस वर्ष 1000 पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# राजगढ़ में 24 घंटे मिलेगा पेयजल

## छह करोड़ रुपए से बनने वाली योजना को समय से पहले तैयारी में जुटा जलशक्ति विभाग

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

राजगढ़ शहर में अब लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पडेगा और शहर में 24 घंटे लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा, जिसके लिए जल शक्ति विभाग द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।

विभाग ने शहर के लिए भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से प्रारंभ की गई शहरी सुधार के कायाकल्प के लिए अटल मिशन के तहत छह करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। यह योजना तय समय अवधि से पहले ही बन कर तैयार हो जाएगी। इस पेयजल योजना के कार्य को पूरा करने की निर्धारित तिथि मार्च 2026 है। मगर यहां तैनात अधिशाषी अभियंता के नेतृत्व में कुशल प्रबंधन के चलते यह

### दल आज दोपहर बाद पहुंचेगा राजगढ़

अधिशाषी अभियंता डॉ. मनदीप गुप्ता ने बताया कि इस दल में चैत्रा देवूर, सहायक सलाहकार, मुग्धा गुप्ता व अरिंदादास राष्ट्रीय राज्य समन्वयक शामिल रहेंगे। दल आज सोमवार एक जुलाई को दोपहर बाद राजगढ़ पहुंचेगा और रात्रि को शिमला रवाना हो जाएगा। दो जुलाई को वह रामपुर व ठियोग का दौरा करेंगे और तीन जुलाई को शिमला में जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ शिमला में बैठक करेंगे। अधिशाषी अभियंता डॉ. मनदीप गुप्ता तीन जुलाई को योजना की पावर प्रेजेंटेशन सबके समक्ष रखेंगे। इस मिशन के तहत प्रदेश करीब एक दर्जन योजनाएं निर्माणाधीन हैं, लेकिन राजगढ़ में होने के कारण विभाग ने दल को यहां निरीक्षण को भेजा है।

### गर्मियों के मौसम में तीसरे दिन की जाती है पेयजल आपूर्ति

समय से काफी पहले पूर्ण हो जाएगी। इसके पूरा हो जाने पर राजगढ़ शहर में सातों दिन, चौबीसों घंटे पेयजल उपलब्ध रहेगा। वर्तमान में गर्मियों के मौसम में शहर में तीसरे दिन पेयजल आपूर्ति की जाती है। इस योजना के निर्माण के बाद शहर में लोगों को पूरे सप्ताह 24 घंटे पेयजल मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस योजना के कार्य की प्रगति के निरीक्षण के लिए भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य पर्यावरण और इंजीनियरिंग संगठन का दल एक जुलाई को राजगढ़ का दौरा करेगा। (अनंत ज्ञान)

# नवगांव में 35 महिलाओं को दिया सिलाई का प्रशिक्षण



महिला दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद महिलाएं व अन्य।

**आशीष, दाड़लाघाट**

नवगांव पंचायत में युको आरसेटी सोलन की ओर से आयोजित 30 दिवसीय महिला दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने भाग लिया। जिन्हें नई तकनीक से सिलाई तथा उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षित किया गया। युको आरसेटी की निदेशक मीनू बारिया ने बताया कि युको आरसेटी जिला सोलन के युवक व युवतियों को स्वरोजगारी बनाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के समापन समारोह मे पंचायत प्रधान नवगांव कृष्ण देव गौतम व पंचायत सचिव प्रताप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# विश्व धरोहर रेल लाइन बन रहा कूड़ादान

## कूड़ा फेंकने वालों पर नहीं हो रही कार्रवाई, पर्यटक हो जाते हैं निराश

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन की लापरवाही से विश्व धरोहर रेल लाइन कूड़ा दान बनता जा रहा है। निगम के वार्ड-13 और 14 से होकर गुजर रही रेलवे के दाएं-बांए कूड़े के ढेर लगे हैं। ऐसे में रेल मार्ग से प्रदेश में आ रहे पर्यटक भी विश्व धरोहर की हालत देख निराश हो जाते हैं।

हैरानी की बात है कि निगम प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। न ही आज तक कूड़ा फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई, जबकि शहर में जागरूकता के लिए हजारों रुपए खर्च कर जुर्माना लगाने के



सोलन के कलीन क्षेत्र में रेल लाइन के आसपास फेंका गया कूड़ा।

होर्डिंग लगाए गए हैं। नगर निगम की डिप्टी मेयर मीरा आनंद भी इसी वार्ड से आती हैं।

वार्ड में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाया जा रहा है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर विश्व धरोहर पर कूड़ा कोन फैला रहा है। विश्व धरोहर होने के बावजूद रेलवे भी रेल लाइन के आसपास फैली गंदगी को लेकर संजीदा नहीं है। वहीं, शहर में सफाई का जिम्मा संभाले नगर निगम भी विश्व धरोहर रेल लाइन की नियमित सफाई नहीं करता है। ऐसे रेल लाइन से सफर करने वाले देश-विदेश के पर्यटक भी गंदगी देख निराश हो जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कूड़ा फेंकने की आ रही शिकायतें : मीरा

सोलन नगर निगम की कार्यकारी मेयर और वार्ड 13 की पार्षद मीरा का कहना है कि वार्ड से होकर जाती रेल लाइन के आसपास बड़ी मात्रा में कूड़ा फेंकने की शिकायतें आ रही हैं। वार्ड में घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों को कूड़ा वाहन तक पहुंचाने के निर्देश हैं। यदि कोई रेलवे ट्रैक के आपपास कूड़ा फेंकता हुआ पाया गया, तो उसका चालान काटा जाएगा।

## तीन दिवसीय बिशु मेला सरी संपन्न

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** पझोता उपतहसील के रासू मांदर क्षेत्र के साथ लगती पंचायत सरी देवठी में लगने वाला तीन दिवसीय बिशु मेला सरी संपन्न हो गया है।

यह मेला क्षेत्र के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज के नाम पर लगता है और शिरगुल महाराज की पांरपरिक पूजा के साथ ही मेले का शुभारंभ होता है। इस मेले का मुख्य आकर्षण क्षेत्र का पारंपरिक तीन कमान का खेल ठोडा रहा, जिसमें पाशी ठोड़ा दल रापटा बंधु जौडना व शाठी ठोडा दल रजाणा ठियोग ने भाग लिया। इन दोनों ठोडा दलों ने मेले में ठोडा खेल का शानदार प्रदर्शन किया। इस मेले में तीन विधानसभा क्षेत्रों ठियोग चौपाल व पच्छाद क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 4,128 महिलाएं लाभान्वित

# एक करोड़ 85 लाख 76 हजार रुपए हुए व्यय

**एसपी जैरथ, नाहन**

हमारे समाज में नारी को आदिकाल से ही विशिष्ट स्थान प्राप्त है और आज के समय में महिलाएं विकास की समय में बराबर की भागीदारी हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण को विशेष अधिमान दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप महिला सशक्तिकरण में हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य बनकर उभरा है।

प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए आरंभ की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना हिमाचल की महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में जिला कल्याण कार्यालय के माध्यम से इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। सिरमौर में अब तक 4 हजार 128 प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए हैं और इन्हें तीन माह की एक मुश्त किश्त दी जा चुकी है, जिस पर अब तक एक करोड़ 85 लाख 76 हजार रुपए व्यय किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजगढ़ में 255 पात्र महिलाएं हुईं लाभान्वित

नाहन तहसील में 770 पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का लाभ मिल चुका है, जबकि पांवटा साहिब में 1595 महिलाओं, पच्छाद में 196 महिलाओं, शिलाई में 844 महिलाओं को, श्री रेणुकाजी में 468 महिलाओं और राजगढ़ में 255 पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। इस योजना के तहत अब तक नाहन में 34 लाख 65 हजार रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है व पांवटा साहिब में 71 लाख 77 हजार 500 रुपए, पच्छाद में 8 लाख 82 हजार रुपए, शिलाई में 37 लाख 98 हजार रुपए, श्री रेणुकाजी में 21 लाख 6 हजार रुपए और राजगढ़ में 11 लाख 47 हजार 500 रुपए पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए व्यय किए जा चुके हैं। महिलाओं को सशक्त करने के प्रयास में हिमाचल की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त कर स्वस्थ समाज का निर्माण कर रही है।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

**आशीष, दाड़लाघाट**

रौड़ी पंचायत के गांव रौड़ी में एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें बैडमिंटन व वॉलीबाल प्रतियोगिता मुख्य खेल रहे।

इस दौरान अंबुजा फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी व पंचायत प्रधान रौड़ी रीना शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इससे पहले रौडी गांव में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की ओर से खेल सामग्री दी गई। रौड़ी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कार्यक्रम प्रबंधक एसीएफ भूपेंद्र गांधी, पंचायत सदस्य मदन शर्मा व हरदेव



रौड़ी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में पहुंचे खिलाड़ी।

शर्मा ने कहा कि खेलों के माध्यम से इस मुहिम के तहत जहां युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। वहीं, दूसरी और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस तरह के आयोजन निश्चित रूप से युवाओं को समाज से जोड़ने और नशे जैसी बुराई के खिलाफ कारगर साबित हो सकते हैं। इस अवसर पर अंबुजा सीमेंट के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी, पंचायत प्रधान रीना शर्मा, रौड़ी पंचायत के वार्ड सदस्य हरदेव शर्मा, मनु शर्मा, रवि, बॉबी आदि ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# राजगढ़ में बिजली कर्मियों को करंट से बचने के लिए दिया प्रशिक्षण

**रविदत्त, राजगढ़**

प्रदेश भर में आए दिन हो रहे बिजली करंट से हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बढ़ते हादसों को देखते हुए हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड सक्रिय हो गया है। बिजली बोर्ड अब इन हादसों को रोकने के लिए कर्मियों को विषेश प्रशिक्षण दे रहा है।

इसी कड़ी में राजगढ़ में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता आदर्श ठाकुर की अध्यक्षता में राजगढ़ में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ई. सुमित चौधरी एसडीओ धौलाकुआं ने उपस्थित बिजली कर्मियों को बिजली करंट से बचने के बारे में प्रशिक्षित किया। सुमित चौधरी ने बिजली कर्मियों को बताया कि आजकल आसमानी बिजली व बरसात के चलते कई जगह बिजली करंट का खतरा रहता है। ऐसे में बिजली के करंट से बचने बारे उन्होंने बिजली कर्मियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। सहायक अभियंता आदर्श ने बताया कि बिजली कर्मियों को बताया गया कि वह बिजली -संपर्क कार्य करते समय उचित सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। एचटी, एलटी लाइन पर काम करते समय उपकरणों की उचित अर्थिंग सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

# विकासात्मक योजनाओं के निर्णय लेने में डेटा की अहम भूमिका : गौरव महाजन

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सांख्यिकी विभाग नाहन की ओर से उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक आयुक्त गौरव महाजन ने की।

उन्होंने भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की ओर से सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का विषय निर्णय लेने में डेटा का उपयोग है। अर्थव्यवस्था के संचालन एवं राष्ट्र



राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता सहायक आयुक्त।

हित में नीति निर्माण के लिए डेटा का बहुत अधिक महत्व है और विभिन्न संस्थाओं द्वारा डेटा एकत्रित करने, उसका विश्लेषण करने और डेटा के आधार पर निर्णय लेने के लिए बहुत अधिक निवेश किया जा रहा है। राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर भी योजनाओं व नीतियों के निर्माण के लिए सही आकड़ों की अहम भूमिका रहती है, जिनके आधार पर निष्पक्ष निर्णय लिए जाते है। उन्होंने सांख्यिकी डेटा के संग्रह, संकलन और विश्लेषण के लिए मजबूत प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। डेटा विश्वसनीय और वास्तविक समय का होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**कैंप** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मिशन शक्ति कैंप आयोजित, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के संदर्भ में दी जानकारी

# बैंक अकाउंट आधार से लिंक करने के लिए लाभार्थियों को समझाया

**एसपी जैरथ, नाहन**

बाल विकास परियोजना अधिकारी पांवटा साहिब में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिन एक्टिविटी कैलेंडर के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग/कैंप का आयोजन किया गया।

मिशन शक्ति के तहत प्रायोजित योजनाओं वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के संदर्भ में एकदिवसीय जागरूकता शिविर के




एक्टिविटी कैलेंडर के तहत कैपेसिटी बिल्डिंग/कैंप में हिस्सा लेती महिलाएं।

दौरान कर्मचारियों की ओर से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान वन स्टॉप सेंटर काउंसलर रविता चौहान की ओर से घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं की सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर में अल्पकालिक आश्रय, मनोसामाजिक परामर्श, विधिक परामर्श, पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा, विधिक सहायता आदि आवश्यकतानुसार उपलब्ध करवाई जाती हैं, ताकि वे लाभान्वित हो सकें। काउंसलर की ओर से महिला हेल्पलाइन नंबर 181 व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 के बारे में जानकारी दी गई व कहा गया कि हिंसा से प्रभावित महिलाएं व बालिकाएं आपात्कालीन व गैर-आपात्कालीन परिस्थियों में सहायता के लिए दिए गए नंबरों पर कॉल कर सकती हैं व उनकी सुरक्षा एवं सम्म्मान को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा की गई शिकायत व दी गई जानकारी को पूर्ण तरीके से गोपनीय रखा जाता है। प्रियंका अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत चल रहे स्पेशल ड्राइव की जानकारी सहित जिन लाभार्थियों के बैंक अकाउंट आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें जल्द आधार लिंक करने के लिए लाभार्थियों को समझाया गया, ताकि समय से स्कीम का लाभ मिल सके। इसके अलावा बाल संरक्षण परियोजना अधिकारी गीता सिंगटा ने सभी का धन्यवाद किया व दी गई जानकारी से लाभान्वित होने के लिए सभी महिलाओं को प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट में विशेषज्ञ चिकित्सक भरने की मांग

**आशीष, दाड़लाघाट**

ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति अर्की ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट में विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा समस्त जांच करने वाली मशीनरी को शीघ्र उपलब्ध करवाने का सरकार से आग्रह किया।

सरकार द्वारा नवनिर्मित व बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य केंद्र दाड़लाघाट में स्वास्थ्य अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों को तैनात कर 30 बिस्तर वाले इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य संबंधी सेवा आरंभ होने पर उपचार की सुविधा मिलेगी, जबकि पहले क्षेत्र की जनता को उपचार के लिए शिमला, अर्की, बिलासपुर और सोलन जाना पड़ता था। ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग अर्की के अध्यक्ष राकेश चौहान, महासचिव (संगठन) ओम प्रकाश भाटिया, उपाध्यक्ष गंगा राम आदि कार्यकारिणी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल व स्थानीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी का आभार जताते हुए विशेष आग्रह किया कि स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की लगभग 40 से अधिक पंचायतों की जनता की सुविधा के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और सभी तरह की जांच करने वाली मशीनरी और संबंधित सामग्री भी शीघ्र उपलब्ध करवाएं। (अनंत ज्ञान)

